डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की प्रकाशित, सोमवार 01.05.2023 से 07.05.2023 | वर्ष-40 | अंक-05 | पेज-8 | ₹ 10.00

गांवों की सामाजिक, आर्थिक और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री की मंशानुरूप किसानों की आय दोगुना करने का काम मध्यप्रदेश की धरती पर हुआ पूरा - मुख्यमंत्री

गांव-गरीब का जीवन आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें पंचायती राज संस्थाएं प्रभावी तरीके से जमीन पर उतार रही हैं। मध्यप्रदेश के विकास से जुड़ी 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है। यह परियोजनाएं प्रदेशवासियों का जीवन आसान बनाने में मददगार होंगी। साथ ही रोज़गार सृजन के नए अवसर भी निर्मित होंगे। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में मध्यप्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कर बेहतरीन कार्य किया है। मध्यप्रदेश की 50 लाख से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश की नारी शक्ति को मैं बधाई देता हूं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के इस कार्यक्रम से देश के 30 लाख से ज्यादा पंचायत प्रतिनिधि जुड़े हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर है। हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और देश तथा लोकतंत्र के लिए समर्पित हैं। 'जन सेवा से राष्ट्र सेवा' ही हम सबका लक्ष्य है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ-साथ विशेष ग्राम सभाओं को संबोधित करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित समारोह में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करते हुये।

रीवा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए समर्पित भाव से निरंतर प्रयासरत हैं। विकसित भारत के लिए गांवों की सामाजिक, आर्थिक व्यवस्था में सुधार और पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है। हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। देश में वर्ष 2014 के पहले पंचायतों के लिए मात्र 70 हजार करोड़ रुपये का वित्त आयोग का अनुदान था, जो हमारी सरकार के दौरान 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हुआ है। पंचायतों को सुदृढ़ करने की दिशा में पिछले 8 साल में 30 हजार से अधिक पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। पंचायतों तक ऑप्टिकल फायबर की कनेक्टिविटी का विस्तार करते हुए 2 लाख से अधिक गांवों में ऑप्टिकल फायबर का जाल बिछाया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि पंचायतों की मदद से गांव और शहरों के बीच की खाई को कम करने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। डिजिटल माध्यम से पंचायतों को स्मार्ट बनाया जा रहा है। अमृत सरोवरों के निर्माण में ड्रोन से सर्वे कराने के साथ निर्माण प्रक्रिया में अद्यतन तकनीक का उपयोग किया गया है। एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल पंचायतों को अधिक सशक्त और उनकी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनायेगा। आधुनिक तकनीक का लाभ प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में स्पष्टत: दिखाई दे रहा है। गांवों के आबादी क्षेत्र के ड्रोन टेक्नोलॉजी से हुए सर्वे और मानचित्रीकरण से सम्पत्ति के संबंध में बनने वाली विवाद की स्थितियां निर्मूल हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आधी से अधिक आबादी गांवों में रहती है। उनकी बेहतर व्यवस्था के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। हमारी सरकार ने वर्ष 2014 के बाद गांवों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उज्ज्वला योजना में रसोई गैस के 10 करोड़ 75 लाख से अधिक आवासों का निर्माण इसका स्पष्ट प्रमाण है। प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना से गांवों के लाखों घरों में बिजली पहुँची है। जल जीवन मिशन से देश के 9 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को घर में नल से जल मिल रहा है। इनमें से 60 लाख घर मध्यप्रदेश के हैं।

श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। इस योजना से मध्यप्रदेश के लगभग 90 लाख किसानों को 18 हजार 500 करोड़ रुपये मिले हैं। रीवा के किसानों को इस निधि से लगभग 500 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। एमएसपी बढ़ाने से गांवों में अतिरिक्त राशि पहुंच रही है। साथ ही गांव में रहने वाले गरीब परिवारों को कोरोना काल से मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। गरीब कल्याण की इस योजना पर भी 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। गांवों में हो रहे इन कार्यों से रोज़गार के अवसर सृजित हो रहे हैं। गांव के युवाओं को स्व-रोज़गार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संचालित मुद्रा योजना में 24 लाख करोड़ रुपये की मदद दी गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती हमारी माँ है और माँ को मारने का हक किसी को नहीं है। खेती में बढ़ते रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के उपयोग ने धरती के लिए संकटपूर्ण स्थिति निर्मित कर दी है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को धरती की सेहत सुधारने के लिए कृत-संकल्पित होना होगा। हम प्राकृतिक खेती अपना कर और लोगों को यह पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित कर अपना योगदान दे सकते हैं। पंचायतें प्राकृतिक खेती पर केंद्रित जनजागरण अभियान चलाएं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बढ़ रहा है आगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देशवासियों के दिल में बसते हैं। उनकी मन की बात, देशवासी सुनते भी हैं और आत्मसात भी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश बदल रहा है। विंध्य क्षेत्र में भी रोड कनेक्टिविटी और सिंचाई क्षेत्र के साथ ही सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। प्रधानमंत्री ने किसान की आय दोगुनी करने का वचन दिया था। प्रदेश में गेहूं, धान और सरसों का उपार्जन बढ़ा है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप किसानों की आय दोगुना करने का काम मध्यप्रदेश की धरती पर पूरा हुआ है। जल जीवन मिशन में ग्रामवासियों को घर में नल से जल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। विंध्य क्षेत्र को रेल कनेक्टिविटी के साथ नये एयरपोर्ट की सौगात भी मिल रही है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धरती को बचाने और पर्यावरण-संरक्षण के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। प्रदेशवासी पर्यावरण संरक्षण और धरती की सेहत में सुधार के लिए संकल्पित हों। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बिजली बचाने, पानी बचाने, पेड़ लगाने, प्राकृतिक खेती को अपनाने और स्वच्छता में योगदान देने का संकल्प दिलाया।

जल जीवन मिशन की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम में जल जीवन मिशन की लगभग 7,853 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रीवा जिले की 2319 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 1411 गांव में पानी पहुंचाने वाली रीवा बाणसागर परियोजना, रुपये 2153 करोड़ 12 लाख लागत की रीवा और सतना जिले के 295 गांव को लाभान्वित करने वाली सतना बाणसागर-2 परियोजना जल-प्रदाय योजना, 1641 करोड़ 52 लाख रुपये लागत की 677 गांव में पीने का पानी पहुंचाने वाली सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना, 951 करोड़ 18 लाख रुपये लागत की रीवा जिले के 630 गांव को लाभान्वित करने वाली टमस समूह नल-जल योजना और रुपये 788 करोड़ 63 लाख रुपये लागत की 323 गांव को लाभान्वित करने वाली गुलाब सागर समूह जल-प्रदाय योजना शामिल है।

रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ

रीवा, प्रधानमंत्री ने लगभग 2300 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। इनमें रीवा से इतवारी व्हाया छिन्दवाड़ा, छिन्दवाड़ा से नैनपुर और नैनपुर से छिन्दवाड़ा चलने वाली ट्रेन का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। साथ ही ग्वालियर रेलवे स्टेशन के 535 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

प्रधानमंत्री ने किया एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ

रीवा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशभर की पंचायतों के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का लघु फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय शुभारंभ किया। इस एकीकृत पोर्टल से पंचायतें सामान और सेवाओं की खरीद और उनका भुगतान डिजिटल तरीके से कर सकेंगी।

श्री मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के लिए समावेशी विकास थीम का भी शुभारंभ किया। लघु फिल्म से 'एकम समावेशी विकास' वेबसाइट और मोबाइल एप को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया। सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने 'विकास की ओर साझे कदम' अभियान का भी शुभारंभ किया। समावेशी विकास पर केंद्रित इस अभियान में अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश का 1 करोड़ 25 लाखवां स्वामित्व संपत्ति कार्ड सिंगरौली जिले की श्रीमती सीता साकेत तथा श्री सूरजलाल साकेत को प्रदान किया। इसमें गांव की आबादी भूमि और घरों के सर्वे तथा मानचित्रण के बाद भूमि स्वामियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक और अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश में प्रारंभ से ही अग्रणी है।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का दूसरा चरण 10 से 25 मई तक

भोपाल, शासकीय विभागों से आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और उनकी समस्याओं के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए प्रदेश में 10 से 25 मई तक मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का दूसरा चरण चलाया जायेगा।

अभियान के दो प्रमुख घटक

पहला घटक :- ऐसे सभी विभागों में, जो नागरिक सेवाओं से संबंधित हैं, यथा राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा ऊर्जा विभाग आदि के मैदानी कार्यालयों में लंबित आवेदनों का यथा संभव शत-प्रतिशत निराकरण करना है।

दूसरा घटक :- सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज वर्तमान में लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसके लिये सभी जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में नागरिक सेवाओं के प्रदाय से संबंधित लंबित सभी आवेदनों के निराकरण का अभियान चलाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जिलों एवं विकासखण्ड स्तर पर होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को भी सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी निराकरण इस अभियान अवधि में किया जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

22 अप्रैल

सरकार ने नये सिरे से लॉन्च की उड़ान सेवा

● केंद्र सरकार ने देश के छोटे एवं दूरस्थ शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने वाली उड़ान सेवा को नए सिरे से लॉन्च किया है। इस

योजना को पुरानी योजना के मुकाबले काफी आकर्षक बनाया गया है। इस योजना को उड़ान 5.0 नाम दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि अब उड़ान सेवा के तहत विमानन कंपनियों के लिए 600 किलोमीटर की दूरी की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। इसमें सिर्फ श्रेणी-दो और श्रेणी-तीन के रूटों पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि श्रेणी-दो रूटों पर विमानन कंपनियों को 20 से 80 सीटों की बिक्री सरकार की तरफ से तय दरों पर करनी होगी, जबकि श्रेणी-तीन रूटों पर इन सीटों की संख्या 80 से ज्यादा होगी। इस योजना के तहत सरकार विमानन कंपनियों को सब्सिडी देती है।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नई भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 का अनावरण किया है। इस नीति के अनुसार इसरो अभियान संबंधी अंतरिक्ष प्रणालियों के विनिर्माण की जगह आधुनिक प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान में ध्यान केंद्रित करेगा। नई भारतीय अंतरिक्ष नीति को केंद्र सरकार की सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल की समिति ने 6 अप्रैल को मंजूरी प्रदान की थी। नई भारतीय अंतरिक्ष नीति में गैर सरकारी संस्थाओं या निजी कंपनियों या स्टार्टअप को देश में और देश के बाहर रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट सिस्टम स्थापित करने और उन्हें संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

23 अप्रैल

भारत ने किया बीएमडी इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण

● भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल

परीक्षण किया है। यह परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने मिलकर ओडिशा के पास बंगाल की खाड़ी में किया। इस परीक्षण में बीएमडी इंटरसेप्टर मिसाइल को नौसेना के एक जहाज से दागा गया है। यह मिसाइल सिस्टम लंबी दूरी तक दुश्मन की ताकतवर मिसाइलों और एयरक्राफ्ट को मार गिराने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह तट से समुद्र आधारित अंत: वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण है, जो पूरी तरह सफल रहा है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इस मिसाइल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और नौसेना को बधाई दी और कहा कि इस परीक्षण से भारत बीएमडी नौसैनिक क्षमता वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है।

● अमेरिका इस वर्ष 10 लाख भारतीयों को वीजा जारी करेगा। इनमें एच-1 बी और एल वीजा शामिल हैं। यह जानकारी अमेरिका के दक्षिण मध्य एशिया के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने दी है। उन्होंने कहा कि बाइडेन सरकार जल्द ही वीजा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय आईटी पेशेवरों के बीच एच-1 बी वीजा की बहुत मांग है। यह गैर अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की नियुक्ति की अनुमति देता है। इसके अलावा भारत से बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शिक्षा हासिल करने के लिए अमेरिका जाते हैं।

24 अप्रैल

भारत और चीन के बीच हुई कोर कमांडर स्तर की वार्ता

● भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव के बीच एक बार फिर कोर कमांडर स्तर की वार्ता हुई। 18वें दौर की वार्ता के लिए पूर्वी लद्दाख सेक्टर के चुशुल-मोल्डो में दोनों देशों के कोर कमांडरों की बैठक हुई। बैठक में तीन वर्ष से जारी सैन्य टकराव खत्म करने और बातचीत के जरिए मुद्दे सुलझाने पर चर्चा की गई। बातचीत के दौरान भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग के शेष विवादित मसलों को जल्द से जल्द सुलझाने पर जोर दिया गया। यह बैठक लगभग चार महीने के अंतराल के बाद हुई है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच कोर कमांडर स्तर की वार्ता 20 दिसंबर 2022 को हुई थी।

● यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के दौरान अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों द्वारा बनाये जा रहे दबाव के बीच रूस ने साफ कर दिया है कि जी-7 देशों ने उस पर संपूर्ण निर्यात प्रतिबंध लगाया तो वह संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले खाद्यान्न निर्यात समझौते से हट जाएगा। रूस के इस कदम से विश्व में एक बार फिर खाद्यान्न संकट गहरा सकता है। रूस और यूक्रेन विश्व का 35 प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न निर्यात करते हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ने के बाद संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में एक समझौता किया गया था। इस समझौते के तहत रूस ने काला सागर में यूक्रेन के जहाजों को खाद्यान्न ले जाने की अनुमति प्रदान की है।

25 अप्रैल

हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल लॉन्च

● हथकरघा बुनकरों और हस्तशिल्प कारीगरों के उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार ने एक ई-कॉमर्स पोर्टल तैयार किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा कपड़ा मंत्री श्री पीयूष गोयल ने इस पोर्टल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि इस वर्चुअल स्टोर के माध्यम से बुनकरों और कारीगरों को बिचौलियों की मदद के बिना अपने उत्पाद बेच सकेंगे। इस ई-पोर्टल का लाभ देशभर के 35 लाख से अधिक हथकरघा बुनकरों और 27 लाख से अधिक हस्तशिल्प कारीगरों को मिलेगा। इस पोर्टल पर बेचे जाने वाले उत्पाद पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ सामाग्री का उपयोग करके बनाए गए हैं।

● ऑस्ट्रेलिया ने अपनी राष्ट्रीय रक्षा रणनीति रिव्यू जारी की है। इस रणनीति में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के साथ रक्षा सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस रणनीति में भारत को जापान के समकक्ष रखते हुए कहा है कि हमें दुनिया की प्रमुख शक्तियों के साथ अपने संबंधों का विस्तार करना होगा और क्षेत्रीय ढांचे को मजबूत बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत के साथ रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। रक्षा रणनीति रिव्यू में ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत को एक बड़ी चुनौती माना है, साथ ही कहा कि वह चीन के साथ मतभेद से जुड़े मुद्दों पर बातचीत जारी रखेगा।

26 अप्रैल

ई-श्रम पोर्टल पर मिलेगा पेंशन योजनाओं का लाभ

● केंद्र सरकार ने ई-श्रम पोर्टल का दायरा बढ़ाने का फैसला किया है। अब ई-श्रम पोर्टल के जरिए न केवल कामगारों की जानकारियां राज्य के साथ साझा की जा सकेंगी, बल्कि राज्यों की विभिन्न कौशल विकास और पेंशन योजना का लाभ भी इसी पोर्टल के जरिए श्रमिकों को मिल सकेगा। केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण को सरल बनाने के उद्देश्य से ई-श्रम पोर्टल में नई सुविधाओं का शुभारंभ किया। श्रम मंत्री ने कहा कि इस पोर्टल में नामांकन के तरीके को आसान बनाया जाएगा। इस पोर्टल में प्रवासी कामगारों के परिवार का विवरण भी दर्ज करने की सुविधा जोड़ी गई है। यह सुविधा उन प्रवासी कामगारों के बच्चों को शिक्षा और महिला केंद्रित योजनाओं का लाभ लेने में मदद करेगी जो पूरे परिवार के साथ दूसरे राज्य में रह रहे हैं।

● राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने पेरोल रिपोर्टिंग इन इंडिया : एन एम्प्लॉयमेंट पर्सपेक्टिव नामक रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार देश में सितम्बर 2017 से फरवरी 2023 तक 6.35 करोड़ नए लोग कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़े हैं। इस अवधि में 8.02 करोड़ नए लोग कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईसी) में पंजीबद्ध हुए हैं, वहीं नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) में नये जुड़ने वाले और योगदान देने वालों की संख्या 41.46 लाख रही है।

27 अप्रैल

देशभर में खोले जायेंगे 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज

● देश में जल्द ही 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किये जायेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इन नर्सिंग कॉलेजों को खोलने की मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने बताया कि इन कॉलेजों की स्थापना में

10 करोड़ रुपये के मान से कुल 1570 करोड़ रुपये व्यय होंगे। इन नर्सिंग कॉलेजों को अगले 24 महीनों में राष्ट्र को समर्पित कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा इस फैसले का उद्देश्य देश में नर्सिंग क्षेत्र के पेशेवरों की संख्या बढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण, वहनीय और समावेशी नर्सिंग शिक्षा प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिस राज्य में जितने मेडिकल कॉलेज होंगे, उतने ही नर्सिंग कॉलेज भी होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेडिकल डिवाइस पॉलिसी को भी स्वीकृति प्रदान की है।

● दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के पुरातत्वविदों ने राजधानी लीमा के बाहरी इलाके कजमरक्विला में एक बेहद पुरानी ममी की खोज की है। यह ममी एक हजार वर्ष से ज्यादा पुरानी है और इंका काल या इंका सभ्यता से भी पहले की बताई जा रही है। पुरातत्वविद योमिरा हुआमैन के अनुसार अंडरग्राउंड मकबरे में कपड़ों में लिपटी मिली यह ममी संभवत: किशोर की है। ममी अच्छी तरह संरक्षित अवस्था में पाई गई है। पुरातत्वविदों के अनुसार कजमरक्विला इलाका पुरातात्विक स्थल है, यहां पहले भी ममी के अवशेष मिल चुके हैं।

28 अप्रैल

सीबीएसई ने सीटीईटी 2023 के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरू

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) जुलाई 2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीबीएसई ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर कहा कि सीटीईटी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख 26 मई है, वहीं फीस जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई है। जो उम्मीदवार सीटीईटी परीक्षा के जुलाई सत्र में शामिल होना चाहते हैं, वे सीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट www.ctet.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सीटीईटी परीक्षा की तारीखें बाद में घोषित की जायेंगी। परीक्षा का आयोजन

जुलाई से अगस्त माह के बीच किया जायेगा। सीबीएसई ने कहा कि उम्मीदवारों को परीक्षा शहर का आवंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा।

● सुप्रीम कोर्ट ने सभी जिला अदालतों को मुकदमों के सभी रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिम्मेदारी और जवाबदेही की एक मजबूत प्रणाली को विकसित किया जाना चाहिए, ताकि सभी रिकॉर्ड की उचित सुरक्षा और नियमित अपडेशन सुनिश्चित किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालयों के महापंजीयक यह सुनिश्चित करेंगे कि आपराधिक मुकदमों के साथ-साथ दीवानी मुकदमों के सभी मामलों में अभिलेखों का डिजिटलीकरण विधिवत् रूप से सभी जिला अदालतों में किया जाना चाहिए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com, वेबसाइट : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 18 01.05.2023 से 07.05.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राधवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सिविल सेवकों का मूल काम समाज सेवा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिविल सेवकों से कहा कि आपका जीवन सिर्फ अपने लिए नहीं अपनों के लिए होता है। जन-कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। आम जनता से जुड़े छोटे-छोटे कार्य, वास्तव में बड़े-बड़े कार्य होते हैं। सिविल सेवक इन कार्यों को समय पर पूरा करवा लें, यही सुशासन है। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के सभाकक्ष में सिविल सर्विस-डे के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मूल काम समाज सेवा है। हम जो भी कार्य करते हैं, आम नागरिकों के लिए ही होता है। सिविल सर्विस-डे का अर्थ यही है कि हम लोक सेवक हैं और देश की सेवा हमारा मुख्य उद्देश्य है। लोकतंत्र में जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा दिवस 2023 की थीम 'विकसित भारत, नागरिकों को सशक्त करना और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।' उन्होंने टीम मध्यप्रदेश को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि सबने मिलकर मध्यप्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टीम मध्यप्रदेश ने जुट कर कार्य किया है। मध्यप्रदेश में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन आया है। सिंचाई की क्षमता को हमने आश्चर्यजनक रूप से साढ़े 7 लाख हेक्टयर से बढ़ा कर 45 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा दिया है। इसे क्रॉस कर अब 65 लाख हेक्टेयर पर काम करेंगे। आज 4 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में बन चुकी हैं। किसी समय यह सिर्फ 7। हजार किलोमीटर हुआ करती थीं और टूटी-फूटी हालत में होती थीं। अब प्रदेश में शानदार सड़कें हैं। प्रदेश में ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत कार्य हुआ है। प्रदेश में अच्छे संसाधन हैं, इसलिए हम कार्य कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निर्माण विभाग भी सक्रिय रहे। मध्यप्रदेश की गिनती आज विकसित प्रांतों में है, मध्यप्रदेश बीमारू नहीं है। इसका श्रेय टीम मध्यप्रदेश के असाधारण परिश्रम को है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जन के बिना हमारा कार्य नहीं होता, हम हितग्राही तक पहुंच जाते हैं। प्रदेश में विकास यात्राएं जनकल्याण यात्राएं बन गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना की बात करें तो यह देखने को मिलता है कि काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। कृषि उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। अनाज के भंडार भरे हैं। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। देश की जीएसडीपी में मध्यप्रदेश का योगदान बढ़ा है। वर्ष 2005-06 में प्रदेश का बजट 25 हजार करोड़ रुपये होता था, वो बढ़ कर वर्ष 2012-13 में एक लाख करोड़, वर्ष 2020-21 में दो लाख करोड़ रुपये और इस बार 3 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है, यह आसान बात नहीं है। असाधारण उपलब्धि है। मध्यप्रदेश ने तुलनात्मक रूप से लम्बी छलांग लगाई है, जिसका श्रेय टीम मध्यप्रदेश को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनता और प्रशासन के बीच की दूरी समाप्त की गई है, जो सुशासन के प्रयासों से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से 83 लाख से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने में सफलता मिली। हमारे कार्यक्रम जनता के कार्यक्रम बन गए। जनता की निर्णयों में भी भागीदारी हो गई है। आगामी 10 से 25 मई तक समस्याओं के निराकरण के लिए पुन: अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवकों को यह चुनौती स्वीकार करना है कि नागरिकों को अपने कामों के लिए भटकना न पड़े। गांव और शहरों के वार्डों में शिविरों के माध्यम से समस्याएं हल की जाएं। सीएम हेल्पलाइन सहित सुशासन की दिशा में अनेक उपायों को लागू किया गया। जन सुनवाई, वन-डे गवर्नेंस और समाधान ऑनलाइन ऐसे ही उपाय हैं। इनको तकनीकी से जोड़ कर कार्यों के निपटारे के साथ सामने आने वाली विसंगतियों को भी दूर करने पर ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन के क्षेत्र में निरंतर कार्य हुआ है। बुरहानपुर में हर घर जल पहुंचाने और गति शक्ति प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के कार्य हुए हैं। प्रदेश में अनेक नवाचार भी प्रशासनिक स्तर पर हुए हैं। अधिकांश सिविल सेवक श्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जमीन पर उतारने का कार्य कुशलता से कर रहे हैं।

सबसे पुरानी आकाशगंगा का पता चला

समय-समय पर आकाशगंगा को लेकर अनेक बातें सामने आती रहती हैं। इस संबंध में अनवरत खोज भी जारी है। हाल ही में नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने अब तक की सबसे पुरानी आकाशगंगा की खोज की है। खगोलविदों के मुताबिक यह आकाशगंगा बिग बैंग के ठीक लगभग 32 करोड़ साल बाद बनी थी। उस समय ब्रह्मांड अपनी प्रारंभिक अवस्था में था। वेब टेलीस्कोप की ओर से की गई खोज खगोलविदों को ब्रह्मांड के अनसुलझे रहस्यों को सुलझाने में मददगार साबित होगी। वैज्ञानिकों ने इस आकाशगंगा को JADES-GS-z13-0 नाम दिया है, खगोलविदों ने इस आकाशगंगा के बारे में पता लगाने के लिये लगातार दो अध्ययन किये। इसमें बताया गया है कि यह अब तक देखी गई सबसे दूर की आकाशगंगाओं का विवरण देती हैं, इनके मुताबिक 13 अरब साल पहले हुए बिग बैंग के बाद यानी लगभग 30 से 50 करोड़ साल पहले आकाशगंगाओं का निर्माण हुआ था। इस बारे में एस्ट्रोफिजिक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ पेरिस ने जानकारी दी है कि जेम्स वेब टेलीस्कोप ने भी JADES-GS-z13-0 के अस्तित्व की पुष्टि की है। इसे हब्बल टेलीस्कोप द्वारा भी देखा गया था। जानकारी में बताया गया है कि इस आकाशगंगा का द्रव्यमान भी बहुत कम है। जानकारी के मुताबिक द्रव्यमान कम होने के बाद भी यह आकाशगंगा अपने अनुपात में तारा निर्माण करने में बहुत सक्रिय है। यहां सितारे समान दर से निर्मित हो रहे थे और उनकी गति भी तेज थी।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व श्रम दिवस | 1 मई

श्रम प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना के संकल्प का दिन

विश्व की कार्यशील जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा संगठित और असंगठित श्रमिकों का है और श्रमिक जिसे कामगार, मजदूर अथवा लेबर के नाम से जाना जाता है उनके श्रम को प्रतिष्ठापूर्ण स्थान दिलवाने के आह्वान के लिए और श्रम की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना के संकल्प के लिये विश्व के अधिकांश देशों में मई माह के पहले दिन-01 मई को - 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' या विश्व श्रम दिवस या विश्व श्रमिक दिवस के नाम से मनाया जाता है, जिसको 'मई दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1886 में शिकागो में उस समय हुई थी, जब मजदूर मांग कर रहे थे कि उनके काम की अवधि प्रतिदिन आठ घण्टे हो। इस मांग के समर्थन में मजदूरों ने हड़ताल भी की। हड़ताल के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने श्रमिकों की भीड़ में बम फोड़ दिया। प्रतिक्रियास्वरूप पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें कुछ मजदूरों की मौत हो गई, साथ ही कुछ पुलिस अफसर भी मारे गए। इस हादसे पर वैश्विक स्तर पर गहन विमर्श हुआ और इसके बाद वर्ष 1889 में पेरिस में हुई एक अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया कि मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को वैश्विक समर्थन देने के लिए एक मई को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए।

व्यवस्था के बदलाव से नहीं घटी मई दिवस की प्रासंगिकता

समाजवादी और साम्यवादी शासन व्यवस्थाएं भी अपने मूल स्वरूप से भिन्न हो गई हैं और ऐसे में श्रमिकों के संघर्ष के प्रतीक 'मई दिवस' की प्रासंगिकता पर इन दिनों गहन विमर्श चल रहा है। सामाजिक और राजनैतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि विश्व के कई देशों में शासन व्यवस्थाओं के बदलाव के बाद भी 'मई दिवस' की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है और ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो सर्वहारा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए 'दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ' का जो नारा तब दिया गया था, वो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। विश्व में आज भी श्रमिकों के कई मुद्दे हैं। विश्व में मजदूरों को उनके जायज अधिकार दिलवाने के लिए मई दिवस की प्रासंगिकता पूर्ववत है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब सोवियत संघ संकट में था तब वहां यह नारा दिया गया कि मजदूर और समाजवाद अपनी-अपनी पैतृक भूमि को बचाएं। इसके बाद हम देखते हैं कि पश्चिमी देशों में कल्याणकारी राज्य आया और मई दिवस का पुनर्जागरण हुआ। औद्योगिक उत्पादन का तरीका बदल गया। औद्योगिक उत्पादन तंत्र का विस्तार पूरी दुनिया में हो गया। एक साथ काम करना और एक जगह काम करना महज एक सपना रह गया है। इस सबके बावजूद पहले मशीनीकरण का और अब रोबोट के उपयोग के विरुद्ध इस दिन आन्दोलन चलाकर विरोध दर्ज किया जाता है।

कामगारों के हक की लड़ाई का सहभागी है अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

अंतर्राष्ट्रीय आधारों पर मजदूरों तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) नियम बनाता है। यह संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट संस्था है। वर्ष 1969 में इसे विश्व शांति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों के अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन का गठन किया गया। यह एक ऐसी संस्था है, जो संयुक्त राष्ट्र से सम्बद्ध है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक मुद्दों को देखने के लिये स्थापित हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के एक सौ तिरानवे सदस्य राष्ट्र हैं, इसमें से लगभग एक सौ सत्यासी राष्ट्र इस संगठन के सदस्य हैं। विभिन्न वर्गों के बीच में शांति प्रचारित करने के लिये, मजदूरों के मुद्दों को देखने के लिये, राष्ट्र को विकसित बनाने के लिये, उन्हें तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये वर्ष 1969 में इस संगठन को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन मजदूर वर्ग के रूप में पहचाने जाने वाले लोगों के लिये अंतर्राष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की सभी शिकायतों को देखता है। इसके पास त्रिकोणीय संचालन संरचना है अर्थात् वह 'सरकार, नियोक्ता और मजदूर' का प्रतिनिधित्व करता है और सरकारी अंगों और सामाजिक सहयोगियों के बीच मुक्त और खुली चर्चा के लिये, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक कार्यालय के रूप में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन सचिवालय का कार्य करता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन के कार्यों में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलनों का आयोजन करना या कार्यक्रम आयोजित करना, मुख्य निदेशक को चुनना, मजदूरों के मामलों के बारे में सदस्य राष्ट्र के साथ व्यवहार करना, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक कार्यालय की कार्यवाही के संचालन की जिम्मेदारी के निर्वहन के साथ ही जांच कमीशन की नियुक्ति के बारे में योजना बनाने या फैसला लेना भी शामिल है।

श्रमिकों के बूते ही खड़ा है समर्थ औद्योगिक ढांचा

अर्थशास्त्र के आरम्भिक पाठ में ही यह सिखाया जाता है कि औद्योगिक उत्पादन के प्रभावी कारक होते हैं, मैन, मटैरियल, मशीनरी, मजदूर, कच्चा माल और मशीनें। सिर्फ उद्योग ही नहीं किसी भी समाज, देश और संस्था में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। किसी भी उद्योग में कामयाबी के लिए मालिक, धन, कामगार और सरकार अहम धड़े होते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कुशल श्रमिकों की कार्यक्षमता और कार्ययोजना की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आदर्श कार्यदशा पर ध्यान केंद्रित करने के लिये मई दिवस का आयोजन आरंभ किया गया। विभिन्न कारकों में से भी मजदूर को सबसे अहम कारक गिना जाता है और ऐसा कहा जाता है कि एक कुशल मजदूर एक समर्थ औद्योगिक ढांचे का सबसे जरूरी कारक है।

भारत में वर्ष 1923 से मनाया जा रहा है मई दिवस

भारत में 'मई दिवस' का आयोजन सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मनाना शुरू किया गया था। उस समय इसे मद्रास दिवस के नाम से भी जाना गया जिसे बाद में मजदूर दिवस भी कहा गया। इस आंदोलन की शुरुआत भारतीय मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने शुरू की थी। मद्रास के हाईकोर्ट के सामने बड़ा प्रदर्शन किया गया और एक संकल्प पारित करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। भारत समेत लगभग अस्सी मुल्कों में यह दिवस एक मई को मनाया जाता है। इसके पीछे तर्क है कि यह दिन अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के तौर पर प्रमाणित और प्रतिष्ठापित हो चुका है। इस दिन को श्रम संगठन केवल अपने वर्ग के कल्याण तक ही सीमित नहीं रखना चाहते हैं अपितु वे अपने वर्ग के कल्याण को देश, समाज और सकल विश्व के कल्याण का आधार निरूपित करना चाहते हैं।

श्रम सुधार पर केंद्रित होते हैं मई दिवस के कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर समूचे विश्व में विभिन्न स्तर पर सरकारी विभागों, विभिन्न उद्योगों और श्रम संगठन द्वारा 'मई दिवस' पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस आंदोलन के चलते ही दुनिया के मजदूरों के प्रतिदिन काम की अवधि आठ घण्टे तय की गई थी अत: इसी उपलब्धि के पुनर्स्मरण पर केंद्रित कार्यक्रमों का मुख्यत: आयोजन होता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इस दिन सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। कई देशों में मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं। भारत में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस को लेबर डे, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस, मई दिवस, कामगार दिन, इंटरनेशनल वर्कर डे अथवा वर्कर डे भी कहा जाता है। इसके अलावा श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी श्रमिकों को दी जाती हैं। सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस दिन उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले श्रमिकों और उनके परिजन को सम्मानित किया जाता है।

काम की अवधि न्यायसंगत हो यह सबके लिये जरूरी

एक मई को पूरी दुनिया विश्व मजदूर दिवस के रूप में मनाती है। इसका उद्देश्य दुनियाभर के मजदूरों और श्रमिकों को श्रमिकों की हक की लड़ाई के लिये किये गये अवदान और बलिदान के लिए याद किया जा सके। वर्ष 1886 में अमेरिका में मजदूरों का जो आंदोलन शुरू हुआ था इसके बाद यह तय किया गया कि हर मजदूर से प्रतिदिन केवल 8 घण्टे ही काम लिया जा सकेगा। दुनिया की एक तिहाई आबादी आज भी सप्ताह में अड़तालिस घण्टे से अधिक काम करती है। इस स्थिति में सुधार के यत्न जारी रहने चाहिए। श्रम के सन्दर्भ में काम की अवधि न्यायसंगत हो यह सबसे जरूरी है। विश्व में संख्यात्मक आधार पर मजदूरों की विपुल उपस्थिति से समाज, सरकार, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन और उनके अनुषांगिक संगठनों की मजदूरों के कल्याण के प्रति जवाबदेही और भी बढ़ जाती है और इसी से मई दिवस का आयोजन उन्हें इस दिशा में सक्रिय होने की प्रेरणा देता है। बदलते वक्त के साथ मजदूरों के सामने अपने रोजगार और अस्तित्व बचाने की नई-नई चुनौतियां भी आ रही हैं।

राजा दुबे

(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग अशोकनगर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/वर्ष 2023-24/का.यं./1384-85 **अशोकनगर, दिनांक : 20.04.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. धरोहर राशि 2 निविदा प्रपत्र की राशि
1.	2023_ PWDRB_ 269572_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत नगेड़ी से गरोली गुरूद्वारा व्हाया देहरदा मार्ग लंबाई 2.75 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	309.48	1. Rs. 3,09,480/- 2. Rs. 15,000/-
2.	2023_ PWDRB_ 269584_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत ग्राम सूरेल से आमखो सिद्ध स्थान तक मार्ग लंबाई 3.60कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	305.83	1. Rs. 3,05,830/- 2. Rs. 15,000/-
3.	2023_ PWDRB_ 269580_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत ग्राम खिरिया से बावरोद मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	292.52	1. 2,92,520/- 2. 15,000/-
4.	2023_ PWDRB_ 269570_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर से राजपुर मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	225.68	1. Rs. 2,25,680/- 2. Rs. 15,000/-
5.	2023_ PWDRB_ 269571_1	प्लान कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत ग्राम मसीदपुर से सालय मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	171.82	1. Rs. 1,71,820/- 2. Rs. 12,500/-
6.	2023_ PWDRB_ 269578_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत ग्राम बिजौरी से रिछा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	165.38	1. Rs. 1,65,380/- 2. Rs. 12,500/-
7.	2023_ PWDRB_ 269581_1	प्लान कार्य	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत सेमरखेड़ी किरोला रोड़ से फजलपुर मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	84.69	1. Rs. 84,690/- 2. Rs. 10,000/-
			Total :–		**1555.40**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन सबमिट करने की **अंतिम तिथि 15.05.2023 (17.30) बजे** निर्धारित है। निविदा दिनांक 17.05.2023 (12.00) बजे मुख्य अभियंता, उत्तर परिक्षेत्र, लो.नि.नि. ग्वालियर के कार्यालय में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-11927/48450/2023 **लो.नि.वि. संभाग अशोकनगर**

कार्यालय अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा (म.प्र.)
द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम

खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष - 07592-297001

E-mail : deangmcvidisha@gmail.com, Website : www.gmcvidisha.org

क्रमांक 1951/पैरामेडिकल/अ.वि.वा.शास.चिकि.महा.विदिशा/2023 **दिनांक : 21.04.2023**

विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2022-23

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा के अंतर्गत सत्र 2022-23 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) की परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं में फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी विषयों में प्राप्त अंकों की मैरिट (प्राविण्य सूची) के आधार पर दिए जायेंगे।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	विभाग का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट	अवधि	स्वीकृत सीट	आयु सीमा 31.12.2022
01	पैथोलॉजी	मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन	डिप्लोमा	02 वर्ष	20	17-45 वर्ष
02	रेडियोडायग्नोसिस	एक्स-रे (रेडियोग्राफर) टेक्नीशियन	डिप्लोमा	02 वर्ष	20	18-45 वर्ष
03	सर्जरी	ओ.टी. टेक्नीशियन (ऑपरेशन थिएटर)	डिप्लोमा	01 वर्ष	20	17-45 वर्ष
		कुल सीटों की संख्या			**60**	

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gmc.vidisha.org** पर दिनांक 27.04.2023 से उपलब्ध है। आवेदन पत्र अधिष्ठाता कार्यालय की आवक/जावक शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र मय संलग्नकों के एवं देय शुल्क राशि रुपये 500/- डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कर डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा नगद जमा की रसीद की मूल प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। डिमाण्ड ड्राफ्ट Dean, Government Medical College, Vidisha के नाम जो कि State Bank of India, Government medical college Vidisha Branch IFSC Code-SBIN0030075 में देय होगा। बैंक ड्राफ्ट या नगद जमा की रसीद की मूल प्रति संलग्न नहीं होने पर आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06.05.2023 शाम 4.00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है, समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोट :– यदि परिहार्य कारणों से काउंसलिंग की तिथियां परिवर्तित/स्थगित होती है तो उसकी सूचना वेबसाइट/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

प्रवेश समिति अध्यक्ष **अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

पैरामेडिकल पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 **अ.वि.वा.शा.चिकि. महाविद्यालय विदिशा (म.प्र.)**

जी-11960/48453/2023

कार्यालय, आयुक्त अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश
35-राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)-462001

Email - cscd.bhopal@mp.gov.in, Phone - 0755-2661949

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तिगत/सामूहिक स्पर्धाओं में भाग लेने वाले राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार एवं खिलाड़ियों को खेल उपकरण हेतु आर्थिक सहायता योजना संचालित है। योजनांतर्गत वर्ष 2022 में दिनांक 01.1.2022 से 31.12.2022 तक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान किया जाना है एवं दिनांक 01.1.2022 से 31.12.2022 तक राष्ट्रीय/राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाड़ियों को खेल उपकरण हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास आवेदन आमंत्रित करता है :–

(अ) योजनांतर्गत पात्रता की शर्तें एवं महत्वपूर्ण नियम-निर्देश तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.scdevelopmentmp.nic.in** से डाउनलोड करें तथा किसी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में दूरभाष नं. 9669702621 (शाखा प्रभारी अधिकारी) एवं 9713190484 (शाखा लिपिक) पर संपर्क करें।

(ब) आवेदक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक पत्र के माध्यम से अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र-एक एवं दो में तिथि 30 मई, 2023 के पूर्व कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल मध्यप्रदेश में जमा कर सकते हैं।

(स) आवेदन करने की **अंतिम तिथि 30 मई,** 2023 है। आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि वह समय सीमा में आवेदन करें, अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

संयुक्त संचालक

जी-11952/48452/2023 **अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश**

संचालनालय पुरातत्व
अभिलेखागार एवं संग्रहालय बाणगंगा मार्ग, भोपाल

क्रमांक :– 230/नि./2023 **भोपाल, दिनांक : 24.04.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये म.प्र. लो.नि.नि. की नवीन केन्द्रीयकृत पंजीकरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं पंजीयन के मापदण्ड योग्य प्रतिष्ठित संस्थाओं से ऑनलाइन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	कार्य का नाम	जिला	अनुमानित राशि रुपये	कार्यावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये
1.	कलंका बुर्ज मण्डला का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	मण्डला	रु. 33,28,432/- (रुपये तैतीस लाख अट्ठाईस हजार चार सौ बत्तीस मात्र)	03 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)
2.	पंचमठा मंदिर सिंहपुर जिला शहडोल का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	शहडोल	रु. 11,84,543/- (रुपये ग्यारह लाख चौरासी हजार पांच सौ तिरतालीस मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)
3.	गोसाई मंदिर धनसुआ जिला बालाघाट का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	बालाघाट	रु. 42,22,485/-(रुपये बयालीस लाख बाईस हजार चार सौ पिचासी मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)
4.	खंडहर गढ़ी बरदी जिला सतना का अनुरक्षण कार्य।	सतना	रु. 54,31,730/- (रुपये चौवन लाख इकतीस हजार सात सौ तीस मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)
5.	राज्य संरक्षित स्मारक जैनाबाद की सराय, बुरहानपुर का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	बुरहानपुर	रु. 34,27,143/- (रुपये चौतीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ तिरतालीस मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)
6.	शैलाश्रय इन्द्रगढ़ जिला मंदसौर का विकास कार्य।	मंदसौर	रु. 3,98,582/- (रुपये तीन लाख अट्ठानवे हजार पांच सौ बयासी मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)
7.	राज्य संरक्षित स्मारक बेगम मुमताज की कब्र, बुरहानपुर का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	बुरहानपुर	रु. 23,96,554/- (रुपये तेईस लाख छियानवे हजार पांच सौ चौवन मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)
8.	शिव मंदिर क्र.-2 बरूखेड़ा जिला नीमच का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	नीमच	रु. 7,25,926/- (रुपये सात लाख पच्चीस हजार नौ सो छब्बीस मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)
9.	गढ़ी जीरन जिला नीमच का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	नीमच	रु. 31,36,575/- (रुपये इकतीस लाख छत्तीस हजार पांच सौ पचहत्तर मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)
10.	राज्य संरक्षित स्मारक दौलत खाँ लोधी का मकबरा, बुरहानपुर का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	बुरहानपुर	रु. 51,64,088/- (रुपये इक्यावन लाख चौसठ हजार अठासी मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)
11.	राज्य संरक्षित स्मारक लक्ष्मीबाई की समाधि, ग्वालियर पर गार्डरूम एवं प्रसाधन का निर्माण कार्य।	ग्वालियर	रु. 7,06,861/- (रुपये सात लाख छः हजार आठ सौ इकसठ मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)
12.	राज्य संरक्षित स्मारक पिछोर का किला जिला शिवपुरी का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।	शिवपुरी	रु. 82,93,379/- (रुपये बयासी लाख तिरानवे हजार तीन सौ उनासी मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)
13.	राज्य संरक्षित स्मारक राम मंदिर मठियाकुई पनागर जिला जबलपुर का विकास कार्य।	जबलपुर	रु. 4,11,442/- (रुपये चार लाख ग्यारह हजार चार सौ बयालीस मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)
14.	संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल म.प्र. के अधीनस्थ संग्रहालयों में नवीन अग्निशामक यंत्रों को लगाना एवं पुराने अग्निशामक यंत्रों को भरने का कार्य।	संपूर्ण मध्यप्रदेश	रु. 20,10,800/- (रुपये बीस लाख दस हजार आठ सौ मात्र)	03 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)

नोट : (1) इच्छुक निविदाकर्ता **http://mptenders.gov.in** वेबसाइट पर विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना देख सकते हैं।

(2) निविदा प्रपत्र केवल दिनांक 25.04.2023 को प्रातः 12.30 बजे से दिनांक 09.05.2023 की सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं।

(3) निविदा आमंत्रण में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

उपसंचालक

जी-11937/48451/2023 **पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल**

DRAFT ADVERTISEMENT

JOB VACANCY

ARMY WELFARE PLACEMENT ORGANISATION

REGIONAL OFFICE, BHOPAL

C/O HQ PMP SUB AREA, SULTANIA INFANTRY LINES BHOPAL-462001

POSITION	MTS (DRIVER) CUM COMPUTER OPERATOR ON CONTRACT
OFFICE AND JOB LOCATION	AWPO, REGIONAL OFFICE, BHOPAL
SALARY	RS. 20000/- PER MONTH (FIXED COMPONENT - RS. 15000/- PAYABLE MONTHLY, PERFORMANCE COMPONENT RS. 5000/- PAYABLE QUARTERLY)
CONTRACT PERIOD	11 MONTHS AT A TIME, EXTENDABLE UPTO 65 YRS. OF AGE BASED ON PERFORMANCE
QR	EX-SERVICEMAN (ARMY) PBOR, AGE-LESS THAN 55 YRS. AS ON 01 APR. 23, HAVE KNOWLEDGE OF MS OFFICE, KNOWS COMPUTER ENGLISH TYPING (SPEED MIN 25 WORDS PER MINUTE), MUST BE IN POSSESSION OF A VALID CIVIL LIGHT VEH DRIVING LICENSE, BE MEDICALLY FIT (WILL SUBMIT MED FITNESS CERTIFICATE FROM GOVT. MED DOCTOR, WHILE JOINING ON SELECTION)
SELECTION PROCEDURE	THROUGH INTERVIEW AND PRACTICAL TESTS
APPLICATION FORM	DESIOROUS CANDIDATES CAN PHYSICALLY COLLECT THE APPLICATION FORMS FROM AWPO RO BHOPAL OFFICE OR OBTAIN THE SAME THROUGH E-MAIL BY SENDING REQUISITION ON E-MAIL - PC.BHOPAL@YAHOO.COM. LAST DATE FOR SUBMISSION OF FORMS AT AWPO RO BHOPAL OFFICE IS BY 1200 HRS ON **08 MAY 2023** **FOR ANY QUERY CONTACT TELE. 0755-2921800 OR MOB. - 9425334571** DURING OFFICE HRS.

R-48454/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ़ (म.प्र.)

PHONE No. 07683-242321, E-mail :- eepwdtikam@mp.nic.in

एनआईटी नं. - 03/2023-24/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **दिनांक : 20.04.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2023_ PWDRB_ 269758_1	पैकेज - 'ए' 1. श्यामपुरा से रेल्वे स्टेशन सरकनपुर रेल्वे स्टेशन मार्ग लं. 2.70 कि.मी. (पी.ए.सी. 152.99 लाख) 2. सुजानपुरा मार्ग से सरकनपुर रेल्वे स्टेशन मार्ग 2.20 कि.मी. (पी.ए.सी. 103.91 लाख) 3. इमलाना से लोधी मुहल्ला तक मार्ग लं. 1.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 67.64 लाख)	टीकमगढ़	324.54	324540/-	15000/-	08 माह वर्षाकाल सहित
2.	2023_ PWDRB_ 269760_1	पैकेज - 'बी' 1. बकपुरा रोड से सिलामती खेरा तक रोड़ लं. 2.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 138.96 लाख) 2. नन्हीटेहरी से लुडियाखेरा तक रोड़ लं. 2.90 कि.मी. (पी.ए.सी. 209.14 लाख)	टीकमगढ़	348.12	348120/-	15000/-	08 माह वर्षाकाल सहित
3.	2023_ PWDRB_ 269762_1	पैकेज - 'सी' 1. घुस्याना मुहल्ला दिगौड़ा से मउबुजुर्ग तक मार्ग लं. 4.30 कि.मी. (पी.ए.सी. 349.08 लाख) 2. कंचनपुरा से मोहनगढ़ गांव के अंदर से मोहनगढ़ बस स्टैण्ड तक मार्ग लं. 1.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 112.26 लाख)	टीकमगढ़	461.34	461340/-	15000/-	08 माह वर्षाकाल सहित
4.	2023_ PWDRB_ 269764_1	पैकेज - 'डी' 1. ग्राम ममौरा से ग्राम लहरगुवा तक मार्ग लं. 2.90 कि.मी. (पी.ए.सी. 209.09 लाख) 2. ग्राम सिमरा-जैरोन मुख्य मार्ग से वोडेरा, कटरयाना, परियनवारा होते हुए मिलावन खिरक तक मार्ग लं. 3.00 कि.मी. (पी.ए.सी. 181.45 लाख)	निवाड़ी	390.54	390540/-	15000/-	08 माह वर्षाकाल सहित
5.	2023_ PWDRB_ 269767_1	लगीवरिया चिकटा से चौमो तक मार्ग लं. 3.40 कि.मी. (पी.ए.सी. 223.03 लाख)	निवाड़ी	223.03	223030/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
		योग -		**1747.57**	**1747570/-**	**75000/-**	

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in**/पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 22.04.2023 समय 10.30 से **दिनांक 09.05.2023** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-12007/48455/2023 **लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ़**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैढ़न

जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/एन.एच.एम./निविदा/2023/148 **सिंगरौली, दिनांक : 24.04.2023**

संशोधन - प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना - 2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला सिंगरौली (म.प्र.) में संचालित जिला चिकित्सालय/सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आउटसोर्स के माध्यम से मैन पावर/सुरक्षा व्यवस्था/साफ-सफाई/मोबिलिटी सपोर्ट सुदृढ़ किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन क्रमांक जी-11539/23 दिनांक 16 अप्रैल 2023 को किया जा चुका है। उक्त निविदा में निम्नानुसार आवश्यक संशोधन किया जाता है विवरण इस प्रकार है -

निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। अन्य विवरण इस प्रकार रहेगा -

Published Date	22.04.2023 11.00	Bid Opening Date	17.05.2023 12.00
Document Download/ Sale Start Date	22.04.2023 11.00	Document Download/ Sale End Date	**15.05.2023** 17.00
Clarification Start Date	NA	Clarification End Date	NA
Bid Submission Start Date	22.04.2023 11.00	Bid Submission End Date	15.05.2023 17.00

नोट :– अन्य शर्तें एवं जानकारी विज्ञापन क्रमांक जी-11539/23 अनुसार यथावत रहेंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जी-12014/48456/2023 **जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल फोन - 0755-2463894

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदाएं पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन में सुरक्षा केबिन के ऊपर सिलिंग, रूफिंग का सुदृढ़ीकरण एवं टेन्साईल (फेब्रिक) स्ट्रक्चर लगाये जाने का कार्य।

एन.आई.टी. क्र.	1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय	निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय	(1) कार्य पूर्ण करने की अवधि (2) ठेकेदारों की श्रेणी (3) आमंत्रण क्र.
01/23-24 व.ले.लि. दि. 25.4.2023	1. ₹ 9,80,176/- 2. ₹ 19,604/-	(1) 04.05.2023 सायं 5.30 तक	₹ 2000/-	(1) 8.5.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 9.5.2023 अपरान्ह 3.00 बजे। (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 03 माह (2) केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली (3) प्रथम आमंत्रण।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. विधायक विश्रामगृह स्थित नवीन परिवारिक खण्ड क्र. 1, 2, (एन-1, एन-2) में वार्षिक मरम्मत कार्य।

02/23-24 व.ले.लि. दि. 25.4.2023	1. ₹ 9,90,000/- 2. ₹ 19,800/-	--तदैव--	₹ 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 03 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मापदंडों के अनुसार एक मॉडल संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। पाठ्यक्रमों की रचनाएं भी नीति के अनुसार की जाए। संस्थान के प्राध्यापक एनईपी को लेकर गठित राज्य टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ चर्चा करें।

डॉ. यादव की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की सामान्य परिषद की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा एनईपी के तहत तैयार संरचना को उच्च शिक्षा विभाग अन्य जिलों में एक मॉडल संस्थान की स्थापना के लिए लागू करेगा।

डॉ. यादव ने संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति थी। इसके लिए बजट में सीड मनी का प्रावधान किया गया। इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा नीति आयोग को वित्तीय सहायता के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। साधारण परिषद ने संस्थान के वर्ष 2023-24 के बजट का अनुमोदन किया। बजट में 8 करोड़ 89 लाख रुपये की आय और 8 करोड़ 88 लाख के व्यय का आकलन प्रस्तावित है।

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता ने कहा कि संस्थान में सभी स्नातक पाठ्यक्रम 4 वर्षीय ऑनर्स में परिवर्तित किये जाएं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने संस्थान में कलेक्टर दर पर वर्षों से कार्यरत 18 कर्मचारियों को स्थाई कर्मी बनाने और उन्हें परिवार के सदस्यों सहित मेडिक्लेम का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में कर्मचारी और उनके आश्रितजन को इलाज की सुविधाएं मिल सकेंगी। सभी कर्मचारियों को वर्ष 2016 से स्थाई कर्मी का लाभ दिए जाने के भी निर्देश दिया। डॉ. यादव ने कहा कि संस्थान परिसर में जंगली जानवर, टाइगर आदि के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंड्रीवाल की ऊंचाई 5 फीट से 8 फीट की जाये। विद्यार्थियों और परिसर में रह रहे कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टि से ही यह आवश्यक है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने पेटेंट प्राप्त करने और पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले पीएचडी शोधार्थियों को फीस में छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान से पीएचडी करने वालों विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने परिषद के सदस्यों के साथ संस्थान की पत्रिका 'एक्सेल एसेंस' का विमोचन किया।

राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

भोपाल, खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023 के राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। खेलवृत्ति के लिये अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को 31 मई तक अपने आवेदन जमा करना होंगे। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार, रजत पदक विजेता को 8 हजार तथा कांस्य पदक विजेता को 6 हजार रुपये की खेलवृत्ति का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिये आवेदन संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त किये जा सकते हैं। खेलवृत्ति के लिये निर्धारित दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केन्द्र, फीडर सेंटर, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेल छात्रावास में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी।

सफल सिद्ध हो रही चीता परियोजना - मुख्यमंत्री

भोपाल, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाकर मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान, श्योपुर में बसाए गए चीतों का व्यवहार सामान्य है और वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों द्वारा चीतों की निगरानी का कार्य 24 घंटे किया जा रहा है। चीता परियोजना सफल सिद्ध हो रही है। चार शावक भी जन्में हैं। चीता मित्रों सहित स्थानीय निवासी वन्य पर्यटन से आर्थिक रूप से लाभान्वित भी होने लगे हैं। राज्यवार बाघों की संख्या के आंकड़े जुलाई 2023 तक आने की संभावना है। यह जानकारी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुये दी।

बैठक में कूनो पालपुर में चीता परियोजना, माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की पुनर्स्थापना और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा स्थापना से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों में यातायात, संचार, ऊर्जा और पेयजल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए बोर्ड द्वारा आवश्यक स्वीकृति भी प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि नर्मदापुरम जिले में पचमढ़ी में सतपुड़ा अंचल के प्रमुख श्रद्धा स्थल चौरागढ़ तक रोप-वे की स्थापना के लिए पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस विषय पर संबंधित पक्षों पर विचार करने के बाद आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। महावत के पद भरने और उन्हें विद्यालयीन शिक्षा के बिना भी हुनरमंद और शिक्षित मानकर प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रावधान करने पर चर्चा हुई।

अखिल भारतीय बाघ गणना संबंधी जानकारी में बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गत 9 अप्रैल को कर्नाटक के मैसूर में अखिल भारतीय बाघ सह-परभक्षी गणना अनुमान 2022 का विमोचन किया है। इसके अनुसार मध्य भारत भू-भाग में बाघों की संख्या में सबसे ज्यादा वृद्धि की बात सामने आई है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत भी है कि मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2023

स्वच्छता के क्षेत्र में फिर से नम्बर-1 पर रहे मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

भोपाल, देश में स्वच्छता सर्वेक्षण फिर से प्रारंभ होगा। प्रदेश स्वच्छता में नम्बर-1 पर ही रहना चाहिए। प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नया रिकार्ड बनाया है। ऐसा ही कीर्तिमान फिर से कायम रखा जाये। स्वच्छता सर्वेक्षण की पूरी तैयारी कर ली जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की तैयारियों के संबंध में समस्त कमिश्नर एवं कलेक्टर्स से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता प्रदेश के लिए अति आवश्यक है। कमिश्नर-कलेक्टर जनता को साथ लेकर शहरों की रैंकिंग सुधारने में जुट जायें। लोगों में स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो। अपने शहर को सर्वश्रेष्ठ बनाने की कोशिश करें। शहरों को ओडीएफ बनाने के प्रयास हों। नगरीय निकायों को कचरा मुक्त कर स्टार रेटिंग दिलाने की कोशिश की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में 24X7 सफाई की सुविधाएं चाक-चौबंद रहें और कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी हों। स्थानीय जनप्रतिनिधि और युवाओं को स्वच्छता के कार्य में जोड़ें।

श्री चौहान ने कहा कि स्वच्छता के लिए 1 मई से जमीनी सर्वेक्षण प्रारंभ होगा। प्रदेश में 23 अप्रैल से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जायेगा। स्वच्छता के लिए मेहनत से जुटें और नवाचार भी करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुनः सीएम जनसेवा अभियान चलाया जाकर जनता की समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जायेगा।

मानव की तरह ही वन्य प्राणियों के जीवन की भी चिंता करने की जरूरत

मानव जीवन की सुरक्षा के लिए वन और वन्य प्राणियों को बचाएं

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वन प्राणियों की सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में वर्चुअली शामिल हुये।

मंडला, विकास की दौड़ में मानव का वन्य-प्राणियों से संघर्ष हो रहा है और वन क्षेत्र सिमटते जा रहे हैं। हमें प्रयास करना चाहिए कि मानव और वन्य प्राणियों में संघर्ष न हो। मानव की तरह ही वन्य प्राणियों के जीवन की भी चिंता करने की जरूरत है। जब तक वन्य प्राणियों को छेड़ा नहीं जाता है, वह हम पर हमला नहीं करते हैं। इस कार्यशाला में वन्य प्राणियों और मानव के बीच संघर्ष को कैसे कम किया जाए, इस पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी जिसके निष्कर्ष सामने आएंगे। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मंडला जिले के खटिया में अंतर्राष्ट्रीय वन्य प्राणी संरक्षण एवं वनों की सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला को जबलपुर से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है। देश के कुल वनों का 12 प्रतिशत वन क्षेत्र मध्यप्रदेश में आता है। मध्यप्रदेश वनों की सुरक्षा, संवर्धन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। इसके फलस्वरूप आज मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट, चीता स्टेट, तेंदुआ स्टेट और घड़ियाल स्टेट बन गया है। हमारे वन सुरक्षित रहेंगे, तो उसमें वन्य प्राणी भी सुरक्षित रहेंगे। इसी से मानव जीवन और हमारी भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए वन्य प्राणी और वनों की सुरक्षा एवं संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है।

श्री चौहान ने कहा कि इस कार्यशाला में वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जो कुछ भी नए विचार एवं सुझाव सामने आएंगे, उन पर अमल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह धरती केवल मनुष्यों के लिए नहीं है। इस धरती पर सभी प्राणियों को भी जीने का हक है। हमें जियो और जीने दो की भावना के साथ रहना होगा और वन्य प्राणियों की सुरक्षा करना होगी। हमारे प्राचीन ग्रंथों में वन्य प्राणियों को देवी-देवताओं का वाहन बनाया गया है। यह हमें वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संदेश देता है। हमारे देश की परंपरा रही है कि हम पेड़, पर्वत और नदियों की भी पूजा करते हैं। हमारे मन में हर प्राणी के लिए करुणा की भावना होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। मानव विकास के दबावों के बाद भी हम यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। आज मध्यप्रदेश में 6 टाइगर रिजर्व और 11 नेशनल पार्क हैं। वन्य प्राणी संरक्षण पर विशेष ध्यान देने से प्रदेश को चीता स्टेट का दर्जा मिला है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों को और चंबल के पार्क में घड़ियालों को स्थापित किया गया है। अब बांधवगढ़ में बाघवस को स्थापित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि वन्य-प्राणियों के संरक्षण के लिए पहले जब नेशनल पार्क एवं अभयारण बनाए गए, तो वहां के लोगों को विस्थापित करना बहुत कठिन काम था। यह काम इतना कठिन नहीं है। हमें वनों के ईको-सिस्टम को बचाने के लिए केवल सागौन के ही पौधे नहीं लगाना चाहिए, बल्कि 50 प्रतिशत पौधे वनोपज देने वाले लगाना चाहिए।

मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के उपयोग को मिल रहा बढ़ावा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के उपयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में अनेक सौर ऊर्जा परियोजनाएं संचालित हैं। इस क्रम में रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्मारक स्थल सांची नगर देश की प्रथम सोलर सिटी बनने जा रही है। परियोजना अंतर्गत सांची में विभिन्न कार्यों की पूर्णता लगभग पूरी हो गई है। आगामी माह में देश की प्रथम सोलर सिटी के रूप में सांची का नाम जाना जाएगा। यह मध्यप्रदेश की विशेष उपलब्धि होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने अच्छी प्रगति की है। जहां मध्यप्रदेश बिजली उत्पादन और आपूर्ति में आत्मनिर्भर बना है, वहीं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों ने देश का ध्यान आकर्षित किया है। सोलर सिटी सांची मध्यप्रदेश को इस क्षेत्र में नई पहचान दिलवाएगी। श्री चौहान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्पतालों के उन्नयन, स्वास्थ्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा करते हुये।

कार्यकर्ताओं को समय पर मानदेय भुगतान, स्वास्थ्य समितियों की नियमित बैठकों और मातृ एवं नवजात शिशु मृत्यु दर को वर्तमान स्थिति से कम करने के लिए निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नीट में शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रक्रिया पूर्ण करने और मंजूर किए गए नवीन मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि-पूजन की तिथियां निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि के भुगतान और छात्रावासों में आवश्यक सुविधाओं पर नजर रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं द्वारा आवेदन के कार्य को पूरा करने नवीन आंगनवाड़ी केंद्र खोलने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीएम राइज विद्यालयों से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संस्थाओं के उन्नयन से जुड़े कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

कम लिंगानुपात वाले जिलों में निगरानी रखें - स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, जन्म के समय कम लिंगानुपात दर्शाने वाले जिलों में निगरानी रखें। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के अंतर्गत राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड की बैठक में कही।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य हुआ है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन में भी अच्छा कार्य हुआ है। जन्म के समय लिंगानुपात की स्थिति में सुधार हुआ है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएसए) की रिपोर्ट में वर्ष 2015-16 में एक हजार बालक पर 927 बालिकाओं के विरुद्ध वर्ष 2019-20 में एक हजार बालक के विरुद्ध 956 बालिकाओं का जन्म हुआ है।

डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में लिंग चयन गतिविधियों के प्रतिषेध के लिये मुखबिर योजना को जनसमुदाय तक पहुंचाने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। लिंग चयन एवं लिंग आधारित गर्भपात के दुष्प्रभाव और गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के संबंध में जानकारी देने के लिये महाविद्यालयीन छात्राओं को ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में चयनित किया जाने का निर्णय लिया गया था। समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने में ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में छात्राओं को जिम्मेदारी देने के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। बोर्ड ने इसे एक अच्छी और अनुकरणीय पहल माना है।

डॉ. चौधरी ने कहा कि जन्म के समय लिंगानुपात में सर्वाधिक कमी दर्शाने वाले दतिया, सतना, ग्वालियर, रायसेन, सीधी, बुरहानपुर, सीहोर, गुना, देवास, सिंगरौली, पन्ना, हरदा और बड़वानी जिलों में पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों के संचालकों, जिला समुचित प्राधिकारियों और पीसीपीएनडीटी नोडल ऑफिसर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य स्तरीय समीक्षा की जाये। पीसीपीएनडीटी अधिनियम की संबद्धता गर्भ का चिकित्सीय समापन (एमटीपी) अधिनियम को ध्यान में रखते हुए गर्भपात करने वाली औषधियों के विक्रय पर निगरानी रखने के लिये औषधि निरीक्षकों को निर्देशित करने का निर्णय भी लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सिंचाई परियोजनाओं के कार्य में विलम्ब बर्दाश्त नहीं होगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नर्मदा घाटी विकास विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, नर्मदा घाटी विकास विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं का कार्य जल्द पूरा कर लोकार्पण की तैयारी की जाए। कार्य में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। परियोजनाओं का कार्य पूर्ण करने में विलम्ब न हो। समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। निर्माण एजेन्सियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए जाएं। परियोजनाओं का कार्य मिल-जुल कर समय पर पूरा करें। प्रदेश की यह महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, जो जनता की जिंदगी और कल्याण से जुड़ी हुई हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में नर्मदा घाटी विकास विभाग की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदनावर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना को गंभीरता से पूरा करने की कोशिश करें। उन्होंने परियोजना के कार्य में विलम्ब होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। श्री चौहान ने संतोष व्यक्त किया कि सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य समय पर चल रहा है। नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देश्यीय परियोजना का जून में लोकार्पण कराया जाए। परियोजनाओं के संबंध में कलेक्टर खरगोन और देवास से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इंदिरा सागर परियोजना काली सिंध सूक्ष्म उद्वहन परियोजना के प्रथम चरण का कार्य 25 सितम्बर तक पूरा किया जाए। कुक्षी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं पाटी उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य तेजी से पूरा करें। लगभग पूर्ण नागल वाड़ी उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग कर ली जाए।

श्री चौहान ने बलकवाड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना (फेज-1) के कार्य में 3 वर्ष की देरी होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी कल्पतरू पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड को 30 जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिपरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बिस्टान उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना और भीकनगांव बिन्जलवाड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य तेजी से पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जावर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, खालवा उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्य को देखने भी गया था। इस परियोजना के कार्य में विलम्ब न हो। उन्होंने निर्माण एजेंसी शापूर जी पालोन जी-पीसी-एपीएल (जेव्ही) मुम्बई को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि शीघ्रता से कार्य नहीं हुआ तो ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही होगी।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

सीएम राइज विद्यालयों के लिये 2847 करोड़ 63 लाख रुपये स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रिपरिषद ने स्कूल शिक्षा के प्रस्ताव और परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा अनुसार प्रदेश में 70 सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों के लिये अनुमानित लागत 2847 करोड़ 63 लाख रुपये से निर्माण किये जाने का निर्णय लिया। प्रदेश में सी.एम. राइज योजना के प्रथम चरण में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 275 विद्यालय विकसित किये जा रहे हैं। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-

- मंत्रिपरिषद द्वारा पन्ना जिले की रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना लागत राशि 513 करोड़ 72 लाख रुपये, सैच्य क्षेत्र 14 हजार 450 हेक्टेयर की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के 47 ग्रामों के 14 हजार 450 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना लागत राशि 693 करोड़ 64 लाख रुपये सैच्य क्षेत्र 13 हजार 60 हेक्टेयर रबी की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के 38 ग्रामों के 13 हजार 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद ने देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक प्रतिष्ठान इन्दौर को ग्राम कस्बा इन्दौर में 1.215 हेक्टेयर भूमि का निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेश 31 मार्च 2023 का अनुसमर्थन किया। नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि के धारकों के धारणाधिकार संबंधी मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना में नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर काबिज व्यक्तियों की पट्टा हेतु पात्रता अवधि (अधिभोग की तिथि) में वृद्धि कर 31 दिसम्बर, 2014 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर, 2020 की जायेे। नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि में धारकों के धारणाधिकार संबंधी विभागीय परिपत्र दिनांक 24 सितम्बर, 2020 की प्रक्रिया एवं उपबंधों का अनुसरण करते हुए ऐसे अधिभोगी जो 31 जुलाई, 2023 तक सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करते हैं तो उन पात्र अधिभोगियों को नियमानुसार प्रब्याज्य एवं भू-भाटक लेकर उनके अधिभोग के भूखंडों के 30 वर्षीय स्थाई पट्टे जारी किये जायें।
- मंत्रिपरिषद ने लाइनमैन के विपरीत एवं विषम परिस्थितियों तथा जोखिम भरे कार्य के दृष्टिगत निर्णय लिया गया कि प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों में आउटसोर्स के माध्यम से नियोजित आई.टी.आई. उत्तीर्ण श्रमिक, जो कंपनी में लाइनमैन का कार्य कर रहे हैं, को श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त 1000 रुपये का जोखिम भत्ता प्रदान किया जायेगा।
- ऐसे कार्यरत लाइनमैन को कंपनियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने एवं तत्संबंधी आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इस वर्ग में नियोजन की पात्रता होगी।
- प्रदेश में जिले की विशेषता के आधार पर उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की उत्पादन क्षमता में वृद्धि, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के लिये शासन द्वारा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के माध्यम से एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत जिलेवार उत्पादों का चयन किया गया है।
- मंत्रिपरिषद की बैठक में कृषि संबंधी 6 उत्पाद अंतर्गत 10 जिलों में शामिल कोदो-कुटकी जिला अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिंगरौली, तुअर दाल जिला-नरसिंहपुर, चना जिला-दमोह. बासमती चावल जिला रायसेन, चिन्नौर चावल जिला-बालाघाट एवं सरसों जिला भिण्ड एवं मुरैना को 'एक जिला-एक उत्पाद' हेतु प्रशिक्षण एवं मूल्य संवर्धन योजना लागू करने का निर्णय लिया। योजना का क्रियान्वयन संचालक, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास, भोपाल के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने राजस्व न्यायालयों की कम्प्यूटरीकरण परियोजना RCMS 4.0 का विकास किए जाने के लिए आगामी 5 वर्षों (2023-24, 2024-25, 2025-26, 2026-27 एवं 2027-28) के लिए तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव राशि 73 करोड़ 48 लाख 65 हजार का व्यय किये जाने तथा RCMS 4.0 का विकास किए जाने की अवधि में समानांतर रूप से RCMS परियोजना 3.0 को आगामी दो वर्षों (2023-24 एवं 2024-25) तक जारी रखने 9 करोड़ 78 लाख रुपये का व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।
- मंत्रिपरिषद द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय योजना के द्वितीय चरण में स्थापित 100 रसोई केंद्रों के अतिरिक्त 20 निकायों में 20 नवीन स्थाई रसोई केंद्र तथा ऐसे लोगों की मदद के लिये जो स्थाई रसोई केंद्रों पर नहीं पहुंच पाते हैं, उनके लिये 16 नगर निगम तथा पीथमपुर एवं मण्डीदीप में कुल 25 नवीन चलित रसोई केंद्र (इस प्रकार कुल 45 नवीन रसोई केंद्र) खोले जाने का निर्णय लिया गया।
- कोविड-19 महामारी के समय रसोई केंद्रों की महत्ता भी प्रदर्शित हुई। इसलिये 26 फरवरी, 2021 को रसोई योजना के द्वितीय चरण में 52 जिला मुख्यालयों तथा 06 धार्मिक नगर मैहर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, अमरकंटक, ओरछा एवं चित्रकूट में कुल 100 रसोई केंद्रों का संचालन आरंभ किया गया था।
- योजना में प्रत्येक जरूरतमंद को 10 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से भोजन उपलब्ध कराया जाता है। आज तक 01 करोड़ 62 लाख थालियों का वितरण किया जा चुका है।
- मंत्रिपरिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर अंतर्गत 1000 बिस्तर नवीन निर्मित चिकित्सालय के संचालन के लिए नियमित स्थापना के 488 पद और आउटसोर्स के 484 पद विभिन्न संवर्ग को मिलाकर 972 नवीन पद सृजित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सतना में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति 4 अक्टूबर, 2018 में प्रथम चरण के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि 300 करोड़ रुपये के स्थान पर 328 करोड़ 79 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड छः क्रमांक 4 में वर्तमान में प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति हेतु परिशिष्ट-1 (एक) (क) की तालिका के अनुक्रमांक 01 एवं 02 में संशोधन का अनुसमर्थन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय, नंदानगर, इंदौर में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ किए जाने हेतु 25 शैक्षणिक तथा 22 अशैक्षणिक नवीन पद सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

छात्रावासों में बेहतर सुविधाओं का माध्यम बनेगी मित्र हेल्पलाइन

भोपाल, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने 'मित्र हेल्पलाइन' का पोस्टर जारी किया। मित्र हेल्पलाइन जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए बनाई गई है। सुश्री सिंह ने कहा कि हेल्पलाइन निश्चित रूप से विभागीय छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने, समस्याओं का समाधान करने और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में सफल रहेगी। गौरतलब है कि इस हेल्पलाइन का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 16 अप्रैल को ग्वालियर में आयोजित बाबा साहेब अम्बेडकर महाकुंभ में किया था। सुश्री सिंह ने जनजातीय सी.एम. राइज विद्यालयों के ब्रोशर, विद्यार्थी डायरी, शिक्षक डायरी एवं विद्यालय प्लानर का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षक और विद्यार्थी अध्ययन-अध्यापन कार्य का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे।

मित्र हेल्पलाइन चौबीस घंटे व सातों दिन सक्रिय रहेगी। इस पर मानसिक, स्वास्थ्य और कॅरियर से संबंधित काउंसलिंग के साथ आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन भी प्राप्त किया जा सकेगा। साथ ही विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, पानी, स्वच्छता या सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण किया जा सकेगा। छात्रावासों में रहकर शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपनी शिकायतों एवं सुझावों के लिए 'मित्र हेल्पलाइन' का उपयोग कर सकेंगे।

'कॉल लगाओ... समाधान पाओ' सुविधा प्रदान करने वाली इस 'मित्र हेल्पलाइन' के टोल-फ्री नंबर 18002336136, मोबाइल नंबर 7880088665 पर व्हाट्सएप व एस.एम.एस. के माध्यम से संबंधित विद्यार्थी शिकायतें एवं सुझाव दर्ज कर सकेंगे। विद्यार्थी अपनी शिकायतें या सुझाव वेबसाइट www.mymitr.in एवं ईमेल आईडी mymitr.tribal@mp.gov.in पर भी कर सकते हैं।

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना में नये 25 चलित और 20 स्थायी रसोई केंद्र बनेंगे

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना में तृतीय चरण को मंजूरी दी गयी है। तृतीय चरण में 25 चलित रसोई केंद्र और 20 नये स्थायी रसोई केंद्र बनेंगे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 4 नगरीय निकायों में 11 चलित रसोई केंद्र और शेष 12 नगर पालिक निगमों एवं पीथमपुर तथा मंडीदीप में एक-एक नवीन चलित रसोई केंद्र शुरू किये जायेंगे।

नगरपालिक निगम भोपाल में 4, इंदौर में 3, ग्वालियर और जबलपुर में 2-2, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, देवास, कटनी, खंडवा, मुरैना, रतलाम, रीवा, सागर, सिंगरौली एवं उज्जैन में एक-एक तथा नगरपालिका परिषद पीथमपुर और मंडीदीप में एक-एक चलित रसोई केंद्र शुरू होंगे।

पशु सखियों को मिला ए-हेल्प प्रशिक्षण

भोपाल, पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश से प्रारंभ पशु सखियों के प्रथम बैच की 276 पशु सखियों ने मध्यप्रदेश और गुजरात में ए-हेल्प का प्रशिक्षण पूरा कर लाभ उठाना आरंभ कर दिया है। प्रशिक्षण की शुरुआत 23 जुलाई, 2022 में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चयनित पशु सखियों से हुई थी। इन्हें ए-हेल्प का आवासीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) और मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के समन्वय से दिया गया, जो आगे भी जारी रहेगा।

पशु सखियां पशुपालक और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के बीच सेतु का कार्य कर रही हैं। ए-हेल्प मूलत: एनआरएलएम पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, जिन्हें पशुपालन गतिविधियों, योजनाओं, सामान्य घरेलू पशु उपचार, पशुओं की उचित देखभाल और संतुलित आहार से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। इससे ग्राम स्तर पर पशुपालकों को काफी लाभ मिलने के साथ महिला स्व-सहायता समूह भी आत्मनिर्भर बन रहे हैं। प्रशिक्षण के बाद पशु सखियों को ए-हेल्प किट भी दी गई है, जिसमें पशुपालन संबंधी पुस्तकें, एप्रेन, कैप, खाद्य सामग्री तौलने के लिये मशीन एवं अन्य जरूरी सामग्री हैं। पशुओं की संगणना, टैगिंग और पशुपालन गतिविधियों में विस्तार में भी ए-हेल्प की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

ए-हेल्प पशु सखियों को पशुपालन से आमदनी बढ़ाने वाली योजनाओं से महिलाओं और ग्रामीणों को जोड़ने के लिये विशेष ट्रेनिंग दी गई है। प्रशिक्षण के बाद ए-हेल्प क्षेत्र में पशुओं की छोटी-मोटी बीमारियों का निस्तारण करने में समर्थ हुई हैं। दुधारू पशुओं के स्वस्थ रहने से दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो रही है।

किसानों का भविष्य बनाने के लिये प्रामाणिक सेवाएं दें कृषि अधिकारी - मुख्यमंत्री

भोपाल, कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य करता है। मध्यप्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। विभाग में पदस्थ किए गए वरिष्ठ कृषि विकास और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों का जीवन बदलने का जिम्मा मिला है। प्रदेश के किसानों का भाग्य बदलने और उनका भविष्य बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व नव-नियुक्त कृषि अधिकारियों पर है। मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में काफी आगे है। नव-नियुक्त कृषि अधिकारी परिश्रम और प्रामाणिकता से सेवाएं देते हुए यह संकल्प लें कि किसानों के जीवन को बदलने का माध्यम बनेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 251 वरिष्ठ कृषि विकास और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग के साथ अन्य विभागों में भी रिक्त पदों को भरने का अभियान चल रहा है। आगामी 15 अगस्त तक विभिन्न विभागों में करीब एक लाख पदों की पूर्ति का कार्य पूरा हो जाएगा। नौजवानों को काम देकर मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव-नियुक्त अधिकारियों की किसानों के लिए समर्पित भूमिका होगी तो वे जीवन सार्थक बना सकेंगे। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से हम किसानों की जिंदगी बदलने का कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक कहानी के माध्यम से एक कार्य करने वाले तीन श्रमिकों के तीन दृष्टिकोण का उल्लेख किया और कहा कि जो हमें दायित्व मिला है उसे सौभाग्य मान कर करें, इसी में सार्थकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में 700 प्रतिशत अनाज उत्पादन बढ़ा है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान बढ़ रहा है। प्रदेश की कृषि विकास दर बढ़ी है। मध्यप्रदेश भारत का फूड बास्केट कहलाने लगा है। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन का 10वां हिस्सा सिर्फ मध्यप्रदेश उत्पन्न करता है।

श्री चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र में कार्य की निरंतर अपार संभावनाएं होती हैं। खेती से अर्थव्यवस्था बदलती है। एक समय था जब भारत में अन्य देशों से गेहूं आता था। अब स्थिति भिन्न है। कृषि का तेजी से विकास हुआ। उत्पादन बढ़ा तो बाजार में खरीदी बढ़ी, कारखानों के पहिए चले तो संपूर्ण अर्थव्यवस्था को मदद मिली। प्रदेश में वर्ष 2012-13 में एक लाख करोड़ रुपये का बजट था, जो वर्ष 2020-21 में 2 लाख करोड़ रुपये से आगे बढ़ गया और वर्ष 2023 में 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये हो गया। प्रदेश में प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक आय भी बढ़ी है।

किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश में कृषि क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने गत वर्ष कृषि के क्षेत्र में किये गये प्रयासों के बारे में भी बताया। श्री पटेल ने कहा कि किसानों को फसलों की क्षति के लिए राहत राशि भी दी जाती है। अनाज उत्पादन की खरीदी और राशि के भुगतान का कार्य समय पर होता है। किसानों को उनकी उपज का अधिक से अधिक मूल्य दिलवाने के प्रयास किए हैं।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास सभा कक्ष में 251 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इनमें 241 पद ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और 10 पद वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के हैं। इनमें 164 पुरुष और 87 महिलाएं शामिल हैं। विभाग में नियमानुसार विभिन्न स्तर पर रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्तियां की जा रही हैं। कुल 2805 पदों को भरने के लिए प्रक्रिया जारी है। इनमें सर्वाधिक पद 1852 ग्रामीण विस्तार अधिकारियों के हैं। इसके अलावा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, प्रयोगशाला सहायक, स्टेनोग्राफर वर्ग तीन, स्टेनो टाइपिस्ट, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट और असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर आदि के पद शामिल हैं।

दतिया में बनेगा पीताम्बरा माई महालोक

दतिया, अभूतपूर्व है अपना दतिया, यहां विराजी माँ पीताम्बरा की कृपा पूरे मध्यप्रदेश पर बनी हुई है। उनकी कृपा से दतिया में भव्य पीताम्बरा माई महालोक का निर्माण किया जायेगा। दतियावासियों की इस पावन धरा पर महालोक निर्माण की मनोकामना जल्द ही पूर्ण होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में माँ पीताम्बरा प्राकट्य महोत्सव एवं गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश धाकड़ विशेष रूप से शामिल हुए। गौरव दिवस पर माई पीताम्बरा की भव्य रथ यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों पर निकली। सभी अतिथियों ने रथ यात्रा में शामिल होकर रथ को खींचा। जगह-जगह रथ यात्रा का पुष्प-वर्षा से स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दतिया में पीताम्बरा माई के प्राकट्य महोत्सव पर किया गया आयोजन ऐतिहासिक होने के साथ अद्भुत भी है। पूरे दतिया में चारों ओर उत्साह और उमंग का वातावरण है। इसमें दतिया ही नहीं प्रदेश और देश के श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से शामिल होकर माहौल को अलौकिक बना दिया है। चारों ओर धर्म-प्रेमी जनता ने पीतवर्णी वस्त्र धारण कर महोत्सव को भव्यता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माई महालोक निर्माण के लिये गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, ट्रस्ट अध्यक्ष, विद्वानों और संतों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनायें। कार्ययोजना के अनुरूप शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दतिया में माँ पीताम्बरा प्राकट्य महोत्सव में शामिल हुये।

श्री चौहान ने कहा कि दतिया के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि एक समय मध्यप्रदेश का बजट मात्र 21 हजार करोड़ रुपये हुआ करता था। माई की कृपा से प्रदेश का बजट 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दतिया की हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिये केंद्र सरकार से विचार-विमर्श करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को दतिया आने के लिए सुगमतापूर्वक हवाई सुविधा मिल सके। उन्होंने माई के चरणों में नमन करते हुए प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि माँ पीताम्बरा की कृपा और गुरुजी के आशीर्वाद से दतिया निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। राज्य सरकार ने भी दतिया के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि माई की कृपा से ही दतिया में अनेक उत्सवों का आयोजन प्रारंभ हुआ है। साथ ही अनेक कथाओं का भी आयोजन कर लोगों को भक्तिरस में डूबने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि माँ पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। उत्साह और उमंग के साथ बड़ी संख्या में लोग भागीदारी कर रहे हैं।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दतिया अब उत्सवों का शहर बन गया है। यहां पर वर्ष भर उत्सव एवं कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। दतिया में माँ पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव का एक भव्य और अलौकिक आयोजन भी दतिया जिले का हर नागरिक उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। माई की कृपा से दतिया में विकास के अनेक कार्य हुए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
मुरैना, पन्ना, सिंगरौली, नीमच, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर एवं धार जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कैरियर की ख़बरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय ख़बरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

नंदिनी गुप्ता

फेमिना मिस इंडिया बनीं

कोटा की 19 वर्षीय नंदिनी गुप्ता फेमिना मिस इंडिया चुनी गई हैं। इससे पहले 2019 में जयपुर की सुमन मिस इंडिया बनी थीं। अब नंदिनी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। नंदिनी ने बताया कि 10 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने मिस इंडिया बनने का सपना देखा था। मणिपुर की राजधानी इंफाल में आयोजित मिस इंडिया समारोह में पिछले वर्ष की विजेता सिनी शेट्टी ने उन्हें ताज पहनाया। उपविजेता श्रेया पूजा और सेकंड उपविजेता स्ट्रेल लुवांग चुनी गयीं।

वाशिंगटन

व्यक्ति ने बनाई कीड़ों को चूमने वाली डिवाइस

अमेरिका के पेशे से इंजीनियर जस्टिन का कीड़ों के प्रति अगाध प्रेम देखने में आया है। उन्होंने कीड़ों को चूमने के लिए एक खास तरह की डिवाइस बगकिस बनायी है। डिवाइस में आगे की तरफ छोटे होंठ बने हैं और एक लंबी स्प्रिंग भी लगाई है। सिलिकन बाइट पीस को मुंह से पकड़कर कीड़ों को बिना नुकसान पहुंचाये चूमा जा सकता है। जस्टिन के अनुसार इस दौरान कीड़ों को आंखों के संपर्क से बचाना चाहिए क्योंकि इससे कीड़े डर सकते हैं। इस डिवाइस की मदद से उन्होंने चीटियों, कैटरपिलर, टिड्डा, मच्छर, घोंघा, मकड़ी और केंचुए सहित कई कीड़ों को चूमा है।

ट्विटर

दस हजार अक्षरों में ट्वीट कर सकेंगे

ट्विटर की कंटेंट पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया गया है। नए बदलाव के बाद अब ट्विटर यूजर 280 नहीं बल्कि 10 हजार अक्षरों में ट्वीट कर सकेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर टेक्स्ट फॉर्मेटिंग की सुविधा भी उपलब्ध की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्विटर पर कैरेक्टर लिमिट के बढ़ने से अब लोग अपनी भावनाओं को बेहतर और स्पष्ट तरीके से व्यक्त कर पाएंगे। वहीं लंबे ट्वीट करने पर लोगों को कैरेक्टर लिमिट खत्म होने की चिंता भी नहीं होगी।

ब्रिटेन ने

दो भारतीय सैनिकों के चित्र के निर्यात पर लगाया बैन

पहले विश्वयुद्ध में हिस्सा लेने वाले दो भारतीय सैनिकों के चित्र के निर्यात पर ब्रिटेन ने अस्थायी बैन लगाया है। इनका चित्र आंग्ल-हंगरी चित्रकार फिलिप डी लाजलो ने बनाया था। ब्रिटेन सरकार ने देश के एक संस्थान को इस चित्र को खरीदने का समय देने के लिए यह बैन लगाया था। साढ़े छह करोड़ रुपये कीमत वाले इस चित्र में घुड़सवार अधिकारी रिसालदार जगत सिंह और मान सिंह को दर्शाया गया है।

रेड बुल बीएमएक्स राइडर

दो हजार फुट की ऊंचाई पर साइकिल से स्टंट

लंदन में रहने वाले 31 वर्षीय बीएमएक्स राइडर क्रिस काइल ने जमीन से दो हजार फुट ऊंचाई पर उड़ते स्केटरपार्क पर साइकिल से स्टंट दिखाए। इसके साथ ही ब्रिटिश राइडर काइल ने 'डोन्ट लुक डाउन' नाम से दुनिया का पहला स्टंट पूरा किया। उन्होंने बाउल के चारों ओर बाइक चलाई, जो हॉट एयर बैलून के सहारे लटकाई गई थी।

सौर बवंडर

सूर्य की सतह पर सबसे बड़ा तूफान

सूर्य की सतह पर सदी का सबसे बड़ा तूफान देखा गया है। इसकी लपटें 1 लाख किलोमीटर दूर तक गईं। इसे सोलर वॉटरफॉल नाम दिया गया है। यह पृथ्वी जैसे 8 ग्रहों को निगलने के लिए काफी है। नासा के अनुसार, यह तूफान पृथ्वी की ओर आता है तो पावर ग्रिड और अन्य बुनियादी ढांचे के लिए हानि कारक हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया में

बेटे को प्रेरित करने पिता ने पुशअप का रिकॉर्ड बनाया

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन के रहने वाले 33 साल के ल्यूक्स हेल्फ्के ने अपने बेटे को प्रेरित करने के लिए। घंटे में 3206 पुशअप का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने । मिनट में औसतन 53 पुशअप किए। इससे पहले 3182 पुशअप का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के ही डेनियल के नाम था।

तेलंगाना में

180 डिग्री वाला स्मार्ट एक्वेरियम बनेगा

तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के कोठवलगुडा में देश का सबसे बड़ा एक्वेरियम बनने जा रहा है। इसे इको हिल पार्क में रखा जाएगा। इसका निर्माण हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण करेगा। गुफा की शक्ल वाले इस एक्वेरियम में पानी के नीचे का 180 डिग्री का दृश्य दिखायी देगा। यह देश का सबसे बड़ा और स्मार्ट एक्वेरियम होगा।

बेआट्रिज फ्लैमिनी

महिला पर्वतारोही ने 70 मीटर गुफा में 500 दिन बिताए

स्पेन की 50 वर्षीय एथलीट बेआट्रिज फ्लैमिनी 70 मीटर गुफा में 500 दिन बिताने के बाद बाहर निकल आयी है। इतने दिनों तक बाहरी दुनिया के संपर्क से बेआट्रिज दूर रहीं। दक्षिण स्पेन में रोशनी से बचने के लिए पर्वतारोही बेआट्रिम ने काले शीशे वाला चश्मा पहन रखा था। फ्लैमिनी ने संवाददाताओं से कहा कि वे बाहर नहीं आना चाहतीं थी। माना जा रहा है कि फ्लैमिनी ने गुफा में लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड बनाया है। वे अपना 48वां जन्मदिन मनाने के लिए 20 नवंबर 2021 से गुफा में रहने गयीं थीं। उन्होंने पेंटिंग, ड्राइंग, ऊनी टोपियां भी बनायीं। अपने समय का हिसाब रखने के लिए वो GoPro, 60 किताबें और 1000 लीटर पानी साथ ले गई थीं।

डायमंड रिंग

50,907 हीरों से जड़ित अंगूठी ने बनाया रिकॉर्ड

सूरत की एक हीरा कंपनी ने अंगूठी में अधिकतम हीरे जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हरिकृष्णा एक्सपोर्ट्स और उसकी सहयोगी कंपनी एच.के. डिमाइन्स ने 50,907 हीरों से यह अंगूठी बनायी है। कंपनी को हाल ही में मुंबई में सम्मानित किया गया है। इसकी कीमत 6.44 करोड़ रुपए है। इसे बनाने में 9 महीने लगे हैं। अंगूठी में 18 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल हुआ है। अंगूठी में 8 हिस्से हैं। इनमें पंखुड़ियों की परतें हीरे की दो डिस्क और तितली शामिल हैं। यह रीसाइकिल गोल्ड से बनी है।

मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा शहर बना

सिडनी को पीछे छोड़ मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा शहर बन गया है। बीबीसी के अनुसार मेलबर्न के बाहरी इलाकों में आबादी तेजी से बढ़ने के साथ, मेल्टन के क्षेत्र को शामिल करने के लिए शहर की सीमा का विस्तार किया गया है। मेलबर्न की आबादी 4,875,400 है। यह सिडनी की तुलना में 18,700 अधिक है। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो (एबीएस) 10,000 से अधिक लोगों के साथ सभी कनेक्टिंग उपनगरों को शामिल करके शहर के महत्वपूर्ण शहरी क्षेत्रों को परिभाषित करता है। 2021 की जनगणना में सिडनी की आबादी मेलबर्न की तुलना में अधिक थी।

एंजेला मर्केल

जर्मनी की पूर्व चांसलर को सर्वोच्च सम्मान

जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मार्केल को करीब 16 साल तक देश की कमान संभालने के बाद जर्मनी के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर ने विशेष उपलब्धि के लिए ऑर्डर ऑफ मेरिट प्रदान करने की योजना बनाई है। 68 वर्षीय मर्केल जर्मनी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला चांसलर थीं।

ओडिशा

कोलाब नदी में मछली की नई प्रजाति मिली

ओडिशा के कोरोपुट की कोलाबा नदी में शोधकर्ताओं को मछली की नई प्रजाति का पता लगा है। कोरोपुट के ओडिशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) और जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई) की टीम को यह सफलता मिली है। उन्हें कोलाब नदी में जीनस गर्रा की कुछ मछलियों के साथ नई प्रजाति की मछलियां भी मिलीं। इस प्रजाति को सीएसआई के डॉक्टर लैशराम कोशियन के सम्मान में 'गर्रा लैशरामी' नाम दिया गया।

अमेरिका ने

मिनटमैन – 3 मिसाइल का परीक्षण किया

अमेरिका के मिनटमैन-3 के रीएंट्री व्हीकल ने मार्शल द्वीप समूह में क्वाजालीन एटोल तक लगभग 4,200 मील की यात्रा की। अमेरिका की वायुसेना ने बताया कि परीक्षण सफल रहा। यह परीक्षण एयरफोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड एयरमैन और नेवी एयरक्रू की एक संयुक्त टीम द्वारा कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस पर किया गया। इसका उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि अमेरिका का न्यूक्लियर डेटरेंस सुरक्षित, विश्वसनीय और प्रभावी रहे।

राधा अयंगर प्लंब

भारतवंशी डिप्टी अंडर सेक्रेट्री ऑफ डिफेंस नियुक्त

अमेरिकी सीनेट ने भारतीय मूल की राधा अयंगर प्लंब को डिप्टी अंडर सेक्रेट्री ऑफ डिफेंस के रूप में नियुक्त किया है। वह 68-30 के वोट से जीती हैं। राधा वर्तमान में डिप्टी सेक्रेट्री ऑफ डिफेंस के चीफ ऑफ स्टॉफ के रूप में काम कर रही हैं। उन्हें जून 2022 में पेंटागन के शीर्ष पद के लिए नामांकित किया गया था।

श्रीनगर

ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे रिकॉर्ड पर्यटक

श्रीनगर में जबरवां की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में इन दिनों रिकॉर्ड तोड़ पर्यटक पहुंच रहे हैं। पिछले एक महीने के दौरान लगभग 3.65 लाख लोगों ने उद्यान का दौरा किया है। ट्यूलिप गार्डन के फ्लोरीकल्चर ऑफिसर के अनुसार ट्यूलिप गार्डन में आने वाले पर्यटकों की संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर गई। एक दिन में 7,902 घरेलू, 116 विदेशी सहित 8094 पर्यटकों ने एक दिन में उद्यान का दौरा किया जिससे कुल संख्या बढ़कर 3.65 लाख के आंकड़े को पार कर गई।

न्यूयॉर्क

दुनिया का सबसे अमीर शहर बना

न्यूयॉर्क शहर 58 अरबपतियों के साथ दुनिया का सबसे धनी शहर है। इसके बाद टोक्यो और द बे एरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ग्लोबल वेल्थ ट्रैकर हेनले एवं पार्टनर्स की रिपोर्ट में यह बताया गया है। 10 लाख डॉलर से अधिक की निवेश योग्य संपत्ति वाले हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स का विश्लेषण करते हुए रिपोर्ट में शीर्ष 10 में चार अमेरिकी शहर शामिल हैं।

सेजल गुप्ता

मिस टीन इंटरनेशनल बनीं

महज 13 वर्ष की उम्र में सेजल गुप्ता ने मिस टीन इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया है। इसी के साथ सेजल सबसे कम उम्र की ब्यूटी पेजेंट खिताब जीतने वाली भारतीय बन गई हैं। उन्होंने कहा कि इस पेजेंट से सभी को अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला।

स्मृति शेष

दस बार एवरेस्ट चढ़ चुके पर्वतारोही नोएल का निधन

दस बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर चुके नॉर्दर्न आयरलैंड के पर्वतारोही नोएल हन्ना का नेपाल स्थित दुनिया की 10वीं सबसे ऊंची चोटी माउंट अन्नपूर्णा से उतरते समय निधन हो गया। उन्होंने 8,091 मीटर की अन्नपूर्णा चोटी को फतह कर लिया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

Admission Open. 2023-24

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय
चित्रकूट, सतना (म.प्र.) 485334
(मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित) नैक ए ग्रेड विश्वविद्यालय

प्रवेश सूचना 2023-24 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप

विश्वविद्यालय के पी-एच.डी., स्नातकोत्तर, स्नातक एवं डिप्लोमा के नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एम.पी. ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं-

पीएच.डी.- कृषि प्रसार, मृदा विज्ञान, उद्यानिकी, कृषि जैव रसायन, एल.पी.एम., जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, गणित, भूगर्भ विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नॉलाजी, रिमोट सेंसिंग एण्ड जी.आई.एस., ग्रामीण प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, समाजकार्य।

कृषि संकाय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश) एम.एससी. एजी. (कृषि प्रसार, मृदा विज्ञान, सस्य विज्ञान) **स्नातक पाठ्यक्रम :** ★ बी.एस-सी. (कृषि)।

कला संकाय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम: एम.एस.डब्ल्यू., एम.जे.एम.सी. (मास कम्यूनिकेशन), एम.एफ.ए. (पेंटिंग, एप्लाइड आर्ट स्कल्पचर), एम.लिब.आई.एससी., एम.ए., (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, इतिहास संस्कृति व पुरातत्व, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र, खेल मनोविज्ञान, योग)। ★ एम.एड. **स्नातक पाठ्यक्रम :** बी.ए. (मानव चेतना और योग विज्ञान), बी.ए., बी.एस.डब्ल्यू, बी.एफ.ए. (पेंटिंग, एप्लाइड आर्ट, स्कल्पचर), बी.पी.ई.एस. (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट), बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट-वोकल एंड इंस्ट्रूमेंटल, तबला), ★ बी.एड. ★ बी.एल.एड. **एक वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम :** बी.लिब.आई.एससी., बी.जे.एम.सी., (मास कम्युनिकेशन)।

विज्ञान और पर्यावरण संकाय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : एम.एससी. (प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रिमोट सेंसिंग एण्ड जीआईएस, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी, एप्लाइड भूविज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, इंडस्ट्रीयल केमिस्ट्री) **स्नातक पाठ्यक्रम :** बी.एससी., बी.सी.ए., **डिप्लोमा / पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम :** डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए.।

ग्रामीण विकास और व्यवसाय प्रबंधन संकाय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : एम.कॉम., एम.ए. (ग्रामीण विकास), ★ एम.बी.ए. (कृषि व्यवसाय प्रबंधन, ग्रामीण प्रबंधन) **स्नातक पाठ्यक्रम :** बी.बी.ए., बी. कॉम.।

अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय स्नातक पाठ्यक्रम: ★ बी.टेक. (सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी, सिविल इंजीनियरिंग, कृषि इंजीनियरिंग)।

दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : एम.वोक. (कृषि संचालन और प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी) **स्नातक पाठ्यक्रम :** बी.वोक. (कृषि संचालन और प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी और प्रबंधन, रिटेल प्रबंधन और आईटी, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी) **डिप्लोमा / पीजी डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम :** एक वर्षीय डिप्लोमा और दो वर्षीय एडवांस डिप्लोमा (खुदरा प्रबंधन और आईटी, कृषि संचालन और प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी)।

★ राज्य/केंद्र स्तरीय निकाय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश : बी.टेक. (सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी, सिविल इंजीनियरिंग, कृषि इंजीनियरिंग), एम.बी.ए. (कृषि व्यवसाय प्रबंधन, ग्रामीण प्रबंधन), बी.एड., एम.एड., बी.एल.एड. (कृषि)।

★ नोट : उपरोक्त सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश केन्द्रीय/राज्य स्तर के प्रवेश निकाय के माध्यम से किया जाता है। रिक्त सीटों को स्थानीय परामर्श द्वारा भरा जायेगा। बी.टेक. एवं एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु एम.पी. ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन जारी रहेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां एवं आवेदन शुल्क

• ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन पत्र की उपलब्धता	25 अप्रैल 2023
• आवेदन करने की अंतिम तिथि (एम.एससी. कृषि एवं पीएच.डी. को छोड़कर)	30 जून, 2023
• एम.एससी. कृषि में आवेदन की अंतिम तिथि	25 जून, 2023
• पीएच. डी. आवेदन की अंतिम तिथि	15 जुलाई, 2023
• सामान्य/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क	रु. 600.00
• मध्यप्रदेश के एससी/एसटी और सभी राज्यों की महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क	रु. 300.00
• पीएचडी पाठ्यक्रम के सामान्य/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क	रु. 2000.00
• पीएचडी पाठ्यक्रम के म.प्र. के एससी/एसटी और सभी राज्यों की महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क	रु. 1000.00
एमपी ऑनलाइन पोर्टल शुल्क	**रु. 150.00**
प्रवेश परीक्षा	
एम.एस-सी. कृषि प्रवेश परीक्षा दिनांक	**28 जून, 2023**
पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा दिनांक	**25 जुलाई, 2023**
परीक्षा केंद्र : विश्वविद्यालय परिसर	

निर्देश:-

- एम.एससी. कृषि एवं पीएच.डी. में प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।
- अन्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवीणता सूची एवं साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।
- बी.टेक एवं एम.बी.ए. की रिक्त सीटों के लिए विज्ञापन पृथक से जारी किया जाएगा।
- पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता एवं शुल्क का विवरण विवि की वेबसाइट (web: www.gramodayachi-trakoot.ac.in) पर सूचना बुलेटिन में उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी जो किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु दर्शायी गयी न्यूनतम अर्हता हेतु अंतिम परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं किन्तु परीक्षा के परिणाम प्रवेश की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षित हैं, ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश आवेदन करने के पात्र हैं किन्तु प्रवेश प्राप्त करने की तिथि के एक माह में पात्रता उपाधि प्रस्तुत करना होगा।
- न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद भी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, तो उनका आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही जमा की गई समस्त शुल्क राजसात कर ली जाएगी।
- प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या और पाठ्यक्रम की वित्तीय व्यवहार्यता के आधार पर पाठ्यक्रम को जारी रखने या बंद करने का अधिकार वि.वि. के पास सुरक्षित है।
- छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा है। प्रवेश की पुष्टि के बाद उन्हें छात्रावास सुविधा के लिए पृथक से आवेदन करना होगा।
- अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अलग आवेदन जमा करना होगा।
- आरक्षण नीति मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार होगी।
- स्नातक में प्रवेश All India Common Entrance Test (CUET)-2023 एवं विश्वविद्यालय में प्रचलित प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा।
- **प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को एमपी ऑनलाइन पोर्टल https://mgcgv.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा।**

R-48485/2023 **कुलसचिव**

आचार्य शंकर प्रकटोत्सव - 'एकात्म पर्व'

आचार्य शंकर ने चारों दिशाओं में भारत को जोड़ने का कार्य किया - मुख्यमंत्री

भोपाल, आचार्य शंकर ने पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण चारों दिशाओं में मठ स्थापित कर भारत को जोड़ने का कार्य किया। उनके कारण हमारी संस्कृति की पहचान बनी हुई है। उनका अद्वैत वेदांत दर्शन ही लोगों को सही दिशा दे रहा है। उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आचार्य शंकराचार्य सांस्कृतिक एकता न्यास और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आचार्य शंकर प्रकटोत्सव, एकात्म पर्व को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वेद और उपनिषदों को पढ़ने से एक ही बात ध्यान में आती है कि हम सभी में एक ही चेतना है। हम सब एक हैं। हजारों साल पहले हमारे ऋषि-मुनियों ने 'वसुदैव कुटुम्बकम्' का संदेश दिया। 'जियो और जीने दो' का संदेश भारत ने दिया है। ओंकारेश्वर में एकात्मधाम बन रहा है। यहां से सारे विश्व को एकात्मता का संदेश मिलेगा। ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की दीक्षा भूमि है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रदेश में एकात्म यात्रा निकली। अद्वैत वेदांत के संदेश को गांव-गांव ले जाने का कार्य किया जा रहा है। परिव्राजक योजना में भारत और विश्व को बदलने के लिए संतों के मार्गदर्शन में हम सब उनके पीछे चलेंगे। संतों की उपस्थिति वातावरण बदल देगी। भारत माता फिर से विश्व गुरू के पद पर आसीन हो रही है। दुनिया को राह दिखाने का कार्य भारत करेगा। सचमुच में वह दिन आएगा, जब प्राणियों में सद्भाव होगा और विश्व का कल्याण होगा।

स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि संसार में आत्म तत्व ही जानने योग्य है। सारे मत-मतांतरों का आदर भारत ने किया। आदि शंकराचार्य 32 वर्ष की आयु में भारत का तीन बार भ्रमण कर चुके थे। भारत में साढ़े बारह लाख संन्यासी तैयार करने में मेरा योगदान रहा है। संन्यासियों से ही भारत विश्व को अद्वैत वेदांत के दर्शन कराएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान की सराहना करते हुए कहा कि भारत के आचार्यों और संतों को जो कार्य करना था, वह मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कर दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने आचार्य शंकाराचार्य के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया

आध्यात्मिक गुरु युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में जीवन की सार्थकता है। ज्ञान, विद्या को जानने वाला धन्य हो जाता है। राष्ट्र निर्माण के लिए भारतीय संस्कृति जरूरी है। नशे से दूर रहें। भगवान शंकराचार्य ने बहुत कुछ किया है। उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का बीड़ा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उठाया है।

आदि शंकराचार्य की मूर्ति की स्थापना का निर्णय प्रशंसनीय

स्वामिनी विमलानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान शंकराचार्य ब्रह्मज्ञानी थे। वे ब्रह्म ही हैं यही उनकी असली पहचान है। वे अवतारी पुरुष भी थे। भगवान शिव के आशीर्वाद से शंकराचार्य जी का प्रकटीकरण हुआ। वे पूर्ण पुरुष थे। उनका प्रभाव विशाल था, जो आज भी हमारे घर-घर में है। अद्वैत भगवान शंकराचार्य जी का ही नाम है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की मूर्ति की स्थापना का निर्णय प्रशंसनीय है।

संस्कृति, साहित्य और व्याकरण के अध्येता डॉ. कांशीराम ने कहा कि अद्वैत दर्शन में एकात्मता है। मानव जगत में भिन्नताओं का निराकरण इसी से किया जा सकता है। शंकाराचार्य के भाष्यों को पढ़ाने के लिए मैं अपने आपको समर्पित करता हूं।

प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर की मूर्ति के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। आचार्य शंकर प्रकटोत्सव को एकात्म पर्व के रूप में मनाया जाता है। सरकार द्वारा अद्वैत वेदांत जागरण शिविर किया जा रहा है। कार्यक्रम में अद्वैत वेदांत जागरण शिविर पर केंद्रित लघु फिल्म दिखाई गई।

दीक्षांत समारोह में लगभग 100 शिविरार्थियों को दीक्षा सामग्री प्रदान की गई। दो शिविरार्थी श्री अनंत सेठ और सुश्री स्नेहिल लाहोटी ने अपने अनुभव और विचार साझा किए।

मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने कम मतदान प्रतिशत वाले 75 विधानसभा क्षेत्रों में होगा सर्वे

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के 75 विधानसभा क्षेत्रों में बेसलाइन होगा। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना है। वर्ष 2018 के आम निर्वाचन में जिन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन विधानसभा क्षेत्रों में बेसलाइन सर्वे का कार्य होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश के 75 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले बेसलाइन सर्वे में प्रत्येक जिले की एक विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया है, जिसमें मतदान का प्रतिशत उस जिले में विधानसभा 2018 के निर्वाचन में सबसे कम था। ऐसे 23 विधानसभा क्षेत्रों का भी चयन किया गया है, जिसमें पूरे प्रदेश में मतदान का प्रतिशत सबसे कम रहा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 ऐसे मतदान केंद्रों का भी चयन किया गया है, जहाँ पर बीते विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत सबसे कम रहा है। सर्वे के दौरान पूछे गए सवालों का 18 से 60 वर्ष तक की आयु के मतदाताओं से जवाब लिया जाएगा। सर्वे में विभिन्न आयु वर्ग के 50 प्रतिशत महिला और 50 प्रतिशत पुरुष मतदाता होंगे। इसमें दिव्यांग और थर्ड जेंडर मतदाताओं को भी शामिल किया गया है।

मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित पूछे जाएंगे प्रश्न

सर्वे के दौरान मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों में राज्य, जिला, विधानसभा क्षेत्र का नाम और संख्या, मतदान केंद्र का नाम, शहरी या ग्रामीण क्षेत्र की जानकारी के साथ ही मतदाता पंजीकरण, ज्ञान, दृष्टिकोण, व्यवहार, विश्वास, अभ्यास, मतदाता जागरूकता, स्वीप गतिविधियां, मतदाता की पृष्ठभूमि संबंधी सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कई प्रश्न होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी करेंगे समीक्षा

सर्वे कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर लगातार निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही सर्वे कार्य की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री राजन ने बताया कि सर्वे का कार्य 2 मई से 10 मई 2023 तक चलेगा। सर्वे से संबंधित दस्तावेज संबंधित ईआरओ, आरओ, एसडीएम, तहसीलदार के पास 11 मई को जमा किए जाएंगे। जिला स्तर पर संकलित रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल 22 मई तक भेजी जाएगी।

नगरीय निकायों को अप्रैल माह के लिये मिली 300 करोड़ की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति के लिये 300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह राशि माह अप्रैल के लिये जारी की गयी है। नगरीय निकायों में चुंगी कर समाप्त होने पर उससे होने वाली आय की क्षतिपूर्ति के लिये यह राशि जारी की जाती है।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 24.04.2022 से 29.04.2022

संशोधित परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.–531/22/2022/अनु.–10 **इंदौर, दिनांक : 15.04.2023**

आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

01. विज्ञापन क्रमांक-03/2020/28.12.2020, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 10.02.2021
(1) शुद्धि पत्र क्रमांक-01/03/2020, दिनांक 10.02.2021 (पद संयोजन के संबंध में I)
(2) शुद्धि पत्र क्रमांक-03/03/2020, दिनांक 10.02.2021 (पद संयोजन के संबंध में I)

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 जिला मुख्यालय इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, शहडोल एवं बड़वानी के केन्द्रों पर दिनांक 24.04.2022 से 29.04.2022 तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :

स.क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या	61	32	54	87	26	260
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं हेतु आरक्षित रिक्तियां	20	09	19	29	07	84
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित रिक्तियां	04	-	03	05	01	13
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित रिक्तियां	**(VH-04, HH-05, OH-02, MD-01)**					12

Abbreviations: **UR**-Unreserved, **SC**-Scheduled Caste, **ST**-Scheduled Tribe, **OBC**-Other Backward Classes, **EWS**-Economically Weaker Sections, **OH**-Orthopedic Handicapped, **VH**-Visual Handicapped, **HH**-Hearing Handicapped, **MD**- Multiple Disability

04. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर, 2022 के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :-

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. साक्षात्कार के उपरांत माननीय न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी करने के पूर्व पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए।
7. तत्पश्चात् मुख्य भाग (87) प्रतिशत का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
8. प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात् जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए।
9. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाएं।
10. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी. - 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

05. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्रमांक-14231/22/2022/अनु.-10, दिनांक 05.02.2023 द्वारा दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया गया था। आयोग की बैठक दिनांक 29.09.2022 के संदर्भ में साक्षात्कार पूर्व शासन के विभिन्न विभागों से विज्ञापित पदों का मुख्य एवं प्रावधिक भाग में पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त किया गया है।

06. उपरोक्तानुसार पुनरीक्षित पद विवरण अनुसार आयोग द्वारा शुद्धि पत्र क्रमांक- 03/03/2020, दिनांक 13.04.2023 को प्रकाशित कर दिया गया है। प्राप्त पुनरीक्षित पद विवरण में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल - 87 पदों में मुख्य भाग-अ हेतु 14 प्रतिशत के मान से 48 पद तथा प्रावधिक भाग-ब हेतु 13 प्रतिशत के मान से 39 पद अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु तदनुसार प्रावधिक भाग में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी हेतु 39 पद एवं अनारक्षित श्रेणी हेतु कात्पनिक 39 पद रखे गए हैं।

07. तदनुसार पूर्व घोषित परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्र.-14231/22/2022/अनु.-10, दिनांक 05.02.2023 में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :-

मुख्य भाग-अ के लिए पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

मुख्य भाग-अ

श्रेणी	कुल पद
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	48

पूर्व में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 का परीक्षा परिणाम आयोग द्वारा विज्ञप्ति क्रमांक- 14231/22/2022/अनु.-10, दिनांक 05.02.2023 को घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में अन्य पिछड़ा वर्ग के पूर्व में **प्रावधिक भाग-ब** लिए साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों में से कुल 12 अभ्यर्थी **मुख्य भाग-अ** हेतु अतिरिक्त अर्ह पाए गए हैं जिनके अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :–

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE MAIN EXAM 2020 PART A (MAIN) REVISED
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

Sr.	Roll No.	Sr.	Roll No.	Sr.	Roll No.	Sr.	Roll No.
1.	105038	4.	105705	7.	100105	10.	101801
2.	105801	5.	103639	8.	102162	11.	102397
3.	104399	6.	103622	9.	100753	12.	101948

उपरोक्त कुल–12 अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक मुख्य भाग में अर्ह पाए जाने के कारण पूर्व में दिनांक 05.02.2023 को घोषित परीक्षा परिणाम से विलोपित किए जाते हैं।

प्रावधिक भाग-ब के लिए पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

प्रावधिक भाग - ब

श्रेणी	कुल पद
अनारक्षित (UR) (काल्पनिक)	39
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	39

राज्य शासन के विभागों से प्राप्त पुनरीक्षित पद विवरण अनुसार प्रावधिक **भाग-ब** से पूर्व में दिनांक 05.02.2023 को घोषित **प्रावधिक भाग-ब** के परीक्षा परिणाम से कुल 6 अभ्यर्थियों की साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारी निरस्त की जाती है जिनके अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE MAIN EXAM 2020 PART B (PROVISIONAL) REVISED
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES DISQUALIFIED FOR INTERVIEW

Sr.	Roll No.	Sr.	Roll No.	Sr.	Roll No.
1.	101459	3.	102373	5.	102972
2.	104208	4.	106606	6.	103719

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णत प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा -2020 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते है तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. महिला आरक्षण में आरक्षित वर्ग की वे महिला अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
4. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा- 2020 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
5. समस्त न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
7. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के पश्चात भी यदि कोई भी तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास लिखित परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. - 5901/2019 एवं समान अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

जी–12206/48486/2023 **उप परीक्षा नियंत्रक**

एफपीओ से कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग होगा प्रशस्त - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने सतना जिले के मैहर में 'मैहर कृषक उत्पादक संगठन' एवं मझगवां के ग्राम पगारकलां में 'गैवीनाथ सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक संगठन' के कार्यालयों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार एफपीओ से कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सांसद श्री गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कोल, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) द्वारा संबद्ध कृषकों को कृषि के लिये बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। एफपीओ कृषकों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद, दवाई इत्यादि की व्यवस्था करने के साथ उपज की मॉर्केटिंग की व्यवस्था भी करते हैं। प्रदेश में निरंतर एफपीओ का गठन किया जा रहा है। मैहर में गठित एफपीओ निश्चित ही किसानों के लिये फायदेमंद होगा।

कृषि मंत्री ने मझगवां में 'गैवीनाथ सब्जी एवं दुग्ध उत्पादक संगठन' कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा कि समूह के गठन से किसानों को मदद मिलेगी। किसानों को सब्जी एवं दूध की तकनीकी जानकारी मिलने से उत्पादन बढ़ेगा। क्षेत्र में पैक्ड दूध, क्रीम, मक्खन, दही, पनीर, कस्टर्ड, फ्रोजन सब्जियों के संबंध में नवीनतम जानकारियाँ मिलेंगी, जिससे किसान अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।

श्री पटेल ने किसानों के हित में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से गांव में रहने वाले लोगों को उनके मकान का मालिकाना हक प्रदान किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना से किसानों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को खाद एवं बिजली बिलों में बड़े स्तर पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य कर रही है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी साहित्य

1. भ्रमर दूत के रचनाकार हैं?
अ. सत्यनारायण कविरत्न
ब. लाला भगवानदीन
स. जगन्नाथ दास रत्नाकर
द. राय देवी प्रसाद पूर्ण
उत्तर- अ. सत्यनारायण कविरत्न

2. 'मणिकर्णिका' के लेखक हैं?
अ. ओमप्रकाश वाल्मीकि
ब. डॉ. धर्मवीर भारती
स. तुलसी राम
द. सूरज पाल चौहान
उत्तर- स. तुलसी राम

3. 'कामरेड का कोट' कहानी के लेखक हैं?
अ. विनोद कुमार शुक्ल
ब. अखिलेश
स. ज्ञान रंजन
द. संजय
उत्तर- द. संजय

4. 'प्रेमचंद और उनका युग' के लेखक हैं?
अ. हंसराज रहबर
ब. इन्द्रनाथ मदान
स. नन्ददुलारे वाजपेयी
द. रामविलास शर्मा
उत्तर- द. रामविलास शर्मा

5. 'हार की जीत' (कहानी) के लेखक हैं?
अ. सुदर्शन
ब. यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द'
स. कमलेश्वर
द. रांगेय राघव
उत्तर- अ. सुदर्शन

6. आंसू (काव्य) के रचनाकार हैं?
अ. सुमित्रा नंदन पंत
ब. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
स. जय शंकर प्रसाद
द. मैथलीशरण गुप्त
उत्तर- स. जय शंकर प्रसाद

7. 'मृगावती' किसकी रचना है?
अ. उस्मान ब. कुतुबन
स. मंझन द. जायसी
उत्तर- ब. कुतुबन

8. इनमें से कौन राष्ट्रीय काव्यधारा का कवि नहीं है?
अ. रामनरेश त्रिपाठी
ब. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
स. माखनलाल चतुर्वेदी
द. श्रीधर पाठक
उत्तर- द. श्रीधर पाठक

9. सखी सम्प्रदाय के संस्थापक हैं?
अ. हित हरिवंश ब. वल्लभाचार्य
स. स्वामी हरिदास द. माधवाचार्य
उत्तर- स. स्वामी हरिदास

10. डिंगल भाषा का संबंध किस साहित्य से है?
अ. हरियाणवी साहित्य
ब. राजस्थानी साहित्य
स. अवधी साहित्य
द. मैथिली साहित्य
उत्तर- ब. राजस्थानी साहित्य

11. छत्रशाल और शिवाजी की वीरता का वर्णन किस कवि ने किया है?
अ. केशव ब. भूषण
स. बिहारी द. ग्वाल
उत्तर- ब. भूषण

12. निम्नलिखित में से कौनसा उपन्यास काशीनाथ सिंह का है?
अ. रेहन पर रग्घू
ब. चाक
स. एक ब्रेक के बाद
द. ग्लोबल गांव के देवता
उत्तर- अ. रेहन पर रग्घू

13. कवि स्वयंभू किस भाषा के कवि हैं?
अ. अपभ्रंश ब. पालि
स. प्राकृत द. अवहट्ट
उत्तर- अ. अपभ्रंश भाषा

14. 'सुन्दरी तिलक' के रचिता हैं?
अ. इन्द्र भूषण
ब. भारतेन्दु
स. उदय शंकर भट्ट
द. वीणापाणि मिश्र
उत्तर- ब. भारतेन्दु

15. 'कलम का सिपाही' क्या है?
अ. आत्मकथा
ब. रेखाचित्र
स. संस्मरण
द. जीवनी
उत्तर- द. जीवनी

16. मलिक मुहम्मद जायसी किस काव्यधारा के कवि हैं?
अ. ज्ञानमार्गी काव्यधारा
ब. प्रेमाख्यान काव्यधारा
स. नाथपंथी काव्यधारा
द. रासक काव्यधारा
उत्तर- ब. प्रेमाख्यान काव्यधारा

17. गोरख जगावो जोग, भगति भगावो लोग - यह काव्य पंक्ति किसकी है?
अ. गोरखनाथ ब. कबीर
स. तुलसी दास द. जायसी
उत्तर- स. तुलसी दास

18. तरनि-तनूजा-तट तमाल तरूवर बहुछाए प्रस्तुत पंक्यिों के रचयिता हैं?
अ. भारतेन्दु हरिश्चन्द
ब. रामधारी सिंह दिनकर
स. माखनलाल चतुर्वेदी
द. राम नरेश त्रिपाठी
उत्तर- अ. भारतेन्दु हरिश्चन्द

19. शब्दार्थो सहित काव्यम् यह पंक्ति किसकी है?
अ. मम्मट
ब. भामह
स. कुन्तक
द. चिन्तामणि
उत्तर- ब. भामह

20. 'शेष, महेस गनेश दिनेश सुरेश, जाहि निरंतर ध्यावें' ये पंक्ति किस कवि की हैं?
अ. सूरदास
ब. तुलसीदास
स. घनानंद
द. रसखान
उत्तर- द. रसखान

21. मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ में देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जायें वीर अनेक।।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं?
अ. सत्यनारायण पाण्डेय
ब. सोहन लाल द्विवेदी
स. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
द. माखनलाल चतुर्वेदी
उत्तर- द. माखनलाल चतुर्वेदी

22. 'हिन्दी साहित्य का अतीत' के लेखक हैं?
अ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
ब. विश्वनाथ त्रिपाठी
स. श्याम सुन्दर दास
द. गणपति चन्द्र गुप्त
उत्तर- अ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

23. जयशंकर प्रसाद का सर्वप्रथम नाटक है?
अ. सज्जन ब. राज्यश्री
स. कामना द. विशाख
उत्तर- ब. राज्यश्री

24. 'दूसरा दरवाजा' किस विधा की रचना हैं?
अ. नाटक ब. उपन्यास
स. गीत द. कहानी
उत्तर- अ. नाटक

25. 'शेष कादम्बरी' के रचयिता हैं?
अ. नरेश मेहता
ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी
स. बाणभट्ट
द. अलका सरावगी
उत्तर- द. अलका सरावगी

26. 'राग दरबारी (उपन्यास) के रचयिता हैं?
अ. राही मासूम रजा
ब. श्रीलाल शुक्ल
स. हरिशंकर परसाई
द. शरद जोशी
उत्तर- ब. श्रीलाल शुक्ल

27. ''जनमेजय का नाग यज्ञ'' किसकी कृति है?
अ. सेठ गोविन्द दास
ब. जयशंकर प्रसाद
स. मुंशी प्रेमचन्द
द. मुंशी सदासुख लाल
उत्तर- ब. जयशंकर प्रसाद

28. 'संतन को कहा सीकरी सो काम आवत जात पनहियां टूटीं बिसर गयो हरि नाम' ये पंक्तियां किस कवि की हैं?
अ. तुलसी दास ब. कुम्भन दास
स. कबीर दास द. दादू दयाल
उत्तर- ब. कुम्भन दास

29. 'अतीत के चलचित्र' के रचयिता हैं?
अ. जयशंकर प्रसाद
ब. सुमित्रा नंदन पंत
स. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
द. महादेवी वर्मा
उत्तर- द. महादेवी वर्मा

30. जी.पी. श्रीवास्तव किस वर्ग के नाटककार हैं?
अ. ऐतिहासिक
ब. प्रहसन
स. सुधारवादी
द. प्रयोगशील
उत्तर- ब. प्रहसन

31. चार बेचारे और 'उजबक' नामक नाटकों के रचयिता कौन हैं?
अ. जी.पी. श्रीवास्तव
ब. राधाचरण गोस्वामी
स. बालकृष्ण भट्ट
द. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'
उत्तर- द. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

32. 'रणधीर प्रेम मोहनी' नाटक किस प्रकार का है?
अ. दुखान्त
ब. सुखान्त
स. प्रसादान्त
द. कोई नहीं
उत्तर- अ. दुखान्त

33. 'शिवशम्भू का चिट्ठा' किसके निबंधों का संकलन है?
अ. प्रताप नारायण मिश्र
ब. बालकृष्ण भट्ट
स. राधाकृष्ण दास
द. बालमुकुन्द गुप्त
उत्तर- द. बालमुकुन्द गुप्त

34. 'लिखि कागद कोरे' किसका निबंध संग्रह है?
अ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
ब. डॉ. राम विलास शर्मा
स. शान्तिप्रिय द्विवेदी
द. अज्ञेय
उत्तर- द. अज्ञेय

35. 'सदाचार का ताबीज' एवं 'निठल्ले की डायरी' के लेखक कौन हैं?
अ. बेचन शर्मा उग्र
ब. बेढ़ब बनारसी
स. हरिशंकर परसाई
द. शरद जोशी
उत्तर- स. हरिशंकर परसाई

36. 'मलय के अंचल में' नामक यात्रा वर्णन के लेखक कौन हैं?
अ. मोहन राकेश
ब. अज्ञेय
स. हजारी प्रसाद द्विवेदी
द. विद्यानिवास मिश्र
उत्तर- द. विद्यानिवास मिश्र

37. कौनसा संकलन डॉ. नागेन्द्र के निबंधों का नहीं है?
अ. आलोक की आस्था
ब. विचार और विश्लेषण
स. कामाध्याम
द. विचार और विवेचन
उत्तर- स. कामाध्याम

38. 'मुझे चांद चाहिए' किस विधा की रचना है?
अ. निबंध ब. नाटक
स. उपन्यास द. कविता
उत्तर- स. उपन्यास

39. सरदार पूर्णसिंह किस युग के निबंधकार हैं?
अ. भारतेन्दु युग ब. द्विवेदी युग
स. शुक्ल युग द. शुक्लोत्तर युग
उत्तर- ब. द्विवेदी युग

40. 'साहित्य का इतिहास दर्शन' कृति के लेखक कौन हैं?
अ. रामचन्द्र शुक्ल ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी
स. नलिन विलोचन शर्मा
द. मुंशी प्रेम चंद
उत्तर- स. नलिन विलोचन शर्मा

41. 'दूसरी परम्परा की खोज' के लेखक कौन हैं?
अ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
ब. डॉ. नामवर सिंह
स. काशीनाथ सिंह
द. धर्मवीर भारती
उत्तर- ब. डॉ. नामवर सिंह

42. 'क्षण बोले कण मुस्काए' के रचनाकार कौन हैं?
अ. कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर'
ब. हरिशंकर परसाई
स. उपेन्द्र नाथ अश्क
द. प्रकाश चन्द्र गुप्त
उत्तर- अ. कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर'

43. 'तूफानों के बीच' किस विद्या की रचना है?
अ. रिपोर्ताज
ब. संस्मरण
स. आत्मकथा
द. यात्रा वृतांत
उत्तर- अ. रिपोर्ताज

44. रामा, बिन्दा, धीसा, भक्तिन, से सब क्या है?
अ. महादेवी वर्मा के संस्मरणात्मक रेखाचित्रों के पात्र
ब. कात्पनिक पात्र
स. दलित पात्र
द. प्रेमचन्द की कहानियों के पात्र
उत्तर- अ. महादेवी जी के संस्मरणात्मक रेखाचित्रों के पात्र

45. 'आवारा मसीहा' किस उपन्यासकार की जीवनी है?
अ. प्रेमचन्द
ब. शरतचन्द
स. रवीन्द्र नाथ टैगोर
द. विष्णु प्रभाकर
उत्तर- ब. शरतचन्द

46. 'प्रेमचन्द की जीवनी' किस नाम से लिखी गई है?
अ. कलम का मजदूर
ब. कलम का सिपाही
स. दुर्दन्त योद्धा
द. आवारा मसीहा
उत्तर- अ. कलम का मजदूर

47. क्या भूलूं क्या याद करूं किस विधा की रचना है?
अ. कविता ब. संस्मरण
स. रेखाचित्र द. आत्मकथा
उत्तर- द. आत्मकथा

48. 'बसेरे से दूर' किसकी आत्मकथा का एक भाग है?
अ. उग्र ब. बच्चन
स. यशपाल द. गुलाब राय
उत्तर- बच्चन

49. 'घुमक्कड़ शास्त्र' के लेखक कौन हैं?
अ. राहुल सांकृत्यायन
ब. यशपाल
स. प्रेमचन्द
द. अज्ञेय
उत्तर- अ. राहुल सांकृत्यायन

50. कौनसी रचना आत्मकथा नहीं है?
अ. सत्य के प्रयोग
ब. क्या भूलूं
स. आवारा मसीहा
द. मेरी असफलताएं
उत्तर- स. आवारा मसीहा

51. 'ठेले पर हिमालय' किस निबंधकार की रचना है?
अ. मोहन राकेश
ब. मनोहर श्याम जोशी
स. धर्मवीर भारती
द. अभिमन्यु अनत
उत्तर- स. धर्मवीर भारती

52. गणेश शंकर विद्यार्थी किस युग के निबंधकार हैं?
अ. भारतेन्दु युग
ब. द्विवेदी युग
स. शुक्ल युग
द. शुक्लोत्तर युग
उत्तर- ब. द्विवेदी युग

53. 'निन्दा रस' किस व्यंग्यकार का निबंध है?
अ. शरद जोशी
ब. हरिशंकर परसाई
स. के.पी. सक्सेना
द. रवीन्द्रनाथ त्यागी
उत्तर- ब. हरिशंकर परसाई

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

मध्यप्रदेश सहायक प्राध्यापक एवं राज्य सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, संविधान एवं राजव्यवस्था

1. **कांग्रेस की स्थापना में किसने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था?**
अ. महात्मा गांधी
ब. लार्ड डफरिन
स. ए. ओ. ह्यूम
द. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

2. **अंग्रेजों ने किस वर्ष सरकारी अधिकारियों को कांग्रेस अधिवेशनों में सम्मिलित होने पर रोक लगाई थी?**
अ. 1888 ब. 1890
स. 1895 द. 1899 में

3. **अंग्रेजों की नजर में दुधारू राज्य था?**
अ. अवध ब. बंगाल
स. सौराष्ट्र द. दिल्ली

4. **जलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच के लिए कांग्रेस द्वारा बनाई गई समिति के अध्यक्ष थे?**
अ. पी. सीतारमैया
ब. शौकत अली
स. सरदार पटेल
द. मदनमोहन मालवीय

5. **गरम दल के किस नेता ने विधवा विवाह किया था?**
अ. दामोदर चापेकर
ब. बालगंगाधर तिलक
स. लाला लाजपत राय
द. विपिनचंद्र पाल ने

6. **बालकृष्ण एवं दामोदर चापेकर ने महाराष्ट्र में प्लेग बीमारी के उन्मूलन में अंग्रेजों की निष्क्रियता से क्षुब्ध होकर रेण्ड और एम्स्ट अंग्रेज अधिकारियों की हत्या कब की थी?**
अ. 1897 में ब. 1899 में
स. 1905 में द. 1911 में

7. **किस जेल में लोकमान्य ने 1910-11 में गीता रहस्य पुस्तक का लेखन किया था?**
अ. पूना
ब. सेल्युलर
स. मांडले
द. कोल्हापुर

8. **द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भागीदारी निभाने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं?**
अ. सरदारी बेगम
ब. मीरा देसाई
स. सरोजिनी नायडू
द. विजयलक्ष्मी पंडित

9. **1936 में 'इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी' की स्थापना की थी?**
अ. डॉ. अम्बेडकर ने
ब. लाला लाजपत राय ने
स. सुभाषचंद्र बोस ने
द. कांशीराम ने

10. **''हमारा वास्तविक शत्रु कोई बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि हमारी अपनी कायरता, निष्क्रियता और लालच है। पराधीन राष्ट्र मात्र बलिदानों के बल पर ही स्वतंत्र हो सकता है, खोखली बयानबाजी और विलासिता से नहीं।'' यह कहा है -**
अ. दयानंद सरस्वती
ब. अरविंद घोष
स. लोकमान्य तिलक
द. बंकिम चंद्र ने

11. **प्रथम गोलमेज सम्मेलन का आयोजन लंदन के किस महल/भवन में हुआ था?**
अ. कर्जन हाऊस
ब. नेपोलियन पैलेस
स. विक्टोरिया हाऊस
द. सेंट जेम्स पैलेस में

12. **भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की बाइबिल कहलाती है?**
अ. पावर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया
ब. आनंद मठ
स. इंडिया विन्स फ्रीडम
द. माई एक्सपेरीमेंट्स विथ ट्रुथ

13. **'अवसर की समानता' का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में हैं?**
अ. अनुच्छेद 14 में
ब. अनुच्छेद 16 में
स. अनुच्छेद 17 में
द. अनुच्छेद 18 में

14. **लोक प्रशासन के अध्ययन में जो नया क्षेत्र उभरकर आया, वह है?**
अ. कार्मिक प्रशासन
ब. वित्तीय प्रशासन
स. सामाजिक प्रशासन
द. पुलिस प्रशासन

15. **हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त बनाये गए हैं?**
अ. अचल ज्योति
ब. राजीव कुमार
स. रघुराम राजन
द. ओम प्रकाश रावत

16. **अपराध को क्षमा या उसकी सजा को कम करने की शक्ति राष्ट्रपति को प्राप्त है?**
अ. अनुच्छेद 72 द्वारा
ब. अनुच्छेद 74 द्वारा
स. अनुच्छेद 76 द्वारा
द. अनुच्छेद 78 द्वारा

17. **शाहबानो प्रकरण का संबंध है?**
अ. मौलिक अधिकार से
ब. महाभियोग से
स. समान नागरिक संहिता से
द. साइबर क्राइम से

18. **भारत के किस राज्य में सर्वप्रथम राष्ट्रपति शासन लगाया गया था?**
अ. पंजाब में
ब. जम्मू-कश्मीर में
स. केरल में
द. बिहार में

19. **मध्यप्रदेश में पहली साझा सरकार बनी थी?**
अ. 1965 में ब. 1967 में
स. 1971 में द. 1992 में

20. **किस संविधान संशोधन द्वारा संघीय एवं राज्य मंत्रीमंडल का आकार निश्चित कर दिया गया है कि अब लोक/विधान सभा के कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक सदस्य मंत्री नहीं बनाए जाएंगे?**
अ. 91 वें संविधान संशोधन
ब. 92 वें संविधान संशोधन
स. 93 वें संविधान संशोधन
द. 94 वें संविधान संशोधन

21. **वित्त विधेयक प्रस्तुत किया जाता है?**
अ. उच्च सदन में
ब. निम्न सदन में
स. किसी भी सदन में
द. संयुक्त रूप से दोनों सदनों में

22. **केन्द्र सरकार के मंत्री संवैधानिक एवं व्यावहारिक रूप से किसके प्रसादपर्यन्त अपना पद ग्रहण करते हैं?**
अ. राष्ट्रपति
ब. प्रधानमंत्री
स. पार्टी अध्यक्ष
द. विकल्प अ एवं ब दोनों

23. **सन् 1976 में 42 वें संविधान संशोधन द्वारा किस समिति/आयोग की सिफारिश पर 10 मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में जोड़ा गया है?**
अ. सरदार स्वर्ण सिंह समिति
ब. दिनेश गोस्वामी समिति
स. अशोक मेहता समिति
द. सरकारिया आयोग

24. **आपातकाल में भी निलंबित न होने वाले मूलाधिकार संबंधी अनुच्छेद हैं?**
अ. 19 एवं 20
ब. 19 एवं 21
स. 20 एवं 21
द. 20 एवं 22

25. **मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं?**
अ. प्रताप करोसिया
ब. डॉ. निशांत खरे
स. डॉ. यतीन्द्र सिंह सिसौदिया
द. सुखविंदर रंधावा

26. **राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया वर्णित है?**
अ. अनुच्छेद 61 में
ब. अनुच्छेद 63 में
स. अनुच्छेद 64 में
द. अनुच्छेद 66 में

27. **अनुच्छेद-356 का अब तक प्रयोग हुआ है?**
अ. 87 बार
ब. 95 बार
स. 100 बार
द. 100 से अधिक बार

28. **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निहित है?**
अ. अनुच्छेद 16 में
ब. अनुच्छेद 19 में
स. अनुच्छेद 20 में
द. अनुच्छेद 21 में

29. **भारत की संविधान सभा में महिला सदस्यों की संख्या थी?**
अ. 10 ब. 12
स. 15 द. 18

30. **भारत में सिविल सर्विस का जनक किस गवर्नर जनरल को कहा जाता है?**
अ. लार्ड क्लाइव को
ब. लार्ड कार्नवालिस को
स. लार्ड वेलेजली को
द. लार्ड कर्जन को

31. **किसने भारतीय लोक सेवकों के लिए प्रशिक्षण के लिए फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की थी?**
अ. वारेन हेस्टिंग ने
ब. लार्ड डलहौजी
स. लार्ड क्लाइव ने
द. लार्ड वेलेजली ने

32. **न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती किस कार्य को प्रारंभ करने के कारण लोकप्रिय रहे हैं?**
अ. लोक अदालत
ब. जनहित याचिका
स. नि: शुल्क न्याय
द. मंत्रिमंडल का निश्चित आकार।

33. **इनमें कौन कभी भी मध्यप्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष नहीं रहा है?**
अ. बृजमोहन मिश्र
ब. कुंजीलाल दुबे
स. श्यामाचरण शुक्ल
द. श्रीनिवास तिवारी

34. **डी.वाई. चन्द्रचूड़ वर्तमान में किस पद पर पदस्थ हैं?**
अ. कैबीनेट सेक्रेटरी
ब. भारत के अटार्नी जनरल
स. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश
द. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

35. **इनमें से असत्य कथन है?**
अ. संविधान में मूल कर्तव्यों को सोवियत संघ (रूसी) संविधान से लिया गया है।
ब. जर्मन संविधान से आपातकालीन उपबंध लिये गये हैं।
स. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा हेतु 12 सदस्य मनोनित किये जाते हैं।
द. प्रधानमंत्री ही राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष होता है।

36. **एक अधिकारी जब अपने कुछ अधिकार ही अधीनस्थों को सौंपता है, उसे कहते हैं?**
अ. पूर्ण प्रत्यायोजन
ब. आंशिक प्रत्यायोजन
स. प्रत्यक्ष प्रत्यायोजन
द. औपचारिक प्रत्यायोजन

37. **इनमें सही युग्म नहीं है?**
अ. राष्ट्रीय शिक्षा दिवस- 11 नवंबर
ब. विश्व जनसंख्या दिवस- 11 जुलाई
स. विश्व साक्षरता दिवस- 14 सितंबर
द. राष्ट्रीय मतदाता दिवस- 25 जनवरी

38. **अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण स्थान किस अनुच्छेद में दिया गया है?**
अ. 50 में ब. 51 में
स. 65 में द. 68 में

39. **प्रस्तावना में वर्णित 'स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व' के आदर्श प्रेरित है?**
अ. रूसी क्रांति से
ब. अमेरिकी क्रांति से
स. फ्रांसीसी क्रांति से
द. चीनी क्रांति से

40. **जवाहरलाल नेहरु पुलिस प्रशिक्षण अकादमी स्थित है?**
अ. सागर में
ब. जबलपुर में
स. ग्वालियर में
द. इन्दौर में।

41. **मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की बेंच (खंडपीठ) स्थित है?**
अ. इंदौर एवं सागर में
ब. इंदौर एवं भोपाल में
स. भोपाल एवं ग्वालियर में
द. ग्वालियर एवं इंदौर में

42. **अनुच्छेद 40 में उल्लेख है?**
अ. समान कार्य पर समान वेतन का
ब. समान नागरिक संहिता का
स. पंचायतीराज की स्थापना का
द. अंतर्राष्ट्रीय संधि का

43. **मध्यप्रदेश की राज्यपाल बनने वाली पहली महिला हैं?**
अ. वी. रमा देवी
ब. आशा गोपालन
स. सरला ग्रेवाल
द. मारग्रेट अल्वा

44. **भारत में 'प्रवासी दिवस' मनाया जाता है?**
अ. 9 जनवरी को
ब. 10 फरवरी को
स. 11 मार्च को
द. 12 अप्रैल को

45. **क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करता है?**
अ. प्रधानमंत्री
ब. राष्ट्रपति
स. गृह मंत्री
द. रक्षा मंत्री

46. **मध्यप्रदेश में गठित किया गया नवीनतम विभाग है?**
अ. दैनिक वेतनभोगी कल्याण विभाग
ब. जनकल्याण आंकलन विभाग
स. नियमित विद्युत सेवा विभाग
द. आनंद विभाग

47. **संविधान की प्रस्तावना में 'भारत' शब्द प्रयुक्त हुआ है?**
अ. एक बार ब. दो बार
स. तीन बार द. चार बार

48. **किस संविधान संशोधन द्वारा मतदान हेतु न्यूनतम आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई है?**
अ. 59 वें द्वारा
ब. 61 वें द्वारा
स. 73 वें द्वारा
द. 84 वें द्वारा

49. **किस समाचार पत्र या पत्रकार ने कैबीनेट मिशन को भारत का भविष्य बिगाड़ने के लिये ब्रिटेन द्वारा प्रस्तुत योजना कहा था?**
अ. फ्री प्रेस जनरल ने
ब. गणेश शंकर विद्यार्थी ने
स. टाइम्स ऑफ इंडिया ने
द. माखनलाल चतुर्वेदी ने

50. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु किस राज्य की राज्यपाल रह चुकीं हैं?**
अ. ओडिशा ब. बिहार
स. पश्चिम बंगाल द. झारखंड

उत्तरमाला

1. स	2. ब	3. अ	4. द
5. द	6. अ	7. स	8. स
9. अ	10. ब	11. द	12. अ
13. ब	14. स	15. ब	16. अ
17. स	18. अ	19. ब	20. अ
21. ब	22. द	23. अ	24. स
25. ब	26. अ	27. द	28. ब
29. स	30. ब	31. द	32. ब
33. स	34. द	35. द	36. ब
37. स	38. ब	39. स	40. अ
41. द	42. स	43. स	44. अ
45. स	46. द	47. ब	48. ब
49. अ	50. द		

व्याख्यात्मक हल

21. ब. संसदीय शासन प्रणाली में प्राय: वित्त विधेयक निम्न सदन में ही प्रस्तुत किया जाता है। भारत में केन्द्रीय स्तर पर लोक सभा एवं राज्य स्तर पर विधान सभाएं निम्न सदन के रूप में कार्य करती हैं।

25. ब. मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए डॉ. निशांत खरे एक प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन हैं।

35. द. संसदीय प्रणाली में राष्ट्रपति को राष्ट्राध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री को शासनाध्यक्ष कहा जाता है।

37. स. विश्व साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाता है।

46. स. मध्यप्रदेश में आनंद विभाग नवीनतम विभाग के रूप में गठित हुआ है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र/लोक प्रशासन एवं व्यक्तित्व विकास है।)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य भूगोल

1. भारत का एकमात्र पहला कौन सा राज्य दो केन्द्र शासित प्रदेश के रूप में बना है -
अ) जम्मू और कश्मीर
ब) केरल
स) तेलंगाना
द) सिक्किम

2. लद्दाख की राजधानी है -
अ) कारगिल ब) लेह
स) श्रीनगर द) राजौरी

3. विश्व का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र है -
अ) सियाचिन
ब) कारगिल
स) लेह
द) इनमें से कोई नहीं

4. श्योक एवं गिलगित किसकी सहायक नदी है -
अ) रावी नदी
ब) झेलम नदी
स) सतलज नदी
द) सिंधु नदी

5. निम्न में से कौन-सा दर्रा लद्दाख राज्य में स्थित नहीं है -
अ) शिपकी ला
ब) इमिस ला
स) चांग ला
द) लनक ला

6. श्रीनगर शहर कौन सी नदी के किनारे बसा हुआ है -
अ) सिंधु नदी ब) सतलज नदी
स) झेलम नदी द) रावी नदी

7. वितस्ता किस नदी का पुराना नाम है -
अ) सिंधु नदी ब) झेलम नदी
स) चेनाब नदी द) सतलज नदी

8. सेलाल और दुलहस्ती परियोजना किस नदी पर स्थित हैं -
अ) सिंधु नदी ब) झेलम नदी
स) चेनाब नदी द) रावी नदी

9. भारत का शीत मरुस्थल किसे कहा जाता है -
अ) लद्दाख ब) कश्मीर घाटी
स) सुरमा घाटी द) दार्जिलिंग

10. कौन सा राष्ट्रीय उद्यान जम्मू और कश्मीर में नहीं है -
अ) दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान
ब) किश्तवाड राष्ट्रीय उद्यान
स) काजीनाग राष्ट्रीय उद्यान
द) ग्रेट हिमालय राष्ट्रीय उद्यान

11. कश्मीर घाटी किन दो पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित है -
अ) लद्दाख और जंस्कार
ब) वृहद हिमालय और पीरपंजाल
स) वृहत हिमालय और जंस्कार
द) काराकोरम और लद्दाख

12. हाई एल्टीट्यूड रिसर्च लेबोरेटरी कहां स्थित है -
अ) गुलमर्ग
ब) कारगिल
स) लेह
द) इनमें से कोई नहीं

13. पंजाब की सीमा से जम्मू और कश्मीर राज्य का कौन सा जिला लगा हुआ है -
अ) जम्मू ब) कठुआ
स) किश्तवाड़ द) राजौरी

14. भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है -
अ) डल झील
ब) वुलर झील
स) मानस झील
द) इनमें से कोई नहीं

15. जम्मू नगर किस नदी के किनारे बसा हुआ है -
अ) तवी नदी ब) सिंधु नदी
स) शयोक नदी द) रावी नदी

16. निम्न में से कौन सा दर्रा जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित है -
अ) जोजीला दर्रा
ब) काराकोरम दर्रा
स) पीरपंजाल दर्रा
द) उपरोक्त सभी

17. निम्न में से कौन सी झील लद्दाख राज्य में स्थित है -
अ) वांगोंग त्सो झील
ब) त्सो मोरीरी झील
स) त्सो कार झील
द) उपरोक्त सभी

18. करेवा भू-आकृति कहां पायी जाती है -
अ) उत्तरी-पूर्वी हिमालय
ब) कश्मीर हिमालय
स) पूर्वी हिमालय
द) हिमाचल-उत्तराखण्ड-हिमालय

19. जम्मू और कश्मीर का राजकीय पशु है -
अ) हंगुल ब) शेर
स) चीता द) हाथी

20. उरी बांध जम्मू और कश्मीर में किस नदी पर स्थित है -
अ) व्यास नदी ब) चिनाब नदी
स) रावी नदी द) झेलम नदी

21. जम्मू और कश्मीर रियासत के अंतिम शासक महाराजा कौन थे -
अ) हरिसिंह ब) करणसिंह
स) प्रताप सिंह द) विक्रम सिंह

22. जम्मू और कश्मीर परिसीमन आयोग के प्रमुख कौन हैं -
अ) के.वी. कामथ
ब) रंजना देसाई
स) रंजन गोगोई
द) ए.के. सीकरी

23. लद्दाख पड़ोसी राज्य नहीं है -
अ) जम्मू और कश्मीर
ब) हिमाचल प्रदेश
स) पंजाब
द) इनमें से कोई नहीं

24. कौन सी जनजाति/जाति जम्मू और कश्मीर में नहीं पायी जाती है -
अ) बकरवाल जनजाति
ब) डोगरा जनजाति
स) गुर्जर जनजाति
द) मिश्मी जनजाति

25. लद्दाख केन्द्र शासित राज्य में कौनसी जनजाति पायी जाती है -
अ) बाल्टी जनजाति
ब) चांगपा जनजाति
स) द्रोकवा जनजाति
द) उपरोक्त सभी

26. लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश के रुप में कब बना -
अ) 25 जनवरी 2019
ब) 31 अक्टूबर 2019
स) 26 अगस्त 2018
द) 15 जून 2019

27. भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश है -
अ) लद्दाख
ब) जम्मू और कश्मीर
स) दिल्ली
द) चण्डीगढ़

28. जवाहर सुरंग किस राज्य में स्थित है -
अ) हिमाचल प्रदेश
ब) पंजाब
स) उत्तराखण्ड
द) जम्मू और कश्मीर

29. भारत का कौन सा राज्य केसर उत्पादक है -
अ) जम्मू और कश्मीर
ब) केरल
स) पश्चिम बंगाल
द) पंजाब

30. भारत का सुदूरस्थ उत्तरी बिन्दु है -
अ) इंदिरा कॉल ब) गौर मोता
स) किबिथु द) इंदिरा प्वॉइंट

31. जम्मू और कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश की सीमा किस देश से लगती है -
अ) चीन
ब) अफगानिस्तान
स) पाकिस्तान
द) इनमें से कोई नहीं

32. निम्न श्रेणीयों को उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर व्यवस्थित कीजिए -
अ) लद्दाख-जांस्कर-काराकोरम-पीरपंजाल
ब) काराकोरम-पीरपंजाल-जांस्कर-लद्दाख
स) काराकोरम-लद्दाख-जांस्कर-पीरपंजाल
द) लद्दाख-पीरपंजाल-काराकोरम-जांस्कर

33. भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट गॉडविन ऑस्टिन (के2) किस पर्वत श्रेणी में स्थित है -
अ) काराकोरम श्रेणी
ब) पीरपंजाल श्रेणी
स) जास्कर श्रेणी
द) अरावली श्रेणी

34. मरखा घाटी स्थित है -
अ) लद्दाख
ब) हिमाचल प्रदेश
स) उत्तराखण्ड
द) अरुणांचल प्रदेश

35. लद्दाख केन्द्र शासित राज्य का प्रमुख नृत्य है -
अ) शॉडोल नृत्य ब) कुमायुनी नृत्य
स) बिहू नृत्य द) पाइका

36. हेमिस राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है -
अ) कर्नाटक
ब) जम्मू और कश्मीर
स) लद्दाख
द) केरल

37. निम्न में से कौन सा जिला जम्मू और कश्मीर में नहीं है -
अ) किश्तवाड़ ब) कुपवाड़ा
स) राजौरी द) कारगिल

38. एणिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस प्रदेश में स्थित है -
अ) राजस्थान
ब) गुजरात
स) जम्मू और कश्मीर
द) लद्दाख

39. भारत में सबसे उंचा पठार कौन सा है -
अ) छोटा नागपुर का पठार
ब) लद्दाख का पठार
स) मालवा का पठार
द) बघेलखण्ड का पठार

40. गलवान घाटी किस प्रदेश में स्थित हैं -
अ) सिक्किम
ब) हिमाचल प्रदेश
स) जम्मू और कश्मीर
द) लद्दाख

उत्तरमाला

1. अ, 2. ब, 3. अ, 4. द, 5. अ, 6. स, 7. ब, 8. स, 9. अ, 10. द, 11. ब, 12. अ, 13. ब, 14. ब, 15. अ, 16. द, 17. द, 18. ब, 19. अ, 20. द, 21. अ, 22. ब, 23. स, 24. द, 25. द, 26. ब, 27. अ, 28. द, 29. अ, 30. अ, 31. स, 32. स, 33. अ, 34. अ, 35. अ, 36. स, 37. द, 38. स, 39. ब, 40. द

- डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द, जिला देवास में भूगोल के सहायक प्राध्यापक हैं)

मुख्यमंत्री के दिल से निकली लाड़ली बहना योजना बहनों के दिल में बसी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के दिल से निकली लाड़ली बहना योजना प्रदेश की सभी बहनों के दिल में समा गई है। बहनों में योजना के प्रति अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। 26 अप्रैल तक की स्थिति में योजना में एक करोड़ 14 लाख 39 हजार 165 महिलाएं योजना में अपना पंजीयन करा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने बेटियों को वरदान बनाने वाली लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अपनी बहनों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिये 5 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लॉन्च की। यह योजना प्रदेश की बहनों को इस तरह भायी कि लगभग सवा माह की अल्प अवधि में ही पंजीयन की संख्या एक करोड़ के पार पहुंच गई।

मुख्यमंत्री की सजगता और संवेदनशील सोच से उपजी लाड़ली बहना योजना में अब तक भोपाल संभाग के भोपाल जिले में 2 लाख 71 हजार 38, रायसेन जिले में 2 लाख 25 हजार 139, राजगढ़ जिले में 2 लाख 58 हजार 142, सीहोर जिले में 2 लाख 20 हजार 606 और विदिशा जिले में 2 लाख 52 हजार 989 आवेदन हो चुके हैं। चम्बल संभाग के भिण्ड जिले में 2 लाख 51 हजार 647, मुरैना जिले में 3 लाख 4 हजार 35 और श्योपुर जिले में 99 हजार 205 आवेदन हुए हैं। ग्वालियर संभाग के ग्वालियर जिले में 2 लाख 82 हजार 940, अशोकनगर में एक लाख 38 हजार 684, दतिया में एक लाख 30 हजार 933, गुना में 2 लाख 10 हजार 684 और शिवपुरी जिले में 2 लाख 59 हजार 306 आवेदन बहनें भर चुकी हैं।

नर्मदापुरम जिले में एक लाख 86 हजार 158, बैतूल में 2 लाख 44 हजार 692, हरदा जिले में 81 हजार 322 आवेदन आये हैं। इंदौर संभाग के इंदौर जिले में 4 लाख 2 हजार 362, अलीराजपुर में एक लाख 19 हजार 138, बड़वानी में 2 लाख 19 हजार 94, बुरहानपुर में एक लाख 16 हजार 939, धार में 3 लाख 58 हजार 982, झाबुआ में एक लाख 82 हजार 430, खण्डवा में एक लाख 96 हजार 953 और खरगोन जिले में 2 लाख 84 हजार 199 प्राप्त हुए हैं।

जबलपुर संभाग के जबलपुर जिले में 3 लाख 42 हजार 982, बालाघाट में 3 लाख 27 हजार 600, छिंदवाड़ा में 3 लाख 60 हजार 56, डिण्डोरी में एक लाख 21 हजार 986, कटनी में 2 लाख 26 हजार 729, मण्डला में एक लाख 80 हजार 577, नरसिंहपुर में एक लाख 94 हजार 128 और सिवनी जिले में 2 लाख 46 हजार 363 बहनों ने आवेदन किये। रीवा संभाग के रीवा जिले में 3 लाख 52 हजार 782, सतना में 3 लाख 33 हजार 955, सीधी में एक लाख 87 हजार 977 और सिंगरौली जिले में एक लाख 74 हजार 891 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

सागर संभाग के सागर जिले में 3 लाख 69 हजार 165, छतरपुर में 2 लाख 82 हजार 931, दमोह में 2 लाख 14 हजार 612, निवाड़ी में 71 हजार 461, पन्ना में एक लाख 58 हजार 48 और टीकमगढ़ जिले में एक लाख 82 हजार 480 आवेदनों का पंजीयन हुआ है। शहडोल संभाग के शहडोल जिले में एक लाख 74 हजार 126, अनूपपुर जिले में एक लाख 19 हजार 599 और उमरिया जिले में 99 हजार 441 आवेदन प्राप्त हुए।

उज्जैन संभाग के उज्जैन जिले में 3 लाख 11 हजार 122, आगर-मालवा में एक लाख 3 हजार 463, देवास में 2 लाख 54 हजार 542, मंदसौर में 2 लाख 33 हजार 326, नीमच में एक लाख 39 हजार 141, रतलाम में 2 लाख 31 हजार 327 और शाजापुर जिले में एक लाख 46 हजार 738 बहनों ने योजना में पंजीयन कराया है।

उन्नत टेक्नोलॉजी के साथ नागरिकों को सस्ता और निःशुल्क उपचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्नत टेक्नोलॉजी के साथ नागरिकों को सस्ता और निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने नई दिल्ली में वन अर्थ-वन हेल्थ एडवांटेज हेल्थ केयर इण्डिया के एफआईसीसीआई मेडिकल वेल्यू ट्रेवल अवॉर्ड-2023 समारोह में कही। समारोह का आयोजन केंद्र सरकार और एफआईसीसीआई द्वारा किया गया। समारोह में राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री सहित देश और अन्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुये।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत में उपचार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत में उपचार की सुविधाओं को दूसरे देश के नागरिक आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये भारत में स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। फार्मास्युटिकल के क्षेत्र में भारत एक हब है। डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने और नागरिकों को उपचार उपलब्ध करवाने के कार्य लगातार किये जा रहे हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से कौन स्कर्वी रोग के इलाज में उपयोगी है?
अ. आम ब. पपीता
स. आंवला द. बैर
उत्तर- स. आंवला

2. निमोनिया रोग शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?
अ. फेफड़े ब.आंत
स. यकृत द. हृदय
उत्तर- अ. फेफड़े

3. निम्नलिखित में से वह पौधा कौन सा है जो अपने भोजन के लिए कीटों को पकड़ लेता है?
अ. डहेलिया ब. सल्विया
स. यूट्रीकुलेरिया द. बाल्सम
उत्तर- स. यूट्रीकुलेरिया
व्याख्या- कुछ पौधों में नाइट्रोजन की कमी होती है जिसकी पूर्ति के लिए वे कीटों का भक्षण करते हैं जैसे- यूट्रीकुलेरिया, ड्रोसेरा, डायोनिया, नेपेंथेस आदि।

4. 'स्पंजगुहा' किस जन्तुसंघ का विशिष्ट लक्षण है?
अ. प्रोटोजोआ ब. पोरीफेरा
स. निडेरिया द. हैल्मीन्थीज
उत्तर- ब. पोरीफेरा
व्याख्या- स्पंजगुहा पोरीफेरा जन्तुसंघ का विशिष्ट लक्षण है। इनके शरीर की देहभित्ति में असंख्य सूक्ष्म ऑस्टिया नामक छिद्र होते हैं, जो इनके लिए मुखगुहा का काम करते हैं।

5. त्वचा की ऊपरी सतह क्या कहलाती है?
अ. एंडोडर्मिस
ब. एपिडर्मिस
स. डर्मिस
द. स्पेशियल डर्मिस
उत्तर- ब. एपिडर्मिस

6. आँसू का pH मान क्या होता है?
अ. 7.4 ब. 8.5
स. 6.0 द. 6.3
उत्तर- अ. 7.4
व्याख्या- आँसू हल्के क्षारीय होते हैं।

7. कम्प्यूटर माउस का आविष्कार किसने किया?
अ. डगलस एंगेलबर्ट
ब. बार्नर बुश
स. राबर्ट स्मिथ
द. हर्मन होलेरिथ
उत्तर- अ. डगलस एंगेलबर्ट

8. प्रिन्ट देने के लिए किस मेन्यू को सेलेक्ट करेंगे?
अ. फाइल ब. टूल्स
स. स्पेशल द. एडिट
उत्तर- अ. फाइल

9. एसएसडी का पूर्ण रूप क्या है?
अ. सॉलिड सेट ड्राइव
ब. स्मॉल स्टेट ड्राइव
स. सॉलिड स्टेट ड्राइव
द. स्टेटिक स्टेट ड्राइव
उत्तर- स. सॉलिड स्टेट ड्राइव
व्याख्या- एसएसडी डेटा को लगातार स्टोर करने के लिए इंटीग्रेटेड असेंबली का उपयोग करता है।

10. 1 गीगाबाइट में कितने मेगाबाइट्स होते हैं?
अ. 256 ब. 512
स. 2048 द. 1024
उत्तर- द. 1024

11. ''माइक्रोसॉफ्ट वर्ड'' उदाहरण है?
अ. एक ऑपरेशन सिस्टम का
ब. एक इनपुट डिवाइस का
स. एक प्रोसेसिंग डिवाइस का
द. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का
उत्तर- द. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का

12. आई.एस.डी.एन. एक दूरसंचार प्रौद्योगिकी है जहां?
अ. ध्वनि, वीडियो एवं डाटा साथ-साथ संचारित होते हैं।
ब. केवल ध्वनि संचरित होती है।
स. केवल वीडियो संचरित होता है।
द. केवल डाटा संचरित होता है।
उत्तर- अ. ध्वनि, वीडियो एवं डाटा साथ-साथ संचारित होते हैं।

13. उस आंदोलन की पहचान करें जो वनों के बारे में आम जनता की जागरूकता का जीवंत उदाहरण है?
अ. वन महोत्सव
ब. भारत छोड़ो आंदोलन
स. हरित क्रांति
द. चिपको आंदोलन
उत्तर- द. चिपको आंदोलन

14. भद्रा वन्यजीव अभ्यारण्य किस राज्य में स्थित है?
अ. केरल ब. मध्यप्रदेश
स. आंध्रप्रदेश द. कर्नाटक
उत्तर- द. कर्नाटक

15. निम्न प्रदूषक एजेन्टों में से कौन सा एजेंट ओजोन परत में छेद बनाने के लिए जिम्मेदार है?
अ. CO ब. CFC
स. SO_2 द. CH_4
उत्तर- ब. CFC

16. ई-गवर्नेंस कार्य प्रणाली ई-कोर्ट में MMP का पूर्ण रूप है?
अ. मेक मिशन प्राइवेट
ब. मेजर मिशन प्रोजेक्ट
स. मिशन मोड प्रोजेक्ट
द. मोर मिशन प्रोजेक्ट
उत्तर- स. मिशन मोड प्रोजेक्ट

17. भूक्षरण किसके द्वारा रोका जा सकता है?
अ. पक्षी जनसंख्या बढ़ाकर
ब. वनारोपण करके
स. वनस्पति हटाकर
द. अति-चराई
उत्तर- ब. वनारोपण करके

18. ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की स्थापना किस वर्ष हुई?
अ. 1991 ब. 1971
स. 2003 द. 2010
उत्तर- स. 2003

19. हाल ही में रीवा के सुंदरजा आम के साथ-साथ किसको मध्यप्रदेश में G.I. टैग प्राप्त हुआ?
अ. रतलाम के सेव को
ब. चंदेरी की साड़ी को
स. मुरैना की गजक को
द. बालाघाट के चिन्नौर चावल को
उत्तर- स. मुरैना की गजक को

20. कैप्टन राकेश शर्मा ने किस वर्ष में एक सोवियत अंतरिक्ष कार्यक्रम में अंतरिक्ष की यात्रा की?
अ. 1981 ब. 1982
स. 1983 द. 1984
उत्तर- द. 1984

21. प्रसिद्ध संगीतकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान किस संगीत वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?
अ. तबला से ब. बांसुरी से
स. सितार से द. शहनाई से
उत्तर- द. शहनाई से

22. विश्व साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?
अ. 21 फरवरी ब. 27 जुलाई
स. 8 सितम्बर द. 5 अगस्त
उत्तर- स. 8 सितम्बर
व्याख्या- 17 नवम्बर, 1964 को यूनेस्को ने 8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया। पहली बार 1966 में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया।

23. डॉर्क एवेंजर, सी ब्रेन शब्दावली किससे संबंधित है?
अ. खेल से ब. शिक्षा से
स. स्वास्थ्य से द. कम्प्यूटर से
उत्तर- द. कम्प्यूटर से

24. त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना के लिए किसी राज्य की न्यूनतम कितनी जनसंख्या होना अनिवार्य है?
अ. 10 लाख ब. 20 लाख
स. 30 लाख द. 40 लाख
उत्तर- ब. 20 लाख

25. मध्यप्रदेश में प्रथम नगर निगम कहां स्थापित किया गया?
अ. इंदौर ब. भोपाल
स. ग्वालियर द. जबलपुर
उत्तर- द. जबलपुर

26. निम्न में से कौन मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे?
अ. भाई महावीर
ब. बलराम जाखड़
स. रामनरेश यादव
द. कृष्णमोहन सेठ
उत्तर- ब. बलराम जाखड़

27. मध्यप्रदेश विधानसभा के संदर्भ में सत्य कथन पर विचार कीजिए?
अ. प्रथम उपाध्यक्ष - श्री विष्णु विनायक सरवटे
ब. प्रथम विधानसभा-अध्यक्ष - पं. कुंजीलाल दुबे
स. प्रथम महिला उपाध्यक्ष - सुश्री हिना कावरे
द. उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं
उत्तर- द. उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

28. निम्न में से मध्यप्रदेश के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री जो प्रोटेम स्पीकर एवं विपक्ष के नेता भी रहे हैं?
अ. दिग्विजय सिंह
ब. श्यामाचरण शुक्ल
स. सुंदरलाल पटवा
द. अर्जुन सिंह
उत्तर- द. अर्जुन सिंह

29. मध्यप्रदेश में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लागू हुआ?
अ. 2 बार ब. 3 बार
स. 4 बार द. 5 बार
उत्तर- ब. 3 बार

30. निम्नलिखित अधिनियमों में से किस अधिनियम के फलस्वरूप बर्मा भारत से अलग हुआ?
अ. इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1909
ब. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919
स. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- स. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935

31. 1935 के अधिनियम द्वारा स्थापित संघ में अवशेष शक्तियां किसको दी गई थी?
अ. संघीय विधानसभा को
ब. प्रांतीय विधानमंडल को
स. गवर्नर जनरल को
द. प्रांतीय गवर्नरों को
उत्तर- स. गवर्नर जनरल को

32. निम्नलिखित में से किस राज्य में जनजातीय कल्याण मंत्री की नियुक्ति का संवैधानिक प्रावधान नहीं है?
अ. राजस्थान में
ब. मध्यप्रदेश में
स. छत्तीसगढ़ में
द. ओडिशा में
उत्तर- अ. राजस्थान में

33. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

नदी	सहायक नदी
अ. वेनगंगा	नर्मदा
ब. क्षिप्रा	चंबल
स. तवा	नर्मदा
द. वेतवा	यमुना

उत्तर- अ. वेनगंगा नर्मदा

34. B2C से क्या तात्पर्य है?
अ. बिजनेस टू कस्टूमर
ब. बिजनेस टू कंज्यूमर
स. बिजनेस टू कास्टिंग
द. उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब. बिजनेस टू कंज्यूमर

35. ऑल इंडिया रेडियो के समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
अ. डॉ. वसुधा गुप्ता
ब. राजीव कुमार
स. आर.के. गुप्ता
द. ए.के. जोशी
उत्तर- अ. डॉ. वसुधा गुप्ता

36. मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री संजीवनी पॉलीक्लीनिक का शुभारंभ किस जिले में किया गया?
अ. ग्वालियर ब. भोपाल
स. निवाड़ी द. भिंड
उत्तर- ब. भोपाल

37. हाल ही में किस क्रिकेट टीम ने ICC Mens T20 World Cup 2022 का खिताब जीता है?
अ. ऑस्ट्रेलिया ब. श्रीलंका
स. इंग्लैंड द. न्यूजीलैंड
उत्तर- स. इंग्लैंड

38. पांचवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 का आयोजन किस राज्य में हुआ?
अ. हिमाचल प्रदेश
ब. उत्तरप्रदेश
स. महाराष्ट्र
द. मध्यप्रदेश
उत्तर- द. मध्यप्रदेश

39. किस संस्थान के द्वारा 'एजुकेशन-4.0 इंडिया रिपोर्ट' लॉन्च की गयी?
अ. विश्व बैंक
ब. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
स. विश्व आर्थिक मंच
द. यू.एन.डी.पी.
उत्तर- स. विश्व आर्थिक मंच
व्याख्या- इस रिपोर्ट को विश्व आर्थिक फोरम, संयुक्त राष्ट्र बाल शिक्षा कोष (यूनीसेफ) और युवाह (Yuwaah) के सहयोग से जारी किया गया।

40. T20 मैचों में 3500 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बने हैं?
अ. बाबर आजम
ब. रोहित शर्मा
स. मार्टिन गुप्टिल
द. विराट कोहली
उत्तर- ब. रोहित शर्मा

41. हॉटमेल की शुरुआत किसने की थी?
अ. संचिन बंसल
ब. नंदन नीलकेणि
स. सबीर भाटिया
द. रोहित बंसल
उत्तर- स. सबीर भाटिया

42. अरुणाचल प्रदेश के नामचिक और नाम्फुक क्षेत्र किस लिए प्रसिद्ध हैं?
अ. कोयला के लिए
ब. तेल के लिए
स. बॉक्साइट के लिए
द. जिंक के लिए
उत्तर- अ. कोयला के लिए

43. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी निम्न में से किस स्थान पर स्थित है?
अ. कार निकोबार
ब. लक्षद्वीप
स. बैरन द्वीप
द. अरुणाचल प्रदेश
उत्तर- स. बैरन द्वीप

44. निम्न में से किस स्थान पर सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है?
अ. कश्मीर घाटी में
ब. शान्त घाटी में
स. सुरमा घाटी में
द. फूलों की घाटी में
उत्तर- ब. शान्त घाटी में
व्याख्या- यह घाटी केरल में स्थित है।

45. निम्न में से धौलाधर श्रेणी की प्रमुख जनजाति है?
अ. लेप्चा ब. गद्दी
स. थारु द. अबोर
उत्तर- ब. गद्दी
व्याख्या- गद्दी जनजाति मुख्यतः हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पायी जाती है।

46. मध्यप्रदेश में बानमौर सीमेंट कारखाना कब स्थापित किया गया था?
अ. 1924-25 ब. 1921-22
स. 1922-23 द. 1920-21
उत्तर- स. 1922-23

47. शारदा माता का मंदिर किस जिले में स्थित?
अ. रीवा ब. पन्ना
स. सीधी द. सतना
उत्तर- द. सतना
व्याख्या- शारदा माता मंदिर, सतना जिले के पर्वत पर स्थित है।

48. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मुख्यालय कहां स्थित है?
अ. कोलकाता ब. चेन्नई
स. देहरादून द. नई दिल्ली
उत्तर- द. नई दिल्ली

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

भारतीय रेल की प्रगति और उपलब्धि के 170 साल

देश में सार्वजनिक परिवहन के सबसे बड़े साधन का पर्याय बन चुकी भारतीय रेल के प्रगति और उपलब्धियों का सफर 170 साल का हो चुका है। भारत में 16 अप्रैल, 1853 को पहली ट्रेन बोरीबंदर बंबई (मुंबई) स्टेशन से ठाणे के बीच चलाई गई थी। उस दौर में भाप के इंजन से ट्रेनों का संचालन किया जाता था, लेकिन आज देश में विकसित अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सेमी हाइस्पीड वंदे भारत ट्रेनें पूरे देश में चलाई जा रही हैं। तब से लेकर अब तक भारतीय रेल ने आत्मनिर्भर भारत की मिसाल कायम करते हुए अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं यह बात कह चुके हैं कि इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए भारतीय रेलवे का भी तेज विकास, भारतीय रेलवे में तेज सुधार ये सारी बातें बहुत जरूरी हैं।

पहली रेलगाड़ी का पहला सफर

16 अप्रैल, 1853 को पहली रेलगाड़ी को बंबई (मुंबई) के बोरीबंदर (छत्रपति शिवाजी टर्मिनल) से ठाणे के बीच चलाया गया था। इस गाड़ी ने 35 किलोमीटर का सफर बिना किसी परेशानी के पूरा किया था। इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर माना जाता है। इसमें 20 डिब्बे थे, जिनमें करीब 400 यात्री सवार थे। यह गाड़ी दिन में 3 बजकर 35 मिनट पर बोरीबंदर से रवाना हुई और 4 बजकर 45 मिनट पर ठाणे पहुंची। इसे चलाने के लिए ब्रिटेन से तीन इंजन मंगवाए गए थे। उसके बाद से भारतीय रेल लगातार प्रगति की पटरी पर दौड़ते हुए 170 साल से अनवरत रूप से आगे बढ़ रही है और नित नए कीर्तिमान गढ़ रही है।

तेजी से आधुनिक होती भारतीय रेल

अपने अब तक के शानदार सफर में भारतीय रेल ने न केवल जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे ब्रिज जैसे कई वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर मिसाल कायम की है, बल्कि विभिन्न विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशनों को भी डेवलप किया है। एक ओर जहां स्वदेशी स्वचलित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के माध्यम से यात्रियों का सफर अत्याधिक सुरक्षित हुआ है, वहीं देश में हाई टेक एलएचबी कोचेज एवं विस्टाडोम कोचेज से यात्रियों के सफर का अनुभव भी पूरी तरह से बदल गया है। तेजी से आधुनिक होती भारतीय रेल किस स्पीड और स्केल के साथ प्रगति कर रही है, यह बीते वर्ष में हासिल उपलब्धियों से समझा जा सकता है।

- **रिकॉर्ड विद्युतीकरण :** बीते वर्ष में भारतीय रेल द्वारा 6 हजार 500 रूट किलोमीटर से ज्यादा का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया गया है। 5 हजार किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण एवं गेज परिवर्तन किया गया है।
- **स्वचलित सिग्नलिंग की सुविधा:** 500 किलोमीटर से अधिक मार्ग पर स्वचालित सिग्नलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 500 से अधिक स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की सुविधा प्रदान की गई है। वहीं 100 से अधिक फ्लाईओवर एवं अंडरपास बनाए गए हैं। केवल इतना ही नहीं रिकॉर्ड फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी किया गया है।
- **30 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल :** स्टेशनों पर रिकॉर्ड संख्या में लिफ्ट और एस्केलेटर्स लगाए गए हैं। इसके अलावा इस रिकॉर्ड तादाद में लोको प्रोडक्शन भी किया गया है और 30 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित किए गए हैं। विरासत भी और विकास भी, के मंत्र को साकार करते हुए भारतीय रेल देश के विभिन्न टूरिस्ट सर्किट्स में भारत गौरव ट्रेन का संचालन कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है।
- **दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क :** आज भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। मार्च, 1969 को देश की पहली सुपरफास्ट ट्रेन ब्रॉडगेज लाइन पर दिल्ली से हावड़ा के बीच चलाई गई थी। अब तो चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल बनकर तैयार है। इस रेल पुल की ऊंचाई पेरिस के एफिल टॉवर से भी ज्यादा है। इस रेल पुल पर अगले साल से रेल आवागमन शुरू होने की उम्मीद है।

भारतीय रेल का समृद्ध इतिहास

भारतीय रेल का अपना 170 वर्षों से अधिक का समृद्ध इतिहास रहा है, जो मूर्त और अमूर्त दोनों धरोहरों की एक व्यापक भव्यता को प्रस्तुत करता है। भारतीय रेल के चार विश्व धरोहर स्थल, जिनमें दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (1999), नीलगिरी माउंटेन रेलवे (2005), कालका शिमला रेलवे (2008) और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, मुंबई (2004) शामिल हैं।

- **दार्जिलिंग हिमालयी रेलवे :** यह भारत में पहाड़ी यात्री रेल सेवा का पहला बेहतरीन उदाहरण है। इसकी शुरुआत साल 1879 और 1881 के बीच में दार्जिलिंग स्टीम ट्रामवे कंपनी ने की थी। ब्रिटिश काल के दौरान सर एशले ईडन पश्चिम बंगाल के लेफ्टिनेंट गवर्नर थे। उन्होंने एक समिति बनाई जिस पर पूर्वी बंगाल रेलवे कंपनी के एजेंट फ्रेंकलिन प्रेस्टेज का भी साथ मिला और इस नायाब रेल सेवा की शुरुआत हो सकी। रेलवे लाइन को बनाने का काम साल 1879 में शुरू हुआ था। इसे जुलाई 1881 में पूरा कर लिया गया था। हालांकि, 15 जुलाई 1881 को कंपनी ने इसका नाम बदलकर दार्जिलिंग हिमालयी रेलवे कंपनी रख दिया। इसके बाद 20 अक्टूबर 1948 को दार्जिलिंग हिमालयी रेलवे कंपनी को भारत सरकार ने अधिग्रहित कर लिया था। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से दार्जिलिंग के बीच स्थित यह रेलवे ट्रैक 88 किमी लंबा है। साल 1999 में यूनेस्को ने इसे विश्व विरासत में शामिल किया।
- **नीलगिरी माउंटेन रेलवे :** नीलगिरी माउंटेन रेलवे को द टॉय ट्रेन ऑफ साउथ भी कहा जाता है। तमिलनाडु में 'ब्लू माउंटेंस' के नाम से जानी जाने वाली नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित यह पर्वतीय शहर उडगमंडलम को मट्टुपलयम शहर से जोड़ता है। इसके निर्माण का काम साल 1908 में शुरू हुआ था। इस रेलमार्ग पर चलने वाली रेलगाड़ी अपनी यात्रा के दौरान 208 मोड़ों, 16 सुरंगों और 250 पुलों से होकर गुजरती है। जुलाई 2005 में यूनेस्को ने नीलगिरी पर्वतीय रेलवे को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता दी थी।
- **कालका-शिमला रेलवे :** यह हिमाचल प्रदेश में हिमालय के तलहटी में स्थित है। इस रेलवे का निर्माण दिल्ली-अंबाला-कालका रेलवे कंपनी ने किया था। 7,234 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस रेलवे ट्रैक की साल 1898 में 2 फीट की छोटी लाइन वाली पटरियों के साथ शुरुआत हुई थी। इसलिए इसे 'ए सिनिक नैरो गेज रेलवे' भी कहा जाता है। इस रेल ट्रैक की लंबाई 96 किलोमीटर से अधिक है। इसे 9 नवंबर, 1903 को यातायात के लिए खोल दिया गया था। साल 1905 में भारतीय युद्ध विभाग द्वारा निर्धारित पैरामीटर को देखते हुए इस लाइन को 2 फीट 6 इंच कर दिया गया था। इस सेक्शन पर 103 सुरंग और 864 पुल हैं। इसी के लिए शिमला में आखिरी सुरंग का नाम 103 सुरंग रख दिया गया है। इसके ऊपर बने बस स्टॉप को भी अंग्रेजों के जमाने से 103 स्टेशन ही कहा जाता है। इस पूरी परियोजना को एच.एस. हेरलिंगटन ने शुरू किया था। इसका उद्घाटन उस समय के वायसराय लार्ड कर्जन ने किया था। 1 जनवरी, 1906 में रेलवे ने इसे 1.71 करोड़ रुपये में खरीद लिया। साल 2008 में यूनेस्को ने इसे विश्व विरासत का दर्जा दिया।
- **छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस :** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस) ने 20 मई, 2018 को अपने निर्माण के 130 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह वास्तु-कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस भवन का डिजाइन वास्तुकार फ्रेडरिक स्टीवेंस ने तैयार किया था। इसके निर्माण में एक दशक का समय लगा तथा 16,13,863 रुपये की लागत आई थी। स्टीवेंस के द्वारा डिजाइन किए गए इस ऐतिहासिक टर्मिनस को उस समय एशिया के सबसे बड़े भवन का दर्जा हासिल था। 1996 में इसका नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस तथा जुलाई 2017 में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रखा गया। 2004 में यूनेस्को ने इस भवन को वास्तु कला की उत्कृष्टता के लिए विश्व विरासत की सूची में स्थान दिया। गॉथिक शैली में डिजाइन किए गए इस भवन को भारतीय संदर्भ के अनुरूप निर्मित किया गया था।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **किस देश ने वर्ष 2022 में एफआईएच महिला वर्ल्ड कप जीता है?**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) नीदरलैंड (द) स्पेन

2. **बजरंग लाल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) टेबल टेनिस (ब) नौकायन
(स) तैराकी (द) कुश्ती

3. **वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर हैं?**
(अ) प्रकाश पादुकोण
(ब) समीर वर्मा
(स) किदांबी श्रीकांत
(द) पुलैला गोपीचंद

4. **भारत ने अब तक कितनी बार एशियाई खेलों की मेजबानी की है?**
(अ) दो बार
(ब) तीन बार
(स) चार बार
(द) इनमें से कोई नहीं

5. **खो-खो खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?**
(अ) आठ (ब) नौ
(स) दस (द) बारह

6. **वर्ष 2020 में इनमें से किस खिलाड़ी को अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है?**
(अ) सविता पूनिया
(ब) दीप्ति शर्मा
(स) अदिति अशोक
(द) दिव्या काकरान

7. **इनमें से कौन-सा खिलाड़ी फॉर्मूला वन रेसिंग से संबंधित नहीं है?**
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) मैक्स वर्स्टापन
(स) माइकल शूमाकर
(द) अमौंड डूप्लेंटिस

8. **इस वर्ष वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की जाएगी?**
(अ) बर्लिन
(ब) लंदन
(स) बुडापेस्ट
(द) लॉस एंजेलिस

9. **बास्केटबॉल खेल को ओलिंपिक खेलों में किस वर्ष शामिल किया गया है?**
(अ) वर्ष 1924 (ब) वर्ष 1936
(स) वर्ष 1948 (द) वर्ष 1952

10. **एशियन गेम्स-2018 में कबड्डी में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?**
(अ) भारत (ब) द. कोरिया
(स) थाईलैंड (द) ईरान

11. **रणजी ट्रॉफी-2022 में किस गेंदबाज ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?**
(अ) जलज सक्सेना
(ब) जयदेव उनदकट
(स) अर्शदीप सिंह
(द) सारांश जैन

12. **योगेश्वर दत्त ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक जीता है?**
(अ) वर्ष 2008
(ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2016
(द) इनमें से कोई नहीं

13. **आईपीएल-2023 में इनमें से कौन-सा नया नियम शामिल किया गया है?**
(अ) इम्पैक्ट प्लेयर (ब) पॉवर प्ले
(स) सुपर ओवर (द) फ्री हिट

14. **भारत ने किस वर्ष फीफा अंडर-17 फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी?**
(अ) वर्ष 2012 (ब) वर्ष 2014
(स) वर्ष 2015 (द) वर्ष 2017

15. **नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान किस शहर में स्थित है?**
(अ) कोलकाता (ब) कानपुर
(स) पटियाला (द) देहरादून

16. **वर्ष 2022 में किस क्लब ने कोपा इटेलियन कप का खिताब जीता है?**
(अ) एसी मिलान
(ब) इंटरनेजियोनेल
(स) जुवेंट्स
(द) नेपोली

17. **इंटरनेशनल एमेच्योर एथलेटिक फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में है?**
(अ) स्वीडन (ब) अमेरिका
(स) मोनाको (द) सिंगापुर

18. **एंजो फर्नांडिज किस देश के युवा फुटबॉलर हैं?**
(अ) ब्राजील (ब) अर्जेंटीना
(स) बेल्जियम (द) क्रोएशिया

19. **शुभमन गिल ने किस देश के खिलाफ वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक बनाया है?**
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) अफगानिस्तान
(स) वेस्टइंडीज
(द) जिम्बाब्वे

20. **रोहित शर्मा ने आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप-2019 में कितने शतक बनाये थे?**
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पांच

21. **रॉबर्ट लेवानडोवस्की वर्तमान में किस क्लब के लिए प्रोफेशनल फुटबॉल खेल रहे हैं?**
(अ) बार्सिलोना
(ब) बायर्न म्युनिख
(स) पेरिस सेंट जर्मेन (द) चेल्सी

22. **वर्ष 2022 में कनाडा ने किस देश को हराकर डेविस कप जीता है?**
(अ) क्रोएशिया (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जापान (द) स्विट्जरलैंड

23. **वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेल कहां आयोजित किए गए थे?**
(अ) ग्लास्गो (ब) बर्मिंघम
(स) नई दिल्ली (द) क्वालालंपुर

24. **रोजर फेडरर ने कितनी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीता है?**
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) पांच बार (द) छह बार

25. **वर्ष 2024 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप कहां खेला जायेगा?**
(अ) वेस्टइंडीज (ब) न्यूजीलैंड
(स) श्रीलंका (द) इंग्लैंड

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (स), 4. (अ), 5. (ब), 6. (अ), 7. (द), 8. (स), 9. (ब), 10. (द), 11. (अ), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (द), 21. (अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (द), 25. (स)

पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन कोविड-19 के बाद विश्व बाजार में भारतीय ब्रांडेड कपड़ों व डिजाइन की मांग और खपत ने टेक्सटाइल सेक्टर में कॅरियर को जो ऊंचाई प्रदान की है, वह शायद पहले कभी देखने को नहीं मिली है। फैशन जगत के विस्तार ने तो टेक्सटाइल के क्षेत्र में क्रांति ही ला दी है और इस क्रांति से युवाओं के लिए कॅरियर का एक और संभावनाओं से भरपूर मार्ग प्रशस्त हुआ है। खासतौर से टेक्सटाइल डिजाइनिंग एवं इंजीनियरिंग के सुनहरे भविष्य के मद्देनजर अगर इसे दुनिया की एक बड़ी उभरती इंडस्ट्री कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

मेगा टेक्सटाइल पार्क से बढ़ेंगे रोज़गार के अवसर

केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने के लिए 4,445 करोड़ रुपये की पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है। यह योजना प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन-फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है। वहीं, एक हजार एकड़ में बनने वाले इस पार्क की खासियत यह है कि यहां टेक्सटाइल सेक्टर की पूरी वैल्यू चेन को ध्यान में रखकर इंटीग्रेटेड यूनिट लगेंगे, जहां प्लग एंड प्ले सुविधा के साथ प्रशिक्षण और शोध की सुविधाएं भी होंगी। आने वाले दिनों में इससे टेक्सटाइल इंडस्ट्री में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख से अधिक नौकरियां सृजित होंगी। वैसे भी, देश में कृषि के बाद कपड़ा उद्योग ही वह सेक्टर है, जहां सबसे अधिक संख्या में लोगों को रोज़गार मिला हुआ है। देश का यह सेक्टर कपड़ा और परिधान के मामले में दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। माना जा रहा है कि 2025 तक टेक्सटाइल इंडस्ट्री की विकास दर 12 प्रतिशत तक रह सकती है।

मध्यप्रदेश में पीएम मित्र-मेगा टेक्सटाइल पार्क से बढ़ेंगे रोज़गार

मध्यप्रदेश के धार जिले में 'पीएम मित्र' मेगा टेक्सटाइल पार्क बनेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मध्यप्रदेश के धार जिले में 'पीएम मित्र' मेगा एकीकृत टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिए अभिनंदन किया है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए पारिस्थितिकी-तंत्र अच्छी तरह से विकसित है। राज्य में कच्चे माल (जैसे-कपास, रेशम और मानव निर्मित फाइबर) की उपलब्धता और एक प्रगतिशील कपड़ा नीति ढांचा है। राज्य ने देशभर से इस क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित किया है। मध्यप्रदेश कपास का

उत्पादन करता है, इसमें कपास को सूत में बदलने के लिए ओटाई और कताई इकाइयां भी हैं, जिन्हें कपड़े में परिवर्तित किया जाता है। वर्तमान में राज्य में परिधान इकाइयां भी हैं। राज्य की इकाइयां कपास, सूत और वस्त्र निर्यात करती हैं। कपड़ा क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना में मध्यप्रदेश को सर्वाधिक 3,513 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। पीएम मित्र पार्क योजना 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के दृष्टिकोण को पूरा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी।

टेक्सटाइल सेक्टर में कॅरियर

टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपनी कुशलता के आधार पर विभिन्न पदों में कॅरियर बना सकते हैं। यदि आपकी डिजाइनिंग में रुचि है, तो इससे संबंधित कोर्स करके डिजाइनर, स्टाइलिस्ट, टेक्नोलाजिस्ट, क्लर्सिस्ट या फिर सेल्स और मार्केटिंग जैसे किसी भी क्षेत्र में अपने लिए जॉब तलाश सकते हैं। सरकार के अधीन विभिन्न संस्थाओं, जैसे कि सिल्क, हैंडलूम, खादी, जूट और क्राफ्ट से जुड़े प्रतिष्ठानों/संगठनों में भी कई तरह की नौकरियों के मौके हैं। टेक्सटाइल कंपनियों के अलावा होजरी एवं होम फर्निशिंग एक्सपोर्ट फर्म्स में भी इसके प्रोफेशनल्स को नौकरियों में प्राथमिकता मिलती है। वैसे देखा जाए, तो सबसे अधिक मौके टेक्सटाइल डिजाइनर के लिए हैं। एक डिजाइनर के रूप में किसी एक्सपोर्ट हाउस या रिटेल हाउस में मार्केटिंग और मर्चेंडाइजिंग की जॉब पाने के अलावा अपना खुद का फैशन हाउस/आउटलेट भी खोल सकते हैं। अमेजन जैसी ई-कामर्स कंपनियों में भी ऐसे क्रिएटिव लोगों के लिए नौकरी के अच्छे मौके हैं। टेक्सटाइल में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले युवा निफ्ट जैसे फैशन डिजाइनिंग से जुड़े कालेज/संस्थानों में अध्यापन भी कर सकते हैं। ऑनलाइन बिजनेस के इस दौर में इंडस्ट्री का अनुभव हासिल करके इस क्षेत्र में अपना स्टार्टअप/बुटीक या फैशन स्टोर भी शुरू कर सकते हैं।

कॅरियर की स्किल्स

टेक्सटाइल परिधान/फैशन से जुड़ा क्षेत्र है, इसलिए इस फील्ड में आने के लिए आप में क्रिएटिविटी का होना बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा आप इनोवेटिव और क्रिएटिव सेंस वाले होंगे, उतनी जल्दी इस इंडस्ट्री में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, टेक्सटाइल मैटीरियल, फैब्रिक और टेक्सचर की भी समझ होनी चाहिए। नई-नई तकनीक और मार्केट ट्रेंड की जानकारी के लिए नियमित रूप से अपडेट रहना होगा। इस फील्ड में जाने के लिए आपके अंदर कई स्किल का होना जरूरी है जैसे कम्युनिकेशन स्किल्स, कम्प्यूटर स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स होनी जरूरी हैं। इसके अलावा उनमें चीजों की बारीकियों पर ध्यान देने की क्षमता, लॉजिकल थिंकिंग और क्रिएटिविटी होनी भी जरूरी है।

शैक्षिक योग्यताएं व संस्थान

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री से लेकर डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स संचालित हो रहे हैं। अगर डिग्री कोर्स करना चाहते हैं, तो इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं है, जबकि पीजी डिप्लोमा कोर्स ग्रेजुएशन के बाद किया जा सकता है। सबसे अच्छी बात है कि ये कोर्स किसी भी स्ट्रीम के स्टूडेंट कर सकते हैं। लेकिन अगर टेक्सटाइल इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक करना चाहते हैं, तो फिर जेईई क्लियर करके ही इस कोर्स में प्रवेश पा सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

देश भर में मैंगनीज नगरी के नाम से प्रसिद्ध है बालाघाट

बालाघाट, मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 1 नवंबर 1956 को किया गया था। इस जिले की सीमाएं छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र राज्य से लगती हैं। इसके पश्चिम में सिवनी तथा उत्तर में मंडला जिला स्थित है। यह जिला इतिहास एवं पुरातत्व की दृष्टि से समृद्ध है और अपनी अकूत खनिज संपदा व विशेष प्राकृतिक आकृति के लिए देश भर में जाना जाता है।

बालाघाट शहर को पहले 'बुरहा' कहा जाता था, लेकिन बाद में इसका नाम 'बालाघाट' से बदल दिया गया, जो मूल रूप से केवल जिले का नाम था। बालाघाट का अर्थ है 'घाटों के ऊपर या पास।' ब्रिटिश शासन के दौरान इस स्थान का मूल नाम बारहघाट था। ऐसा भी कहा जाता है कि जिले में पहाड़ी घाटों की संख्या अधिक होने के कारण इसका बारहघाट नाम था जो बाद में बालाघाट हो गया।

मध्यप्रदेश में बालाघाट धान उत्पादन में अग्रणी जिला है इसीलिए इसे प्रदेश का धान का कटोरा भी कहा जाता है। बालाघाट मैंगनीज नगरी के नाम से भी मशहूर है, क्योंकि देश में लगभग 80 प्रतिशत मैंगनीज का उत्पादन बालाघाट जिले से होता है। बालाघाट जिले की बैहर तहसील का मलाजखंड अपने तांबे की खदानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर बड़ी मात्रा में तांबे के सुरक्षित भंडारों का पता चला है।

इतिहास

18वीं शताब्दी की शुरुआत में, बालाघाट जिला दो गोंड साम्राज्यों के बीच बांटा गया था, वैनगंगा के पश्चिम में जिले का हिस्सा देवगढ़ के गोंड साम्राज्य का, जबकि पूर्वी हिस्सा गढ़-मंडला साम्राज्य का हिस्सा था। 1743 में नागपुर के भोंसले मराठों द्वारा देवगढ़ साम्राज्य पर कब्जा कर लिया गया था और इसके तुरंत बाद जिले के उत्तरी खंड पर विजय प्राप्त हुई थी। यह खंड, गढ़-मंडला साम्राज्य के बाकी हिस्सों के साथ, 1781 में सागर के मराठा प्रांत में, फिर मराठा पेशवा के नियंत्रण में रहा। 1798 में भोंसलों ने पूर्व गढ़-मंडला क्षेत्रों को भी जीत लिया। 1818 में, तीसरे एंग्लो-मराठा युद्ध के समापन पर, नागपुर क्षेत्र ब्रिटिश भारत की रियासत बन गया। 1853 में बालाघाट जिला समेत पूरे नागपुर क्षेत्र पर अंग्रेजों द्वारा कब्जा कर लिया गया और नागपुर नया प्रांत बन गया। तब बालाघाट जिले को सिवनी और भंडारा के ब्रिटिश जिलों में विभाजित किया गया था। 1861 में नागपुर प्रांत को केंद्रीय प्रांतों में पुनर्गठित किया गया था।

बालाघाट जिले का गठन भंडारा, मंडला और सिवनी जिलों के हिस्सों के सम्मिलन के दौरान 1867 के दौरान हुआ था। प्रशासनिक रूप से, जिले को केवल दो तहसील में विभाजित किया गया था, जिसमें पठार क्षेत्र और दक्षिण में बालाघाट तहसील शामिल थी। नया जिला केंद्रीय प्रांतों के नागपुर डिवीजन का हिस्सा था।

19वीं शताब्दी के मध्य में, जिले का ऊपरी हिस्सा हल्के ढंग से बस गया था। जिले के पहले डिप्टी-कमिश्नर, कर्नल ब्लूमफील्ड को बालाघाट जिले के निर्माता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने वैनगंगा घाटी से पंवार राजपूतों को आमंत्रित कर बैहर तहसील में बसने के लिए प्रोत्साहित किया। उस समय लछमन पंवार ने परसवाड़ा पठार के पहले गांवों की स्थापना की। मलाजखंड एशियाई क्षेत्र में सबसे लोकप्रिय तांबे की खदान है।

अर्थव्यवस्था

जिले में धान, मोटा अनाज और दलहन, वैनगंगा नदी घाटी के उपजाऊ क्षेत्र में उगने वाली प्रमुख फसलें हैं। बालाघाट जिला कृषि व्यापार और मैंगनीज खदानों का प्रमुख केंद्र है। यहां एशिया की सबसे बड़ी मैंगनीज खदान है। मलाजखंड तांबा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। देश में लगभग 80 प्रतिशत मैंगनीज का उत्पादन बालाघाट जिले से होता है। बॉक्साइट, कानाइट, संगमरमर, डोलोमाइट, मिट्टी और चूना पत्थर जिले के अन्य मुख्य खनिज हैं। बालाघाट जिले में मलाजखंड कॉपर प्रोजेक्ट (MCP) और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रम हैं।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर 1956
2. संभाग- जबलपुर
3. जिला मुख्यालय- बालाघाट
4. क्षेत्रफल- 9245 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 17,01,698 (पुरुष- 8,42,178 ,महिला - 8,59,520)
6. लिंग अनुपात- 1021
7. जन घनत्व- 184 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 78.29%
9. तहसीलें- 11 (बालाघाट, बैहर, कटंगी, वारासिवनी, खैरलांजी, किरनापुर, तिरोड़ी, बिरसा, लालबर्रा, लांजी, परसवाड़ा)
10. नगर परिषद- 5
11. ग्राम पंचायत- 692
12. ग्राम- 1384
13. जनपद पंचायत- 10
14. नगर पालिका- 1
15. विधानसभा क्षेत्र- 6 (बालाघाट, बैहर, कटंगी, लांजी, परसवाड़ा, वारासिवनी)
16. लोकसभा क्षेत्र- 01 (बालाघाट)

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- बालाघाट जिला प्राचीनकाल में 6वीं शती ई. में चेदी जनपद के अंतर्गत रहा और वहीं से सभ्यता एवं संस्कृति के विकास की धारा बहती रही। बालाघाट जिले के लांजी, बैहर, रामपायली, लामटा और उसके आसपास के क्षेत्रों में गरुड़ वाहन विष्णु, सूर्य, नाग-नागिन का जोड़ा, द्वार स्तंभ (ब्रह्मा, विष्णु, महेश), नरसिंह, सती स्तंभ, सिंहदेव, शिव द्वार, यक्ष-यक्षिणी, अश्वारोही, सहित अनेक श्रृंगारयुक्त मूर्तियां व जैन संस्कृति के प्रत्यक्ष प्रमाण मिले हैं।
- बालाघाट जिले में स्थित हड्डा की बावड़ी एक प्रमुख दर्शनीय स्थान है। इसका निर्माण 17वीं-18वीं शताब्दी में हड्डा ग्राम के प्राचीन किले में गोंड राजा हटे सिंह वल्के ने कराया था। गोंड काल के बाद मराठा और भोंसले साम्राज्य में भी इसका उपयोग होता रहा है। इस वजह से बावड़ी में उस काल की कलाकृतियां भी देखने को मिलती हैं। यह बावड़ी दो मंजिला है। बावड़ी के प्रवेश द्वार पर चतुर्भुजी शिव और अंबिका की प्रतिमाओं की नक्काशी की गई है।
- कान्हा टाइगर रिजर्व, जिसे कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भी कहा जाता है, देश में बाघों के बड़े अभयारण्यों में से एक है और मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। वर्तमान में यह दो जिलों मंडला और बालाघाट में 940 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यह आधिकारिक रूप से शुभंकर, 'भूरसिंह द बारासिंघा' का परिचय कराने वाला देश का पहला बाघ अभयारण्य है।
- जिले की धार्मिक नगरी के नाम से प्रसिद्ध रामपायली का ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान है। स्थानीय लोगों के अनुसार, श्री राम मंदिर का निर्माण 600 साल पहले मराठा भोंसले ने नदी के तट पर एक किले के रूप में वैज्ञानिक तरीके से किया था।
- जिले की लांजी तहसील में कल्चुरी वंश के राजाओं ने किले का निर्माण कराया था जिसे वर्तमान में लांजी के किले के नाम से जाना जाता है। यह किला सुरक्षा की दृष्टि से एक उत्कृष्ट महल था। किले में कई मंदिर हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

खेल चर्चा

संदीप लामिछाने ने वन-डे में लिए सबसे तेज 100 विकेट

कीर्तिपुर, नेपाल के युवा गेंदबाज संदीप लामिछाने ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मे इतिहास रच दिया है। लामिछाने ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया है। लामिछाने ने अपने 42वें वन-डे मैच में 100 विकेट पूरे किए हैं। लामिछाने ने यह उपलब्धि एसीसी प्रीमियर कप में ओमान के खिलाफ खेलते हुए बनाई। इस मैच में लामिछाने ने 8 ओवर में 45 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान के नाम दर्ज था। राशिद ने वर्ष 2018 में अपने 44वें वन-डे मैच में 100 विकेट झटके थे। संदीप आईपीएल में भी खेल चुके हैं।

ईगा स्वितेक ने जीता स्टटगार्ट ओपन टूर्नामेंट

स्टटगार्ट, विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक ने स्टटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में स्वितेक ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। मैच के पहले सेट में स्वितेक के सामने सबालेंका ने कई खराब शॉट खेले जिसका फायदा स्वितेक को मिला। दूसरे सेट में सबालेंका ने पलटवार की कोशिश की, लेकिन स्वितेक ने बेहतरीन खेल दिखाया और सबालेंका को आसानी से हरा दिया। ईगा स्वितेक ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है। स्वितेक ने वर्ष 2022 में भी आर्यन सबालेंका को हराकर स्टटगार्ट ओपन जीता था। स्वितेक के टेनिस कॅरियर का यह 13वां डब्ल्यूटीए खिताब है।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान से बराबर की ट्वेंटी-20 सीरीज

रावलपिंडी, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान की 98 रनों की पारी की बदौलत पहली पारी में 5 विकेट खोकर 193 रनों का विशाल स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम एक समय 26 रन पर 3 विकेट गंवा कर संकट में घिर गई थी। इसके बाद मार्क चेपमैन ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों में 104 रनों की पारी खेली। चेपमैन ने जेम्स नीशम (45) के साथ मिलकर 121 रनों की नाबाद साझेदारी कर न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। इससे पहले पाकिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 88 रन और दूसरा मैच 38 रन से जीता था। सीरीज का तीसरा मैच न्यूजीलैंड ने 4 रन से जीता वहीं चौथा मैच रद्द हो गया था।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल

भारतीय टीम में रहाणे की वापसी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 सदस्यीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। टीम में अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की वापसी हुई है, वहीं बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और स्पिनर कुलदीप यादव को फाइनल के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 7 जून से लंदन के ओवल मैदान पर खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने कहा कि भारतीय टीम में मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण रहाणे को टीम में जगह मिली है। विगत दिनों में अजिंक्य रहाणे ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। रहाणे ने भारत के लिए 82 टेस्ट मैच खेले हैं और 12 शतक सहित 4931 रन बनाये हैं। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। खराब प्रदर्शन के कारण रहाणे को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद रहाणे घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे उनकी

टीम में वापसी हुई है।

भारतीय टेस्ट टीम में रहाणे के अलावा ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी वापसी करने में सफल हुए हैं। चयन समिति ने कहा कि इंग्लैंड की परिस्थिति के अनुसार शार्दुल गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। शार्दुल के टीम में होने से बल्लेबाजी में गहराई आयेगी, इसके अलावा शार्दुल गेंद को स्विंग कराने में सक्षम हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम भी हुई घोषित

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज के शुरुआती दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। टीम की कमान तेज गेंदबाज पैट कमिंस के पास रहेगी, वहीं स्टीव स्मिथ को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिश, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, मैट रेनशॉ, मिशेल स्टार्क और डेविड वॉर्नर को भी जगह मिली है।

भारतीय टीम इस प्रकार है- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, के एस भरत, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट।

सिडनी मैदान पर बना सचिन के नाम का गेट

सिडनी, भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम पर ऑस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट मैदान (एससीजी) पर एक गेट का अनावरण किया गया है। एससीजी ने सचिन के 50वें जन्मदिन के अवसर पर गेट का अनावरण किया। सचिन ने एससीजी में पांच टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में सचिन ने 157 की औसत से 785 रन बनाए हैं। सचिन ने एससीजी में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ष 2004 में 241 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। एससीजी द्वारा सम्मानित होने पर सचिन ने कहा कि भारत के बाहर सिडनी क्रिकेट मैदान मेरा पसंदीदा मैदान रहा है। ऑस्ट्रेलिया के वर्ष 1991-92 के मेरे पहले दौरे से ही एससीजी के साथ मेरी कुछ खास यादें जुड़ी हैं। एससीजी ने सचिन के अलावा वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा के नाम पर भी गेट का अनावरण किया।

मिकी आर्थर बने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मिकी आर्थर को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया है। पीसीबी ने कहा कि आर्थर आईसीसी वन-डे विश्वकप की तैयारियों में अहम भूमिका निभायेंगे। इसके अलावा आर्थर पाकिस्तान टीम के ऑस्ट्रेलियाई दौरे और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी टीम की कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे। आर्थर पर पाकिस्तान टीम के लिए एणनीति तैयार करने और उसे लागू कराने की जिम्मेदारी होगी।

एशियाई खेलों के लिए बैडमिंटन खिलाड़ियों के होंगे ट्रायल्स

नई दिल्ली, भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने आगामी एशियाई खेलों के लिए बैडमिंटन टीम चुनने के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल्स करने का निर्णय लिया है। यह ट्रायल 4 से 7 मई तक मोइनाबाद स्थित ज्वाला गुट्टा एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस में किया जायेगा।

बीएआई ने बताया कि दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु, एच एस प्रणय, चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी और त्रीसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल में जगह मिल गई है। ये खिलाड़ी 18 अप्रैल को जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष-20 में शामिल हैं। ऐसे में इन्हें ट्रायल में शामिल नहीं होना पड़ेगा।

विश्व चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता किदांबी श्रीकांत और कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को ट्रायल में खेलना पड़ेगा। इनके अलावा प्रियांशु राजावत, मिथुन मंजूनाथ औरबी साई प्रणीत नी खिलाड़ी पुरुष एकल वर्ग के ट्रायल में हिस्सा लेंगे। महिला एकल वर्ग के ट्रायल में लंदन ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल, आकर्षि कश्यप, मालविका बंसोड, अश्मिता चाहिला, अदिति भट्ट, उन्नति हुड्डा, अलीशा नायक, श्रियांशी वलीशेट्टी और अनुपमा उपाध्याय हिस्सा लेंगी।

तीरंदाजी विश्वकप में ज्योति ने जीते दो स्वर्ण पदक

अंतल्या, भारत की अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम ने तुर्की में आयोजित तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारत को दोहरी स्वर्णिम सफलता दिलाई है। टूर्नामेंट में ज्योति ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा और मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। इस विश्वकप में भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित चार पदक जीते हैं। भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज है।

ज्योति ने विश्वकप में पहला स्वर्ण पदक महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। इस स्पर्धा में ज्योति को कोलंबिया की सारा लोपेज से कड़ी टक्कर मिली। ज्योति ने फाइनल राउंड में लोपेज को 149-146 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक इटली की इलिसा रोनर ने जीता। इस जीत के साथ ही ज्योति ने विश्व चैम्पियनशिप 2021 में सारा लोपेज के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर किया है।

मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में ज्योति के जोड़ीदार ओजस देवतले थे। ज्योति और ओजस की जोड़ी ने स्पर्धा के फाइनल राउंड में चीनी ताइपे के चेन यी हुसुआन और चेन चीह लुन की जोड़ी को 159-154 से हराया। स्पर्धा में भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 160 में से 159 अंक अर्जित किए। भारतीय टीम महज एक अंक से विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गई।

बार्सिलोना ओपन

कार्लोस अलकराज ने जीता खिताब

बार्सिलोना, स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने बार्सिलोना ओपन का खिताब अपने नाम किया है। अलकराज ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 6-4 से हराया। अलकराज ने लगातार दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। अलकराज ने पिछल वर्ष टूर्नामेंट के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी पाब्लो करेनो बुस्टा को हराया था।

अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे अलकराज को दर्शकों का खूब समर्थन मिला। अलकराज ने सेमीफाइनल में डेन इवांस को आसानी से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जीत दर्ज करने में भी अलकराज को ज्यादा पेरशानी नहीं हुई। मैच में सितसिपास ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाये। वहीं अलकराज ने मैच में फोरहैंड, ड्रॉप शॉट्स और रिटर्न शॉट्स का बेहतरीन उपयोग किया।

- **राफेल नडाल ने सबसे ज्यादा 12 बार जीता है बार्सिलोना खिताब।**
- **अलकराज ने अब तक 9 एटीपी खिताब जीते हैं।**
- **स्टेफानोस सितसिपास तीन बार बार्सिलोना ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं।**

अलकराज मैच के पहले सेट से ही अपना दबदबा बनाने में सफल रहे। अलकराज के सटीक शॉट्स के सामने सितसिपास अपनी लय गंवा बैठे। अलकराज ने पहला सेट आसानी से 6-3 से जीता। दूसरे सेट में सितसिपास वापसी के लिए प्रयास करते नजर आये। सितसिपास ने अलकराज की सर्विस ब्रेक कर कुछ अंक अर्जित किए। इसके बाद अलकराज ने सितसिपास को कोई मौका नहीं दिया और लगातार अंक बंटोर कर दूसरा सेट भी 6-4 से अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीत कर बड़ा उलटफेर किया है। फाइनल मुकाबले में गोंजालेज और मोल्टेनी की जोड़ी ने वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की की शीर्ष वरीय जोड़ी को 6-3, 6-7, 10-4 से हराया।

ओंस जबेउर ने मैड्रिड ओपन से वापस लिया नाम

मेड्रिड, ट्यूनीशिया की युवा महिला टेनिस खिलाड़ी ओंस जबेउर ने मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। जबेउर स्टटगार्ट ओपन के सेमीफाइनल मैच में चोटिल हो गई थीं। जबेउर ने कहा कि मेरे पैर में चोट लगी है। इस चोट से उबरने के लिए मुझे समय लगेगा, इसलिए मैंने मैड्रिड ओपन से हटने का फैसला किया है। जबेउर पिछले वर्ष विम्बलडन और यूएस ओपन की उपविजेता रही थीं। उन्हें इस वर्ष फ्रेंच ओपन में जीत का दावेदार माना जा रहा है।

जबेउर की तरह चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा ने भी मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। प्लिस्कोवा ने घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। प्लिस्कोवा ने कहा कि मुझे फ्रेंच ओपन से पहले रोम में खेले जाने वाले एक टूर्नामेंट से पहले चोट से उबरने की उम्मीद है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

बाइडेन और हैरिस 2024 में फिर से लड़ेंगे चुनाव

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2024 में फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उपराष्ट्रपति

कमला हैरिस ने भी अगले साल फिर से चुनाव लड़ने की अपनी योजना की घोषणा की है। बाइडेन ने ट्वीट करके कहा, "हर पीढ़ी के पास एक क्षण होता है जहां उन्हें लोकतंत्र के लिए खड़ा होना पड़ता है। अपनी मौलिक स्वतंत्रता के लिए खड़े होना पड़ता है। मेरा मानना है कि यह हमारा क्षण है। इसलिए मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहा हूं। हमसे जुड़ें। आइए काम पूरा करें।" हैरिस ने कहा, "अमेरिकियों के रूप में, हम स्वतंत्रता में विश्वास करते हैं और हम मानते हैं कि हमारा लोकतंत्र केवल उतना ही मजबूत होगा जितना कि इसके लिए लड़ने की हमारी इच्छा। यही कारण है कि जो बाइडेन और मैं फिर से चुनाव लड़ रहे हैं।"

छठवें वन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया- 2023 का उद्घाटन

भारत में संस्कृति, जलवायु और सामाजिक गतिशीलता में जबरदस्त विविधता है- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में वन अर्थ वन हेल्थ

- **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से छठें वन अर्थ वन हेल्थ, एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया- 2023 को भारत की अध्यक्षता में जी-20 के साथ सह-ब्रांड किया है।**

- एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया- 2023 का उद्घाटन किया और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने देश के समावेशी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारों साल पहले भी भारत के लिए स्वास्थ्य संबंधी दृष्टिकोण सार्वभौमिक था, जब कोई वैश्विक महामारी नहीं थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वन अर्थ वन हेल्थ समान विश्वासों का पालन करता है और कार्रवाई में समान विचार का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा, "हमारी दृष्टि केवल मनुष्यों तक ही सीमित नहीं है। यह हमारे पूरे इकोसिस्टम तक फैला हुआ है। पौधों से लेकर जीव-जंतुओं तक, मिट्टी से लेकर नदियों तक,

जब हमारे आस-पास सब कुछ स्वस्थ है, तो हम स्वस्थ हो सकते हैं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर में कई हेल्थ केयर सिस्टम भारतीय पेशेवरों की प्रतिभा से लाभान्वित हुए हैं। भारत में स्वास्थ्य पेशेवरों के प्रशिक्षण और विविध अनुभवों के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत में संस्कृति, जलवायु और सामाजिक गतिशीलता में जबरदस्त विविधता है।' उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी प्रतिभाओं ने अपने असाधारण कौशल के कारण दुनिया का भरोसा जीता है जो विभिन्न परिस्थितियों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य के प्रति भारत का दृष्टिकोण हजारों वर्षों से समग्र रहा है। भारत में निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य की एक महान परंपरा है, योग और ध्यान जैसी प्रणालियां आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं जो अब वैश्विक आंदोलन बन गए हैं। उन्होंने आयुर्वेद का भी जिक्र किया जो कि तंदुरुस्ती का एक संपूर्ण विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी प्रतिभाओं ने अपने असाधारण कौशल के कारण दुनिया का भरोसा जीता है जो विभिन्न परिस्थितियों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर में कई हेल्थ केयर सिस्टम भारतीय पेशेवरों की प्रतिभा से लाभान्वित हुए हैं। भारत में स्वास्थ्य पेशेवरों के प्रशिक्षण और विविध अनुभवों के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत में संस्कृति, जलवायु और सामाजिक गतिशीलता में जबरदस्त विविधता है।' उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी प्रतिभाओं ने अपने असाधारण कौशल के कारण दुनिया का भरोसा जीता है जो विभिन्न परिस्थितियों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य के प्रति भारत का दृष्टिकोण हजारों वर्षों से समग्र रहा है। भारत में निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य की एक महान परंपरा है, योग और ध्यान जैसी प्रणालियां आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं जो अब वैश्विक आंदोलन बन गए हैं। उन्होंने आयुर्वेद का भी जिक्र किया जो कि तंदुरुस्ती का एक संपूर्ण विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि एक स्वास्थ्य के शारीरिक और मानसिक पहलुओं का ध्यान रखता है। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कवरेज योजना है। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह 500 मिलियन से अधिक भारतीय नागरिकों के चिकित्सा उपचार को कवर करता है, जहां 40 मिलियन से अधिक पहले ही कैशलेस और पेपरलेस तरीके से सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप नागरिकों ने लगभग 7 बिलियन डॉलर की बचत की है।

संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए वैश्विक प्रत्युत्तर को अलग नहीं किया जा सकता है और अब यह एक एकीकृत, समावेशी और संस्थागत प्रत्युत्तर का समय है। प्रधानमंत्री ने कहा, जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह हमारे फोकस क्षेत्रों में से एक है। हमारा लक्ष्य न केवल हमारे नागरिकों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाना है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभा इस दिशा में वैश्विक साझेदारी को मजबूत करेगी और उन्होंने 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' के आम एजेंडे पर अन्य देशों की साझेदारी की मांग की।

भारत-गुयाना

समकालीन दौर के लिए उपयुक्त साझेदारी बना रहे हैं : विदेश मंत्री

विदेश मंत्री श्री एस जयशंकर ने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के साथ भारत निर्मित नौका एमए लिशा को बेड़े में शामिल करने के कार्यक्रम में भाग लिया। इस नौका से देश के सुदूर अंदरुनी क्षेत्रों में संपर्क बढ़ेगा और आर्थिक अवसर मिलेंगे। इस नौका को कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। श्री जयशंकर ने अपने ट्वीट में लिखा है कि 'एमए लिशा का मतलब मित्रता से है। कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित नौका इसकी व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। इस नौका से गुयाना के भीतर संपर्क में वृद्धि होगी। इससे सुदूर अंदरुनी क्षेत्रों के लिए गतिशीलता और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे।' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, "कृषि, व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मा, नवीकरणीय सहित ऊर्जा, रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी, पर्यटन और विकास साझेदारी में पहल पर चर्चा की गई है।' विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने गुयाना के लोक निर्माण मंत्री देवदत इंदर के साथ ईस्ट बैंक-ईस्ट कोस्ट रोड लिंकेज प्रोजेक्ट स्थल का दौरा किया और श्रमिकों तथा वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

ऑस्ट्रेलिया करेगा क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी

ऑस्ट्रेलिया 24 मई को सिडनी में क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार ऑस्ट्रेलिया यह आयोजन करने जा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने एक ट्वीट में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि क्वाड एक खुले, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो

संप्रभुता का सम्मान करता है और सभी के लिए सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करता है। अल्बनीस ने कहा कि नेता इस बात पर चर्चा करेंगे कि सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्र को आकार देने के लिए क्वाड, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) और प्रशांत द्वीप समूह फोरम सहित भागीदारों और क्षेत्रीय समूहों के साथ कैसे काम कर सकता है। ज्ञात हो भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य हैं। यह एक अनौपचारिक समूह है, जिसे इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती राजनीतिक, वाणिज्यिक और सैन्य गतिविधि के खिलाफ संभावित बचाव के रूप में काम करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि चीन, क्वाड को भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपने बढ़ते प्रभाव के खिलाफ पीछे धकेलने के प्रयास के रूप में देखता है।

इफको नैनो डीएपी का लोकार्पण

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में इफको नैनो डीएपी (तरल) का लोकार्पण किया। श्री

- **वर्तमान में देश में 384 लाख मीट्रिक टन फर्टिलाइजर का उत्पादन होता है, जिसमें से 132 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन सहकारी समितियों द्वारा किया गया है।**
- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 24 फरवरी 2021 को नैनो यूरिया को मंजूरी दी थी और 2023 में लगभग 17 करोड़ नैनो यूरिया की बोतल बनाने का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर लिया गया है।**

अमित शाह ने कहा कि इफको नैनो डीएपी (तरल) प्रोडक्ट का लॉन्च फर्टिलाइजर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक



बहुत महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इफको का यह प्रयास सभी राष्ट्रीय सहकारी समितियों को अनुसंधान और नए क्षेत्रों में पदार्पण के लिए प्रेरित करने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इफको नैनो डीएपी (तरल) प्रोडक्ट का लॉन्च आने वाले दिनों में भारत के कृषि क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन लाएगा और किसानों की समृद्धि के अंदर बहुत बड़ा योगदान देगा और उत्पादन व फर्टिलाइजर के क्षेत्र में भारत को निश्चित रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। श्री शाह ने कहा कि तरल डीएपी के उपयोग से सिर्फ पौधे पर छिड़काव के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों को बढ़ाने के साथ-साथ भूमि का भी संरक्षण किया जा सकेगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे दानेदार यूरिया एवं डी.ए.पी. की जगह लिक्विड नैनो यूरिया एवं डी.ए.पी. का प्रयोग करें, यह उससे अधिक प्रभावी है। दानेदार यूरिया के उपयोग से भूमि के साथ-साथ फसल और उस अनाज को खाने वाले व्यक्ति की सेहत को भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी नई चीज को स्वीकारने की क्षमता अगर किसी में सबसे ज्यादा है तो वह किसान में है। नैनो तरल डीएपी की 500 मिली. की एक बोतल का फसल पर असर 45 किलो दानेदार यूरिया की बोरी के बराबर है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा

दुनिया के भविष्य के लिए बेहद अहम हैं भारत-अमेरिकी संबंध

भारत में नव-नियुक्त अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी का कहना है कि दुनिया के भविष्य के लिए भारत और अमेरिका के संबंध बेहद अहम हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश कई मुद्दों पर साथ मिलकर काम कर रहे हैं और इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। अमेरिकी संसद की इंडिया कॉकस सह-अध्यक्ष रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज ने यूएस इंडिया समिट का आयोजन किया था। इसी आयोजन में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करते हुए एरिक गार्सेटी ने यह बातें कही हैं। अपने संबोधन में गार्सेटी ने कहा कि हम दुनिया के प्रमुख लोकतंत्र हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी और पांचवीं

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। हमें दोनों देशों के लोग आपस में जोड़ते हैं और हम साथ मिलकर 21वीं सदी को दिशा दे सकते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।